राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 151
लखनऊ, रविवार 19 जनवरी 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



घरौनी बनाने में ड्रोन दीदी का भी लें सहयोग : सीएम योगी 03

स्वामित्व प्रमाण पत्र से गांव होगा मजबूत : जिलाधिकारी 12

पीएम मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से स्वामित्व योजना के तहत 65 लाख ग्रामीणों को बांटे संपत्ति कार्ड, कहा

# संपत्ति कार्ड से गरीबी उन्मूलन में मिलेगी मदद

समृद्धि न्यूज

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को संपत्ति का अधिकार और संपत्ति के कानूनी दस्तावेजों की कमी को वैश्विक चुनौती बताया और कहा कि संयुक्त राष्ट्र ने इस बात पर जोर दिया है कि गरीबी कम करने के लिए लोगों के पास संपत्ति का अधिकार होना चाहिए। उन्होंने कहा कि संपत्ति कार्ड से आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा तथा गरीबी उन्मूलन में मदद मिलेगी।

प्रधानमंत्री शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 10 राज्यों और 2 केंद्रशासित प्रदेशों के 230 से अधिक जिलों के 50,000 से अधिक गांवों में संपत्ति मालिकों को स्वामित्व योजना के तहत 65 लाख से अधिक संपत्ति कार्ड वितरित किए। उन्होंने आज के दिन को भारत के गांवों और ग्रामीण क्षेत्रों के लिए ऐतिहासिक बताया। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत संपत्ति के अधिकारों की वैश्विक चुनौती से अछूता नहीं है। लाखों-करोड़ों की संपत्ति होने के बावजूद, ग्रामीणों के पास अक्सर कानूनी दस्तावेजों की कमी होती है, जिससे विवाद होते हैं और यहां तक कि शक्तिशाली व्यक्तियों द्वारा अवैध कब्जा भी किया जाता है। उन्होंने कहा कि कानूनी दस्तावेजों के बिना बैंक भी ऐसी संपत्तियों से दूरी बनाए रखते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछली सरकारों ने इस मुद्दे को हल करने के लिए ठोस कदम नहीं उठाए। उन्होंने कहा कि 2014 में सरकार ने स्वामित्व योजना के माध्यम से संपत्ति के दस्तावेजीकरण की चुनौती से निपटने का फैसला किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि कोई भी संवेदनशील सरकार अपने ग्रामीणों को इस तरह के संकट में नहीं छोड़ सकती।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पांच साल पहले स्वामित्व योजना की शुरुआत की गई थी, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि ग्रामीण इलाकों में रहने वाले लोगों को उनके प्रॉपर्टी कार्ड मिलें। उन्होंने कहा कि पिछले पांच वर्षों में 1.5 करोड़ से ज़्यादा लोगों को स्वामित्व कार्ड दिए गए हैं। आज के कार्यक्रम में 65 लाख से ज़्यादा परिवारों को ये कार्ड मिल चुके हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि संपत्ति के अधिकार भूमि स्वामित्व पर विवादों को हल करेंगे, जैसे कि पंचायत भूमि और चरागाह क्षेत्रों की पहचान करना, जिससे ग्राम पंचायतें आर्थिक रूप से सशक्त होंगी। संपत्ति कार्ड गांवों में आपदा प्रबंधन को बढ़ाएंगे, जिससे आग, बाढ़ और भूस्खलन जैसी घटनाओं के दौरान मुआवजे का दावा करना आसान हो जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि किसानों के लिए भूमि विवाद आम बात है और भूमि दस्तावेज प्राप्त करना चुनौतीपूर्ण है, जिसके लिए अक्सर अधिकारियों के कई चक्कर लगाने पड़ते हैं और भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलता है। इन समस्याओं को कम करने के लिए भूमि रिकॉर्ड का डिजिटलीकरण किया जा रहा है।



**आर्थिक गतिविधियों को मिलेगा बढ़ावा, 'ग्राम स्वराज' को जमीन पर उतारने में लगी है सरकार**

### आधे से ज्यादा गांवों का ड्रोन से सर्वेक्षण पूरा

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में 6 लाख से ज़्यादा गांव हैं, जिनमें से लगभग आधे गांवों में ड्रोन सर्वेक्षण पूरा हो चुका है। उन्होंने कहा कि कानूनी दस्तावेज़ मिलने के बाद लाखों लोगों ने अपनी संपत्ति के आधार पर बैंकों से लोन लिया और अपने गांवों में छोटे-मोटे व्यवसाय शुरू किए। इनमें से कई लाभार्थी छोटे और मध्यम किसान परिवार हैं, जिनके लिए ये संपत्ति कार्ड आर्थिक सुरक्षा की एक बड़ी गारंटी बन गए हैं। दलित, पिछड़े और आदिवासी परिवार अवैध कब्ज़ों और लंबे अदालती विवादों से सबसे ज़्यादा प्रभावित हैं। कानूनी प्रमाणीकरण के साथ अब वे इस संकट से मुक्त हो जाएंगे। उन्होंने एक अनुमान का उल्लेख किया कि एक बार सभी गांवों में संपत्ति कार्ड जारी हो जाने पर, इससे 100 लाख करोड़ रुपये से ज़्यादा की आर्थिक गतिविधियां शुरू हो जाएंगी। प्रधानमंत्री ने इस बात पर ज़ोर दिया कि इससे देश की अर्थव्यवस्था में काफ़ी बड़ी पूंजी जुड़ेगी।

### मोदी सरकार में ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकार व सुरक्षा को मिला बढ़ावा



**प्रयागराज।** प्रयागराज में स्वामित्व योजना के तहत घरौनी कार्ड वितरण समारोह में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किये गए स्वामित्व कार्ड वितरित कार्यक्रम में उद्बोधन को सुना।उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आरम्भ की गई स्वामित्व योजना से गांव-गरीब अपने घरों के स्वामित्व का अधिकार प्राप्त कर रहे हैं। यह योजना केवल बैंक से ऋण प्राप्त करने में ही मदद नहीं करता, बल्कि भूमि विवादों को कम करने और महिलाओं को सम्पत्ति में उनके अधिकार सुरक्षित करने में भी सहायक है।

# सीतापुर के कांग्रेस सांसद राकेश राठौर पर दुष्कर्म का आरोप, केस

समृद्धि न्यूज

**सीतापुर।** उत्तर प्रदेश के सीतापुर लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस सांसद राकेश राठौर पर एक महिला के साथ दुष्कर्म के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। ,

पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा ने शनिवार को मीडियाकर्मियों को बताया कि कोतवाली नगर इलाके की रहने वाली महिला ने सांसद पर दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए मामले से जुड़े साक्ष्य प्रस्तुत किए थे। इसके आधार पर कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार रात को सांसद राठौर के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। महिला ने 15 जनवरी को कोतवाली में शिकायत दर्ज करायी थी। इसमें उसने बताया था कि पिछले चार सालों से शादी का झांसा देकर सांसद राकेश राठौर उसका शारीरिक शोषण कर रहे हैं। उन्होंने उसे राजनीतिक करियर में सहायता देने का आश्वासन भी दिया था। दोनों सजातीय हैं। पीड़िता ने पुलिस को इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य, कॉल रिकार्डिंग भी उपलब्ध कराया। साथ ही यह भी बताया कि सांसद द्वारा उसे धमकाया जा रहा है। इस मामले में पुलिस ने पीड़ित महिला की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया है।

### रेप के आरोप में पूर्व सपा नेता नवाब सिंह को जमानत

**कन्नौज।** पूर्व सपा नेता व पूर्व ब्लाक प्रमुख नवाब सिंह यादव को शनिवार को पॉक्सो कोर्ट से रेप मामले में जमानत मिल गई। बचाव पक्ष के वकीलों की दलीलों को सुनने के बाद न्यायालय ने उन्हें सशर्त जमानत दी है हालांकि अभी उन्हें गैंगस्टर मामले में जमानत करानी होगी, जिसके बाद ही जेल से रिहाई हो सकेगी। पूर्व सपा नेता की ओर से उनके अधिवक्ता अशोक कुमार जैन, आशुतोष कुमार मिश्रा और शिव कुमार यादव ने जमानत याचिका दाखिल की थी। जिसमें उन्होंने नवाब सिंह यादव पर लगाए गए केस को गलत और राजनीति से प्रेरित बताया। बचाव पक्ष के अधिवक्ताओं ने दावा किया कि नवाब सिंह यादव ग्रेजुएशन की पढ़ाई के समय छात्रसंघ अध्यक्ष रहे चुके हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### पूरे देश में जातिगत जनगणना होनी चाहिए : राहुल गांधी

**पटना।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि बिहार पेपर लीक का सेंटर बन गया है। पूरे देश में जातिगत जनगणना होनी चाहिए। उन्होंने बजट में पिछड़े समुदाय के प्रतिनिधित्व पर भी सवाल उठाया। एक दिवसीय बिहार दौरे पर पहुंचे राहुल गांधी पटना के बापू सभागार में संविधान सुरक्षा सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पूरे देश में जाति जनगणना कराने बाद विकास उसी के अनुसार होना चाहिए। राहुल ने कहा, इससे पता चलेगा कि किसकी कितनी आबादी है। नौकरशाही, शैक्षणिक संस्थानों और निजी कंपनियों में उनकी कितनी भागीदारी है।

### एयरपोर्ट पर 2.54 करोड़ का सोना व हीरे जब्त, तीन गिरफ्तार

**मुंबई।** सीमा शुल्क विभाग (कस्टम) की टीम ने बीती रात मुंबई एयरपोर्ट पर दो अलग-अलग मामलों में 2.465 किलोग्राम वजन का सोना और 248.65 कैरेट वजन का हीरा जब्त किया है। जब्त की गई वस्तुओं का कुल अनुमानित मूल्य 2.54 करोड़ रुपये है। इन मामलों में कस्टम की टीम ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। इन मामलों की छानबीन जारी है। कस्टम सूत्रों ने शनिवार को बताया कि कस्टम टीम ने विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर बीती रात मुंबई एयरपोर्ट पर निगरानी कर रही थी। कस्टम टीम ने बैंकॉक से आने वाले दो यात्रियों को रोका। गहन तलाशी में पता चला कि दोनों यात्रियों के शरीर के अंदर 24 कैरेट सोना छिपा हुआ था, जिसका वजन कुल 2.465 किग्रा था। इसे जब्त कर लिया गया।

### जम्मू : रहस्यमयी मौतों की जांच करेगी इंटर मिनिस्ट्रियल टीम

**नई दिल्ली।** गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में पिछले 6 सप्ताह में हुई रहस्यमयी मौतों की जांच के लिए इंटर मिनिस्ट्रियल टीम बनाने का आदेश दिया। इस टीम को गृह मंत्रालय लीड करेगा। इसमें स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, कृषि मंत्रालय, रसायन और उर्वरक मंत्रालय और जल संसाधन मंत्रालय के एक्सपर्ट्स शामिल होंगे। टीम 19 जनवरी से काम शुरू कर देगी।

## आवश्यकता

लखनऊ से प्रकाशित 12 पृष्ठीय हिंदी दैनिक समाचार पत्र को उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड राज्य के समस्त जनपदों हेतु जिला एवं तहसील स्तरीय संवाददाताओं की, जो खबरों के साथ समाचार पत्रों की व्यवसायिक क्षेत्रों में दक्षता रखते हों, केवल वही अपने पूर्ण विवरण के साथ सम्पर्क करें।

**समृद्धि न्यूज**
**202, रीजेंसी प्लाजा, द्वितीय तल, 5-पार्क रोड, सिविल हॉस्पिटल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001,**
**samradhinews@gmail.com**
**7985738649/9305748833**

### बुमराह, मोहम्मद शमी भारत की चैंपियंस ट्रॉफी टीम में शामिल, सिराज बाहर


**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने आगामी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 और इंग्लैंड के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला के लिए शनिवार दोपहर को 15 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा कर दी है। टीम में जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी और हार्दिक पांड्या सभी जगह बनाने में सफल रहे हैं। इन तीनों ने आखिरी बार 2023 विश्व कप में वनडे प्रारूप में हिस्सा लिया था। 15 सदस्यीय टीम की कमान रोहित शर्मा संभालेंगे जबकि शुभमन गिल उप कप्तान होंगे। मोहम्मद सिराज को बाहर कर दिया गया है। वहीं, इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में बुमराह की जगह हर्षित राणा टीम में होंगे। कप्तान रोहित शर्मा ने यहां आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कहा, हम बुमराह के बारे में निश्चित नहीं हैं, कि वह खेलेंगे या नहीं।

# आरजी कर कांड में संजय रॉय दोषी करार, कल होगा सजा का ऐलान

एजेंसी

**कोलकाता।** कोलकाता के आरजी कर हॉस्पिटल में ट्रेनी डॉक्टर से रेप और मर्डर केस में सियालदह कोर्ट ने 18 जनवरी को मुख्य आरोपी संजय रॉय को दोषी करार दिया। सजा का ऐलान सोमवार (20 जनवरी) को किया जाएगा। अदालत ने 162 दिन बाद फैसला सुनाया है।

सीबीआई ने आरोपी संजय के लिए फांसी की मांग की है। वहीं, संजय की बड़ी बहन ने कहा कि ट्रॉयल कोर्ट के इस फैसले को किसी भी अदालत में चुनौती देने की कोई योजना नहीं है। मुझे इस मामले में फंसाया गया है। मैंने यह काम नहीं किया। जिन्होंने ये काम किया है, उन्हें जाने दिया गया है। एक आईपीएस इसमें शामिल है। मैं रुद्राक्ष की माला पहनता हूं और अगर मैंने अपराध किया होता तो यह टूट जाती।



आरजी कर हॉस्पिटल में 8-9 अगस्त की रात ट्रेनी डॉक्टर का रेप-मर्डर हुआ था। 9 अगस्त की सुबह डॉक्टर की लाश सेमिनार हॉल में मिली थी। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने संजय रॉय नाम के सिविक वॉलंटियर को 10 अगस्त को अरेस्ट किया था। इस घटना के बाद कोलकाता समेत देशभर में प्रदर्शन हुए। बंगाल में 2 महीने से भी ज्यादा समय तक स्वास्थ्य सेवाएं ठप रही थीं।

### प्रयागराज महाकुंभ पहुंचे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह संगम में लगाई डुबकी

**महाकुंभनगर ।** केन्द्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह शनिवार को प्रयागराज महाकुम्भ पहुंचकर संगम में डुबकी लगाई। संगम स्नान के बाद पत्रकारों के बातचीत करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि मैं इसे अपना सौभाग्य मानता हूं कि परमात्मा ने मुझे यह अवसर प्रदान किया। आज प्रयागराज, संगम में स्नान करने के बाद मैं स्वयं को बहुत ही कृतार्थ महसूस कर रहा हूं। भारतीयता सांस्कृतिक एवं सनातन धर्म की आध्यात्मिक अनुभूति का यह पर्व है, जो प्राचीन वैदिक खगोलीय घटना पर आधारित है। रक्षामंत्री ने कहा कि यह गंगा, यमुना व सरस्वती के साथ सनातन धर्म की आध्यात्मिक, वैज्ञानिकता और साथ ही साथ सामाजिक समरसता का भी संगम है।

# अगले दो दिनों तक घने कोहरे की संभावना

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली सहित उत्तर पश्चिम भारत में अगले दो दिनों तक घने से अति घना कोहरा छाने का अनुमान है। इसके साथ ही पश्चिमी विक्षोभ के कारण 22 और 23 जनवरी, 2025 को उत्तर-पश्चिम भारत में बारिश होने की संभावना है।

भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार आगामी 24 घंटे में हरियाणा और पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में घने से बहुत घने कोहरे (दृश्यता < 50 मीटर) की संभावना है। पंजाब, पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में, राजस्थान, पश्चिमी मध्य प्रदेश, बिहार, मेघालय के अलग-अलग इलाकों में और उत्तराखंड, चंडीगढ़, पूर्वी मध्य प्रदेश और उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल के अलग-अलग इलाकों में घना कोहरा छाने की संभावना है और उसके बाद कोहरे की तीव्रता में कमी आएगी। इसके साथ पश्चिमी विक्षोभ के कारण 22 और 23 जनवरी, 2025 को उत्तर-पश्चिम भारत में बारिश होने की संभावना है।



**तापमान का पूर्वानुमान :** अगले 5 दिनों के दौरान उत्तर-पश्चिम भारत के मैदानी इलाकों में न्यूनतम तापमान में 3-5 डिग्री सेल्सियस की क्रमिक वृद्धि की संभावना है। अगले 3 दिनों के दौरान मध्य भारत में न्यूनतम तापमान में कोई महत्वपूर्ण परिवर्तन होने की संभावना नहीं है और उसके बाद 2-3 डिग्री सेल्सियस की क्रमिक वृद्धि होने की संभावना है। अगले 5 दिनों के दौरान पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र, पूर्वी और पश्चिमी भारत में न्यूनतम तापमान में कोई महत्वपूर्ण परिवर्तन होने की संभावना नहीं है।

**उत्तर पश्चिमी भारत में बारिश :** मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से 21 जनवरी तक पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में छिटपुट वर्षा एवं बर्फबारी होने की संभावना है। चूंकि पश्चिमी हवाओं में ट्रफ पूर्व की ओर बढ़ता है और बंगाल की खाड़ी से आने वाली दक्षिण-पूर्वी हवाओं के साथ संपर्क के कारण पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में वर्षा एवं बर्फबारी की संभावना है।

# भारत-अमेरिका के बीच साइबर अपराध जांच पर हुआ समझौता

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत और अमेरिका ने साइबर अपराध जांच में सहयोग बढ़ाने के लिए कल वाशिंगटन डीसी में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस समझौता ज्ञापन पर अमेरिका में भारत के राजदूत विनय क्वात्रा और कार्यवाहक अमेरिकी उप सचिव होमलैंड सुरक्षा क्रिस्टी कैनेगैलो ने हस्ताक्षर किए।

विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शनिवार को घोषणा की कि भारत और अमेरिका ने आपराधिक जांच में साइबर खतरे की खुफिया जानकारी और डिजिटल फोरेंसिक पर सहयोग और सूचना साझा करने को बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की है। विदेश मंत्रालय के अनुसार, भारत की ओर से भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी), गृह मंत्रालय समझौता ज्ञापन के निष्पादन के लिए जिम्मेदार है। अमेरिका की ओर से यह होमलैंड सुरक्षा विभाग और इसकी घटक एजेंसियां अमेरिकी आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन और होमलैंड सुरक्षा जांच साइबर अपराध केंद्र हैं। समझौता ज्ञापन दोनों देशों की संबंधित एजेंसियों को आपराधिक जांच में साइबर खतरे की खुफिया जानकारी और डिजिटल फोरेंसिक के उपयोग के संबंध में सहयोग और प्रशिक्षण के स्तर को बढ़ाने की अनुमति देता है।



### अरविंद केजरीवाल की गाड़ी पर पत्थर से हमला

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गाड़ी पर हमला होने का दावा किया है। पार्टी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसका वीडियो पोस्ट किया है। इसमें कुछ लोग काले झंडे दिखाते हुए केजरीवाल की गाड़ी के बेहद करीब पहुंच गए और पत्थरबाजी करने लग गए। दरअसल, केजरीवाल नई दिल्ली क्षेत्र में चुनाव प्रचार कर रहे थे बीजेपी प्रत्याशी प्रवेश वर्मा के गुंडों ने चुनाव प्रचार करते समय केजरीवाल पर ईंट-पत्थर से हमला किया। उन्हें चोट पहुंचाने की कोशिश की ताकि वो प्रचार ना कर सकें। केजरीवाल इस कायराना हमले से डरने वाले नहीं हैं। दिल्ली की जनता इसका करारा जवाब देगी। इससे पहले 30 नवंबर 2024 को दिल्ली के ग्रेटर कैलाश इलाके में केजरीवाल पर एक शख्स ने पानी फेंका था।

# जांच एजेंसियों को चकमा देकर दुबई भागा गुड्डू

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** बसपा विधायक राजू पाल हत्याकांड के गवाह उमेश पाल की हत्या में शामिल और माफिया अतीक अहमद का बेहद करीबी रहा शातिर अपराधी गुड्डू मुस्लिम जांच एजेंसियों को चकमा देकर दुबई फरार हो गया। केंद्रीय खुफिया एजेंसी ने यह सूचना यूपी पुलिस के साथ साझा की है।

केंद्रीय खुफिया विभाग के मुताबिक वह बीती 6 दिसंबर को कोलकाता एयरपोर्ट से एतिहाद एयरलाइंस की कोलकाता-दुबई फ्लाइट से गया है। उसने सैयद वसीमुद्दीन के नाम से फर्जी पासपोर्ट का इस्तेमाल किया। प्रयागराज पुलिस कमिश्नर और एसटीएफ कई महीनों तक उसे राजस्थान के अजमेर और ओडिशा के भुवनेश्वर समेत कई संदिग्ध ठिकानों पर छापेमारी की लेकिन गिरफ्तार करने में सफलता नहीं मिल सकी।हालांकि जांच एजेंसियां अब इस बात की जानकारी जुटा रही है कि आखिर गुड्डू मुस्लिम को भगाने में किसने मदद की। आशंका जताई जा रही है कि कोलकाता में माफिया अतीक अहमद के करीबी गद्दी बिरादरी के लोगों ने फरार होने में उसकी मदद की है। यह भी पता लगाया जा रहा है कि कहीं अतीक की पत्नी शाइस्ता और उसके भाई अशरफ की पत्नी जैनब भी तो दुबई फरार नहीं हो चुके हैं। उसके संपर्क की वजह से अतीक उस पर सबसे ज्यादा भरोसा करता था। गौरतलब है कि 24 फरवरी 2023 को प्रयागराज के धूमनगंज इलाके में उमेश पाल और उनके दो सरकारी गनर की हत्या कर दी गई थी। जिसमे गुड्डू मुस्लिम आरोपी था। पुलिस और एसटीएफ गिरफ्तारी के दबिश दे रही थी लेकिन वह लगातार फरार चल रहा है।



### यूपी के अंडरवर्ल्ड में बमबाज के नाम से मशहूर है गुड्डू मुस्लिम

यूपी के अंडरवर्ल्ड में बमबाज के नाम से मशहूर गुड्डू मुस्लिम, उर्फ गुड्डू शूटर को दबोचना पुलिस के लिए आसान नहीं रहा। शातिर अपराधी होने की वजह से वह पुलिस की चालों से हमेशा सावधान रहता है। इसी वजह से करीब 20 महीने की मशक्कत के बावजूद उसका सुराग नहीं लगा। अब उसके दुबई भागने के बाद एजेंसियों को मुश्किलें बढ़नी तय हैं। अतीक अहमद के संपर्क में आने से पहले वह यूपी के कई माफियाओं के लिए घटनाओं को अंजाम दे चुका था।

### अभिनेता सैफ अली पर हमले का संदिग्ध आकाश कन्नौजिया गिरफ्तार

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में आरपीएफ ने बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान पर हमला करने वाले संदिग्ध आरोपित को दुर्ग से एक एक्सप्रेस से ट्रेन से पकड़ लिया है। आरोपित का नाम आकाश कन्नौजिया है। आरपीएफ के आईजी के ने इसकी पुष्टि की है। आरपीएफ के आईजी मुन्नवर खुर्शीद ने बताया कि इस संदिग्ध आरोपित आकाश को मुंबई से हावड़ा जा रही ज्ञानेश्वरी सुपर फास्ट एक्सप्रेस से दोपहर बाद पकड़ा गया है। आरोपित ने अपना नाम आकाश कन्नौजिया बताया है। वह मुंबई के कोलावा का रहने वाला है और छिपने के लिए अपने नानी के घर जांजगीर चांपा (छत्तीसगढ़) जा रहा था। आरोपित आकाश कन्नौजिया ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस के जनरल डिब्बे में बैठकर सफर कर रहा था।

**उपलब्धि** | जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ देने व जल जीवन मिशन में सोलर पावर के उत्कृष्ट उपयोग में यूपी ने मारी बाजी

# उत्तर प्रदेश को प्रधानमंत्री पुरस्कार से किया जाएगा सम्मानित

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने विकास, जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ देने एवं जल जीवन मिशन परियोजना में सोलर पावर के उत्कृष्ट उपयोग में बाजी मारी है। इस उपलब्धि पर उत्तर प्रदेश को प्रधानमंत्री पुरस्कार पीएम अवार्ड के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। यह पुरस्कार दिल्ली में होने वाले कार्यक्रम में प्रदान किया जाएगा।



**योगी सरकार ने जल जीवन मिशन के तहत सोलर ऊर्जा का उपयोग करते हुए न केवल पर्यावरण संरक्षण को प्रोत्साहन दिया है, ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों में पेयजल की समस्या का स्थायी समाधान किया। सोलर पैनलों की स्थापना के माध्यम से न केवल ऊर्जा की बचत हो रही है, बल्कि पानी की आपूर्ति भी निर्बाध रूप से हो रही है।**

योगी सरकार ने जल जीवन मिशन के तहत सोलर ऊर्जा का उपयोग करते हुए न केवल पर्यावरण संरक्षण को प्रोत्साहन दिया है, ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों में पेयजल की समस्या का स्थायी समाधान किया। इस परियोजना के तहत सोलर पैनलों की स्थापना के माध्यम से न केवल ऊर्जा की बचत हो रही है, बल्कि पानी की आपूर्ति भी निर्बाध रूप से हो रही है। यह पहल जल संरक्षण और सौर ऊर्जा के क्षेत्र में अनूठा उदाहरण प्रस्तुत करती है।

योगी सरकार के इस इनोवेशन को प्राइम मिनिस्टर अवार्ड फॉर एक्सीलेंस इन पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, 2023 के लिए चुना गया है। यह पुरस्कार एसीएस अनुराग श्रीवास्तव को सोलर पावर के अभिनव प्रयोग पर प्रदान किया जाएगा। यह पुरस्कार इनोवेशन स्टेट कैटेगरी में प्रदान किया जाएगा। बहराइच में विकासपरक और जनहितकारी योजनाओं को प्रभावी तरीके से लागू करने के लिए डीएम मोनिका रानी को प्रधानमंत्री पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

### सौर ऊर्जा आधारित भूजल की 33,229 योजनाएं संचालित

नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के अपर मुख्य सचिव अनुराग श्रीवास्तव के मुताबिक मिशन के तहत सौर ऊर्जा आधारित भूजल की 33,229 योजनाएं संचालित हैं। योगी सरकार द्वारा जल जीवन मिशन की 33,229 योजनाओं का संचालन होने से प्रदेश सरकार को योजना काल में लगभग एक लाख करोड़ रुपये की बचत होगी। 33,229 योजनाओं को सौर ऊर्जा से संचालित करने के लिए लगभग 900 मेगावाट के सोलर पैनल लगाए गए हैं। केंद्र सरकार द्वारा इस इनोवेशन को बेस्ट प्रेक्टिसेज के रूप में चिह्नित किया गया है। सौर ऊर्जा आधारित योजनाओं के निर्माण से प्रतिवर्ष लगभग 13 लाख मीट्रिक टन कार्बन डाई ऑक्साइड का उत्सर्जन कम होगा। अगले 30 वर्षों में 390 लाख कार्बन क्रेडिट आर्जित किया जा सकेगा।

# महाकुम्भ के जरिये यूपी की जीडीपी में एक फीसदी से ज्यादा वृद्धि का अनुमान

समृद्धि न्यूज

**महाकुम्भ नगर।** आर्थिक क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों का मानना है कि 45 दिन तक चलने वाले महाकुंभ के दौरान होने वाले कारोबार से न सिर्फ रोजगार और मुनाफे में बढ़ोत्तरी होगी बल्कि उत्तर प्रदेश की जीडीपी में एक प्रतिशत या उससे भी ज्यादा की वृद्धि हो सकती है।

विशेषज्ञों का यह भी कहना है कि दुनिया भर से आ रहे श्रद्धालुओं द्वारा किए जा रहे खर्च से मांग बढ़ेगी, उत्पादन बढ़ेगा, रोजगार में वृद्धि होगी और छोटे से लेकर बड़े व्यापारियों की जेब में पैसा आएगा। यही नहीं, सरकार को भी इस आयोजन से बड़े पैमाने पर आय होगी, जिसका उपयोग प्रदेश के इंफ्रास्ट्रक्चर में होगा और जीएसटी कलेक्शन में भी भारी उछाल देखने को मिलेगा। देश के मशहूर सीए और अर्थशास्त्री पंकज गांधी जायसवाल के अनुसार, इस बार के महाकुम्भ के आंकड़े जो सरकार बता रही है उसके होने भर से ही नॉमिनल और रियल दोनों जीडीपी के आंकड़ों में एक प्रतिशत तक की वृद्धि हो सकती है। बतौर उत्तर प्रदेश सरकार देश विदेश से करीब 45 करोड़ लोग इस महाकुम्भ में आएंगे। वो काशी, अयोध्या, चित्रकूट समेत देश के कई हिस्सों में जाएंगे।



# कॉरिडोर निर्माण में ध्वस्तीकरण के विरुद्ध याचिका दायर, हाईकोर्ट ने दिए आदेश

**वादी के मकान में तोड़ फोड़ को लेकर मुआवजे की तारीख 12 फरवरी नियत**

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।**

छोटी काशी पौराणिक शिव मंदिर के निर्माणाधीन कॉरिडोर के लिए की जा रही ध्वस्तीकरण की कार्रवाई को लेकर अब पीडितों ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। जिसके बाद अब तीर्थ क्षेत्र में चल रहे बुलडोजर से तोड फोड को प्रतिबंधित कर दिया गया है। साथ ही सुप्रीम कोर्ट के दिशा निर्देश के अनुसार ही ध्वस्तीकरण कार्य की अनुमति दी जाएगी। हाईकोर्ट ने आदेश दिया है कि ध्वस्तीकरण में सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए आदेश के दिशा निर्देशों का पूर्णतया पालन किया जाए, इस आदेश के बाद तीर्थ पर चल रही बुलडोजर की रफतार फिलहाल ठहरी है। नगर के वरिष्ठ अधिवक्ता



मनोज सक्सेना ने बताया कि तीर्थ पर शिव मंदिर के निकट रहने वाले वादी संजय सक्सेना की ओर से हाईकोर्ट प्रयागराज की लखनऊ खंडपीठ में अधिकारियों द्वारा मनमाने ढंग से तोड़े गए उनके आवास के मामले में याचिका की गई थी। जिसमें उत्तर प्रदेश शासन के मुख्य सचिव, डीएम खीरी, प्रमुख सचिव पर्यटन आदि को प्रतिवादी बनाया था।

मुकदमे की सुनवाई जस्टिस बृजराज सिंह, राजन राय ने की। दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद हाई कोर्ट ने कहा कि ध्वस्तीकरण के इस प्रकरण में क्या सर्वोच्च न्यायालय

> एसडीएम विनोद गुप्ता का कहना है कि कोई भी ध्वस्तीकरण नियम विरुद्ध नहीं किया गया है। कोर्ट के आदेश का अक्षरशः पालन किया जा रहा है

द्वारा दी गई विधि व्यवस्था का पालन किया गया, यदि नहीं किया गया तो संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई क्यों नहीं की गई। हाईकोर्ट ने आदेश दिया कि यदि आगे कोई भी ध्वस्तीकरण का कार्य किया जाता है तो सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय का सख्ती से पालन किया जाएगा हाईकोर्ट के आदेश के उपरांत ध्वस्तीकरण की कार्रवाई फिलहाल ठहरी है।

यह जानकारी वरिष्ठ अधिवक्ता मनोज कुमार सक्सेना, प्रतीक श्रीवास्तव ने दी। बताया कि कारीडोर निर्माण में वादी संजय सक्सेना के मकान के मनमाने तरीके से किए गए ध्वस्तीकरण व तोड फोड के मुआवजे के संबंध में मामले की अगली तारीख 12फरवरी नियत है।

## गोला चीनी मिल ने किया गत पेराई सत्र का 09.42 करोड़ का संपूर्ण भुगतान

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज।** बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल गोला ने शनिवार को गत पेराई सत्र 2023-24 के संपूर्ण बकाया गन्ना मूल्य भुगतान 09.42 करोड़ रूपये किसानों के बैंक खातों में भेज दिया गया है। चीनी मिल इकाई प्रमुख जितेन्द्र सिंह जादौन ने बताया कि चीनी मिल किसानों का एक एक गन्ना खरीदने के लिए प्रतिबद्ध है। इकाई प्रमुख ने क्षेत्रीय गन्ना किसानों से अपील की, कि वह अपना गन्ना कोल्हू क्रेशर पर न बेचें, अपना समस्त गन्ना अपनी चीनी मिल को ही आपूर्ति करें। साथ ही उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यदि राज्य सरकार गन्ना मूल्य में कोई बढ़ोत्तरी करती है तो उसके डिफर मूल्य का भी किसान भाइयों को लाभ मिलेगा। उन्होंने किसानों से अनुरोध किया कि आगामी बसंतकालीन गन्ना बुआई में उन्नतशील प्रजातियों की ही बुआई करें तथा बुआई के लिए बीज अभी से सुरक्षित कर ले। किसी को बीज की आवश्यकता है तो उसे चीनी मिल द्वारा बीज उपलब्ध कराया जाएगा।

# जैनस इनीशिएटिव्स संस्था का कार्यक्रम आयोजित

**मेडिकल कालेज लखीमपुर में हार्ट अटैक, बीपी, शुगर पर कार्यशाला संपन्न**

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

मेडिकल कालेज लखीमपुर के ओडीटोरियम में एक कार्यक्रम जैनस इनीशिएटिव्स संस्था के संस्थापक हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. पंकज कुमार श्रीवास्तव द्वारा आहूत किया गया जिसमे डाक्टर आर्यदेश दीपक, प्रधानाचार्य मेडीकल कालेज, मुख्य अतिथि तथा डाक्टर राजेश कुमार कोहली, सीएमएस जिला अस्पताल लखीमपुर विशिष्ट अतिथि रहे,जिनका पुष्पों के द्वारा स्वागत किया गया तथा स्मर्ति चिन्ह भेंट किये।

कार्यक्रम में आयोजक डाक्टर पंकज कुमार श्रीवास्तव कार्डियो सर्जन जो चरक हॉस्पिटल लखनऊ में चेयर पर्सन है, ब्लडप्रेशर, ब्लडप्रेशर शुगर तथा हार्ट अटैक के कारण तथा उपाय की जानकरी दी। जैनस इनीशिएटिव्स संस्था द्वारा प्रदेश के कई जिलों में मेधावी छात्रों को स्कॉलरशिप



देने के पश्चात लखीमपुर में भी प्रियांशी मिश्रा को स्कॉलरशिप दे कर की शुरूआत की। यह स्कालरसिप 3 साल तक दिया जाता है मुख्य अतिथि लखीमपुर मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ आर्य दीपक ने कहा कि जीवन में मेहनत, हिम्मत और लगन से बड़ी से बड़ी कल्पना साकार होती है।सच्ची लगन तथा सच्चे उद्देश्य से किया हुआ प्रयास कभी निष्फल नहीं जाता है।

कठोर परिश्रम एवं कड़ी मेहनत मनुष्य का असली धन होता है। बिना कठिन परिश्रम के सफलता पाना असंभव है। इस दुनिया में जो व्यक्ति कठिन परिश्रम करता वह सफलता अवश्य पाता है। जैनस इनीशिएटिव्स के संस्थापक डॉ पंकज कुमार श्रीवास्तव ने मेधावी बच्चों को छात्रवृत्ति प्रदान करते हुए अपने संबोधन में कहा कि परिश्रम ही जीवन की सफलता का रहस्य है।छात्रवृत्ति उन जरूरतमंद बच्चों को दी जाती है जो पढ़ने में अच्छे एवं कमजोर वर्ग से आते हैं पैसों की कमी से प्रतिभावान छात्रों की पढ़ाई नहीं रुकेगी संस्था द्वारा 12वीं पास छात्रों को रु. 12000 सालाना स्कॉलरशिप 3 वर्षों तक दिया जाता है।

सच्ची लगन तथा सच्चे उद्देश्य से किया हुआ प्रयास कभी निष्फल नहीं जाता है मध्यम वर्गीय परिवार या गरीब परिवारों के लिए एक अच्छे स्कूल में पढ़ाई का खर्च उठाना मुश्किल हो रहा है ऐसे में जरूरत मंद लोगों को ऐसी योजना जो ऐसे बच्चों को पढ़ाई में आर्थिक मदद मिल रही है। जैनस इनीशिएटिव्स के साथ सामाजिक कार्य में सहयोग करने विभिन्न पत्रकार,सामाजिक संगठन, जो जैनस इनीशिएटिव्य के सामाजिक कार्य में सहयोग करने वाले नंदकुमार मिश्र, सुनील बरतरिया, अंकुर श्रीवास्तव, धर्मेंद्र वर्मा, राजीव मिश्र, मो अफजल,उंमग गुप्त,के आर पांडे, शिशिर अवस्थी,डाक्टर पुनीत मिश्र, डाक्टर जर्मन सिंह,पाल सिंह, राकेश मिश्र, दिलीप ज्ञानेंद्र श्रीवास्तव, मोहन वाजपेई, आर के पाण्डे, डा वी के शुक्ला को शाल उड़ाकर व प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन नवीन पान्डे ने किया जिसके लिए उन्हे भी शाल उड़ाकर सम्मानित किया गया।

## खबरें एक नजर में

### घरौनी पाकर लोगों ने मोदी किया धन्यवाद

**राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** प्रधानमंत्री गृह स्वामित्व योजना के अंतर्गत आज तहसील क्षेत्र अंतर्गत लगभग 150 लाभार्थियों को घरोनी वितरण कार्यक्रम में सैकड़ों ग्रामीणों के साथ कार्यक्रम संयोजक तहसीलदार राठ मुख्य अतिथि मंडल अध्यक्ष डॉ महेंद्र शुक्ला विशिष्ट अतिथि उप जिलाधिकारी डॉ उमाकांत राजपूत श्रीमती संगीता गुप्ता की उपस्थिति में सभी ने पहले प्रधानमंत्री मोदी जी के संवाद कार्यक्रम संबोधन ऑनलाइन प्रसारण को देखने के बाद पात्र महिला पुरुषों को घरोनी वितरण किया गया इसके बाद मुख्यमंत्री जी का प्रदेश की जनता के लिए संदेश प्रसारण सुनना और इस प्रक्रिया के विषय में सभी को जागरूक करने के लिए विस्तार से बताया। ग्रामीण क्षेत्र में पहले लोगों के पास घर तो थे पर उसके अभिलेख न होने के कारण उनका लिखित स्वामित्व नहीं था जिससे उससे संबंधित बैंक लोन एवं अन्य सभी प्रकार की सुविधाओं से वंचित रह जाते थे। सरकार की लोक कल्याणकारी नीतियों से आज यह संभव हो सका है। ग्रामीणों में खुशी की लहर रही और सभी ने मोदी जी का धन्यवाद किया।

### किसान की ठंड से मौत

**राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** खेत में सिंचाई करते समय संदिग्ध परिस्थितियों एक किसान की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया गया है। मुस्करा थाने के पहाड़ी भिटारी गांव का निवासी 54 वर्षीय जागेश्वर राजपूत शुक्रवार की शाम करीब 5 बजे अपने खेत में गेहूं की फसल की सिंचाई कर रहा था। तभी अचानक खेत में गेहूं की फसल की सिंचाई करने के दौरान संदिग्ध परिस्थितियों के चलते हालत बिगड़ गई। स्वजन इलाज के लिए सीएचसी ले गए। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के स्वजनों ने बताया कि खेत में सिंचाई करने के दौरान ठंड की चपेट में आने से जागेश्वर राजपूत की मौत हुई है।

### लाखों का सामान उठा ले गये चोर

**राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** दो स्थानों पर चोरों ने चोरी की घटनाओं को अंजाम दे डाला। चोरों दोनों स्थानों से लाखों के जेवरात पार कर दिए हैं। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर दी है। कोतवाली के चिल्ली गांव निवासी नरेश कुमार पुत्र श्यामलिया अहिरवार ने बताया कि वह दिल्ली में रहकर मजदूरी करता है। स्वजन उसके साथ में थे। घर पर ताला पड़ा हुआ था। शुक्रवार की रात चोर उसके घर में घुस गए। बताया कि चोर घर से लाखों का जेवरात व नगदी उठा ले गये। वहीं कस्बे के चरखारी रोड प्रेमनगर मोहल्ला निवासी देवेंद्र पुत्र विद्रावन ने बताया कि शनिवार की तड़के चोर उसके घर में घुस गए। चोर उसकी पत्नीए मां व बहन के चोरी करके ले गए हैं। कोतवाल राम आसरे सरोज ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है।

### क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन

**कुरारा (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** विकास खंड क्षेत्र के सिकरोड़ी गांव में टूर्नामेंट का उद्घाटन ब्लाक प्रमुख व हमीरपुर चेयरमैन द्वारा किया गया। ग्राम पंचायत सिकरोडी में गांव के नवयुवकों द्वारा क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है। आज से शुरू हुए टूर्नामेंट का उद्घाटन ब्लाक प्रमुख आशीष पालीवाल व हमीरपुर चेयर मैन कुलदीप निषाद द्वारा फीता काटकर किया गया। उक्त अवसर पर खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते हुए चेयरमैन ने कहा कि इस तरह के आयोजन से गांव की प्रतिभा में निखार आता है। तथा खेल के माध्यम से बच्चे आगे पढ़ते है। तथा उनका स्वास्थ्य ठीक रहता है। भविष्य में यह बच्चे आगे बढ़ते है इस अवसर पर ग्राम प्रधान सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

### सड़क दुर्घटना में दो महिलाएं घायल

**मौदहा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र में हुई सड़क दुर्घटना में माइक्रोफाइनेंस कंपनी के कर्मचारी घायल हो गए साथियों की मदद से नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उनका उपचार जारी है। स्कूटी सवार दो महिलाये सुमन पुत्री श्यामलाल साथ में सवार लक्ष्मी रामप्रसाद कालिंजर बांदा निवासी माइक्रोटेक फाइनेंस कंपनी की कर्मचारी हैं फील्ड यूनिट कवर कर मुस्करा की ओर कस्बे की ओर आ रही थी वहीं मौदहा की ओर तेज गति से जा रहे बाइक सवार ने जोर दार टक्कर जिससे दोनों घायल हो गइ जिन्हे लहूलुहान की हालत में साथी मुकेश की मदद से कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया जहां दोनों घायलों का इलाज जारी है।

## किराया मांगने पर कंडेक्टर की पिटाई

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज।** निजी बस पर सवारियां बैठाने के बाद किराया मांगने पर कंडेक्टर की पिटाई कर जान से मारने की धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। थाना क्षेत्र के ग्राम पिपरियागंगा निवासी अभिषेक अवस्थी पुत्र जगदीश अवस्थी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका भाई विवेक गोला से भीरा जाने वाली एक निजी बस पर कंडेक्टरी का काम करता है। 14 जनवरी को जब वह बस लेकर अलीगंज गया। तो वही के निवासी गोल्ड मिश्रा पुत्र दीपू ने दो सवारी बस पर बैठाई। इसके बाद जब उसके भाई ने किराया मांगा तो पैसा देने से मना कर दिया। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की व जान से मारने की धमकी दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# गन्ने के खेत में तेंदुए के शावक देखे जाने से हड़कंप

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

दुधवा नेशनल पार्क के बफर जोन की रेंज लुधौरी की बीट अयोध्यापुरवा में किसान के गन्ने के खेत मे चहल कदमी कर रहे तेंदुआ के नवजात शिशु कोलाहल कर चहल कदमी कर रहे है। नवजात शिशुओ की चहल कदमी से गांव वाले ग्रामीण व सडक पर चलने वाले रहगीरो में दहशत है। गांव के किसानो ने अपने खेतों में काम करना बंद कर दिया है।

सिंगाही निघासन रोड पर ग्राम पंचायत बंगलहा तकिया के मजरा अयोध्या पुरवा में राधे श्याम वर्मा पुत्र काशी राम वर्मा के खेत में गन्ना छोलने गये मजदूर ने तेंदुआ के शावक देखे जिससे पूरे क्षेत्र में हडकंप मच गया ,बीते दो दिन पहले फरदहिया के बरम बाबा स्थान पर एक बाघिन अपने दो शावको के साथ



देखी गई थी जिससे लोग दहशत में थे। शाम 5 बजे गन्ने के खेत में तेंदुए के शावक देखे जाने से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया यह खबर आग की तरह चारों तरफ फैल गई। देखते ही देखते वहां किसानों का ताता लग गया लेकिन पहले बाघिन फिर तेंदुए के शावक देखे जाने से लोग डर गये है किसान मजदूर ने अपने खेतों में काम करना बंद कर दिया है। लुधौरी रेंजर गजेंद्र सिंह ने बताया कि गन्ने के खेत में कुछ शावक टहलने की सूचना मिली थी जब वहां मौके पर पहुंचे तो शावक नहीं थे। तेंदुए के शावक वही खेत में एक बिल हैं जिसमें मौजूद है बाहर आते हैं और उसमें ही चले गए हैं। कोई भी अकेले खेत को न जाए समूह बनाकर हाका लगाते हुए ही जाए ताकि हिंसक पशु मौके से हट जाए।

# घर-घर गली-गली स्मार्ट मीटर लगाए जाने का काम शुरु

**निःशुल्क लगाए जा रहे हैं स्मार्ट मीटर, खराब सर्विस केबल भी बदला जाएगा**

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज।**

शहर में पुराने मीटर बदलकर स्मार्ट मीटर लगाए जाने की कार्रवाई शुरु कर दी गई है। सभी जिलों में रिवैम्प्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम के तहत घर घर नए स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। यह स्मार्ट मीटर सभी सरकारी भवनों, आवासों, कार्यालयों में लगाए जाएंगे।

विद्युत वितरण खंड द्वितीय के अधीक्षण अभियंता अशोक कुमार ने बताया कि जिले के सभी उपभोक्ताओं के घर मीटर लग रहे हैं। उनको गति देने का प्रयास किया जा रहा है। यह मीटर उपभोक्ताओं के परिसर के बाहर स्थापित किये जायेंगे।उपभोक्ताओं के यहां निःशुल्क मीटर लगाए जा रहे हैं। किसी भी तरह का शुल्क नहीं लिया जा रहा है। साथ ही, खराब सर्विस केबल के साथ साथ नया सर्विस केबल भी लगाया जा रहा है। अधीक्षण अभियंता ने सभी उपभोक्ताओं से स्मार्ट मीटर लगवाने में सहयोग करने की अपील की है। साथ ही, विभाग के अधिकारियों के नंबर भी जारी किए हैं। अधीक्षण अभियंता ने कहा स्मार्ट मीटर को लेकर किसी भी तरह की समस्या के समाधान के लिए बिजली विभाग के अधिकारी कर्मचारी तत्पर हैं।

# भैंस चोरों की पुलिस से मुठभेड़, तीन बदमाश गिरफ्तार

**उचौलिया खीरी, समृद्धि न्यूज।**

उचौलिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सुनौआ में बीती 6 जनवरी की रात्रि को भैंस चोरी करके भाग रहे बदमाशों की पिक अप भैंस सहित पलट गई थी जिसके बाद सभी बदमाश पिकअप को छोड़कर भाग गए थे। बदमाशों की तलाश के लिए पुलिस द्वारा दो टीम गठित की गई थी। इसी क्रम में पुलिस ने शुक्रवार रात मुठभेड़ में तीनों चोरों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी सलमान उर्फ साठिया के पैर में गोली लगी है।

पुलिस के मुताबिक शुक्रवार रात पशु चोरों से मुठभेड़ में थाना उचौलिया पुलिस और स्वाट टीम ने मुठभेड़ के दौरान तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया। सैंडा की ओर जाने



वाला तिराहे के पास हुई मुठभेड़ में एक चोर के पैर में गोली लग गई। पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया। पकड़े गए चोरों के खिलाफ कई थानों में मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने सलमान उर्फ साठिया, सलमान उर्फ भीमा निवासी ग्राम सहजनिया थाना उचौलिया और फहीम उर्फ भौंदा निवासी ग्राम धुल्लिया थाना निगोही (शाहजहांपुर) को पकड़ा है। पुलिस ने आरोपियों से 9600 रुपये के साथ गिरफ्तार किया। अभियुक्त सलमान उर्फ साठिया के पास से एक तमंचा भी बरामद किया।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि छह जनवरी की रात बदमाशों ने गांव से भैंस को चोरी की थी, जिसे पिकअप में लादकर ले जा रहे थे। इस दौरान ग्रामीण जाग गए और पुलिस को सूचना देने के साथ चोरों का पीछा किया। इस दौरान चोरों की पिकअप पलट गई, जिसे छोड़कर चोर फरार हो गए थे। इन चोरों की तलाश में पुलिस की दो टीमें लगाई गईं।

# तहसील में ग्रामीणों को बांटी गई घरौनी दस्तावेज

**गांवों में घरों के मालिकाना हक का दस्तावेज है घरौनी**

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज।**

शासन की मंशा के अनुरुप शनिवार को अधिकारियों की मौजूदगी में क्षेत्रीय विधायक अमन गिरि ने तहसील सभागार में ग्रामीणों को घरौनी का वितरण किया। यह घर आपका है, इसका दस्तावेज 'घरौनी' कहलाएगी। जिस तरह कृषि भूमि के मालिकाना हक का दस्तावेज खतौनी होती है। उसी तर्ज पर अब घरों के दस्तावेज के रूप में घरौनी बनाई गई है। जिसके तहत अब ग्रामीणों के पास अपने घर के मालिकाना हक का दस्तावेज रहेगा। इससे ग्रामीणों को



तहसील सभागार में लोगों को घरौनी बांटते विधायक।

अपने घरों पर बैंक से कर्ज लेने और ग्राम पंचायतों को कर निर्धारण में मदद मिलेगी। बता दें कि सरकार की स्वामित्व योजना के तहत गांवों में ड्रोन सर्वे कर घर चिह्नित किए गए। इसके बाद इनका मालिकाना हक तैयार किया गया। घरों के मालिकाना हक का कानूनी दस्तावेज नहीं था। अब घरौनी के रुप में घर के मालिकाना हक का दस्तावेज रहेगा। गांवों में घरों के मालिकाना हक का दस्तावेज न होने के कारण विवादों के निस्तारण में दिक्कत आती थी, इस दस्तावेज के होने पर ऐसा नहीं होगा। इस मौके पर एसडीएम विनोद कुमार गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख विमल वर्मा सहित अधिकारी कर्मचारी व ग्रामीण मौजूद रहे।

# फेक न्यूज व साइबर क्राइम रोकथाम के लिए स्कूल, कालेजों में चलाया अभियान

**अभियान के दौरान पांच शोसल मीडिया इंफलुएंसर्स का चयन**

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज।**

गोला पुलिस ने साइबर क्राइम के खिलाफ जागरुकता अभियान चलाया। इस दौरान डिजिटल वारियर के रुप में पांच शोसल मीडिया इंफलुएंसर्स का चयन किया। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गुरुवार को गोला कोतवाल चंद्रशेखर सिंह ने



सीजीएनपीजी कालेज में छात्र-छात्राओं को जागरुक करती पुलिस टीम।

फेक न्यूज व साइबर अपराध के खिलाफ उत्तर प्रदेश पुलिस के अभियान के तहत डिजिटल वरियर साझा अभियान चलाया।

गोला पुलिस की टीम एसआई अपूर्वा शर्मा, महिला आरक्षी बबीता, सिपाही शाहरुख ने शहर के सीजीएनपीजी कालेज पहुंचकर छात्र छात्राओं को जागरुक किया। साथ ही पांच इच्छुक इफलुएंसर्स का फार्म व घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर कराए। तथा हेल्पलाइन नंबर 112, 109, 102, 108, 1076, 1098 सहित साइबर अपराध डिजिटल अरेस्ट, व मोबाइल रिलेटिड फ्राड से सतर्कता के बारे में बताया।

# आरटीओ प्रशासन ने किया निरीक्षण, बैठक कर दिए निर्देश

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।**

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत परिवहन विभाग द्वारा चलाए गए अभियान के अंतर्गत शनिवार को आरटीओ प्रशासन सुश्री ऋतु सिंह की अध्यक्षता में संभागीय परिवहन कार्यालय में बैठक आयोजित की गई।इस बैठक का उद्देश्य वाहन चालकों को ड्राइविंग लाइसेंस से आच्छादित कराना, ई-रिक्शा चालकों के लाइसेन्स, फिटनेस, टैक्स का नियमितीकरण तथा रिक्शा हेतु ड्राइविंग स्कूल के संचालन को प्रेरित करना था।

बैठक में एआरटीओ आरपी सिंह एआरटीओ प्रेम सिंह, रिक्शा यूनियन के पदाधिकारी, मारुति ड्राइविंग स्कूल एवं अन्य ड्राइविंग स्कूल खोलने के इच्छुक व्यक्ति उपस्थित रहे।बैठक में आरटीओ प्रशासन सुश्री सिंह ने पहले ई-रिक्शा चालकों को सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की अधिसूचना तथा परिवहन आयुक्त के आदेश की प्रति उपलब्ध कराते हुए बताया कि ई-रिक्शा/ई-कार्ट के चालकों को चालन प्रशिक्षण एवं पाठ्यक्रम अनिवार्य है। इसलिए ऐसे प्रशिक्षित चालक ही ई-रिक्शा चलाए जो यातायात नियमों, वाहन का रखरखाव,यातायात तथा मार्ग जानकारी सड़क पर निर्णय क्षमता धारित करते हो।

उन्होंने बताया कि ड्राइविंग स्कूल हेतु उप परिवहन आयुक्त के लखनऊ स्थित कार्यालय में आवेदन किया जा सकता है। सुश्री सिंह ने बताया कि



इसके अलावा ई-कार्ट माल ढोने के लिए व ई-रिक्शा सवारी के लिए होती है।ड्राइविंग स्कूल अनुदेशक में निर्धारित तकनीकी शैक्षिक योग्यता के साथ पांच वर्षों का न्यूनतम चालन अनुभव भी होना जरूरी है। इसके लिए यूनियन पदाधिकारियों के सहयोग से एआरटीओ को ऐसे लोगों की सूची बनाकर उन्हें प्रेरित करने के निर्देश भी दिए गए हैं।बैठक मे समस्याओं और सुझावों पर चर्चा करते हुए उन्हें उचित फोरम पर रखने का भी मत बना। इससे पूर्व वाहनों की फिटनेस जांच में उत्कृष्टता एवं मानवीय हस्तक्षेप नहीं होने के उद्देश्य से स्थापित किए जा रहे ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन के निर्माणाधीन भवन ट्रैक आदि का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उनके द्वारा निर्माणाधीन भवन मे प्रयुक्त की जा रहीं सामग्री की गुणवत्ता जांच मानक अनुरूप लंबाई चौड़ाई व ऊंचाई सुनिश्चित करने के निर्देश एआरटीओ को दिए गए। संबंधित एजेंसी को भारी वाहनों हेतु अधिक पार्किंग स्पेस बनाने के निर्देश दिए गए तथा मौखिक रूप से अन्य जानकारियां संबंधित वैध प्रपत्र कार्यालय मे प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए गए। आरटीओ ने कहा कि सभी कार्य शीघ्र पूर्ण कर ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन को संचालन योग्य बनाया जाए।इस दौरान उनके द्वारा जनता से भी अपील की गई कि वाहनों के प्रपत्र वैध रखे एक मुश्त समाधान योजना में बिना जुर्माने टैक्स अदा करे।

# दूसरे दिन भी जारी रहा नगर विधायक का समरसता भोज व कंबल वितरण कार्यक्रम

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।**

नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने शनिवार को अयोध्या विधानसभा के पूरा मंडल स्थित एच.आर पैलेस में कार्यकर्ताओं व आम जनमानस के साथ वृहद खिचड़ी भोज कार्यक्रम का आयोजन किया।

खिचड़ी भोज कार्यक्रम में विधायक श्री गुप्ता ने लगभग एक हजार जरूरतमंदों को फिर कंबल वितरण किया।अयोध्या विधानसभा के पूरा मंडल से एकत्रित हुए भाजपा



पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए अपने संबोधन में कहा कि हमारा आज का आयोजन हमारी एकता और शक्ति का प्रतीक है।

उन्होंने सभी से आग्रह करते हुए कहा कि हमें समय समय पर इस प्रकार के सामाजिक भोज कार्यक्रम का आयोजन करना चाहिए ताकि हम सभी सामाजिक रूप से जुड़कर एक दूसरे के पूरक बन सके और राष्ट्र धर्म का पालन करते हुए विकास के पथ पर समाज को ले जाने में अपना योगदान दे सकें।

इस मौके पर उन्होंने आज फिर से लगभग एक हजार निराश्रितों और जरूरतमंदों को कंबल का वितरण किया।उन्होंने सभी को मिल्कीपुर उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी को रिकॉर्ड वोटों से जीताने के लिए अपील करते हुए एकजुटता का प्रदर्शन करने की बात कही।कार्यक्रम में उपस्थित गोसाईगंज विधायक अभय सिंह ने भी अपने विचार साझा किए और इस आयोजन की सराहना की।

इस अवसर पर विधायक गोसाईगंज अभय सिंह,शिवेंद्र सिंह,भाजपा नेता अमल गुप्ता, नंद कुमार सिंह,वरुण चौधरी, राजेश पाठक,हरभजन गौड़, अक्षय लाल निषाद सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता व पार्षद मौजूद रहे।

# दहेज उत्पीड़न में पति समेत नौ पर रिपोर्ट दर्ज

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज।**

एक विवाहिता ने ससुरालियों पर अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर मारपीट कर घर से निकालने का आरोप लगाते हुये पति समेत 9 लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीडन की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। शहर के मोहल्ला गजेन्द्रपुरी निवासी महेश बख्स सिंह की बेटी रूचि सिंह ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि दस माह पहले उसका विवाह सीतापुर जिले के थाना इमलिया सुल्तानपुर के ग्राम टीकर बहादुरपुर निवासी सोमपाल सिंह पुत्र शिवमंगल सिंह के साथ हुआ था। विवाह में उसके पिता ने 30 लाख रूपये खर्च किये थे। जब वह ससुराल गई तो उसे पता चला कि उसका पति सोमपाल सिंह मैगलगंज थाना क्षेत्र के ग्राम मझिया निवासी अपनी बुआ के घर रहकर चुरईपुरवा चौराहे पर मेडिकल चलाता है और उसकी बुआ की पुत्री से नाजायज सम्बंध हैं। उसका पति सोमपाल सिंह, ससुर शिवमंगल सिंह, सास ऊषा सिंह, जेठ मौजपाल सिंह, जेठानी सोनी सिंह ने 10 लाख रूपये अतिरिक्त दहेज में मांग शुरू कर दी। विरोध करने पर उक्त लोगों के साथ ननद बिट्टा सिंह, नन्दोई अनूप सिंह सिविल लाइन्स सीतापुर, मोहम्मदी थाना क्षेत्र के ग्राम पलिया निवासी ननद ममता सिंह और नन्दोई अंकित सिंह ने 25 जून 2024 को उसके साथ मारपीट करते हुये उसके कपडे फाड दिये। इसके बाद पुनः 28 जून को मारपीट करते हुये जबरदस्ती उसे गोला मायके में छोंड गये। पुलिस ने महिला की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीडन की रिपोर्ट दर्जकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# घरौनी बनाने में ड्रोन दीदी का भी लें सहयोग

## पीएम के वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से स्वामित्व योजना के तहत घरौनी वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए सीएम

समृद्धि न्यूज

लखनऊ, 18 जनवरी (हि. स.)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देशभर में 2 करोड़ 23 लाख से अधिक घरौनियां बनायी गयी हैं जबकि अकेले उत्तर प्रदेश में 1 करोड़ 50 हजार से अधिक घरौनियां बनायी गयीं। इनमें से 37 हजार से अधिक गांव की 55 लाख 14 हजार से अधिक घरौनियों को पहले ही वितरण किया जा चुका है। वहीं आज शनिवार को 29 हजार से अधिक गांव की 45 लाख 35 हजार से अधिक घरौनियों का वितरण किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को अपने सरकारी आवास पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से स्वामित्व योजना के तहत घरौनी वितरण कार्यक्रम के मौके पर कहा कहा कि इससे गांवों में प्रापर्टी को लेकर होने वाले विवादों में कमी आयी है। पहले दबंग कमजोर व्यक्ति की जमीन पर कब्जा कर लेता था, लेकिन पहली बार तकनीक का उपयोग करते हुए ड्रोन सर्वे के माध्यम से गांवों में घरौनी (कानूनी दस्तावेज) के जरिये घर का मालिकाना हक दिया जा रहा है, जिसे अब कोई भी दबंग नहीं छीन सकेगा। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअली बटन दबाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न राज्यों के लाभार्थियों से संवाद भी किया। वहीं सीएम योगी आदित्यनाथ ने अपने सरकारी आवास पर कई लाभार्थियों को घरौनी वितरित की।

कार्यक्रम में विधान परिषद सदस्य संतोष सिंह, विधायक नीरज बोरा, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, राजस्व परिषद के अध्यक्ष अनिल कुमार, प्रमुख सचिव राजस्व पी गुरु प्रसाद आदि उपस्थित थे।



### स्वरोजगार के नये अवसर लेकर आया है प्रॉपर्टी कार्ड (घरौनी)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कार्यक्रम में घरौनी के लाभार्थियों से संवाद कर उनसे इसके लाभ के बारे में जानकारी हासिल की। लाभार्थियों ने बताया कि उनको कानूनी दस्तावेज के रूप में घरौनी मिलने से व्यापार करने के लिए आसानी से बैंक से लोन मिल रहा है। साथ ही भूमि संबंधी विवाद भी खत्म हो गया है। पीएम ने कार्यक्रम में 4 राज्य और एक केंद्र शासित प्रदेश के लाभार्थी से संवाद किया। मुख्यमंत्री योगी ने घरौनियों के लाभार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि पहले गरीब की 3 से 4 फुट जमीन दबंग इधर-उधर करके कब्जा कर लेते थे। वहीं स्वामित्व योजना के तहत ड्रोन सर्वे के जरिये गरीबों को उनका हक दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ड्रोन सर्वे के जरिये गरीबों को उनका वास्तविक हक दिलाया है। सीएम ने कहा कि अब तक एक करोड़ से अधिक लोगों को घरौनी वितरित की जा चुकी है। शेष 25 हजार को जल्द ही घरौनी वितरित की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में 57,000 से अधिक ग्राम पंचायत हैं। इन ग्राम पंचायत में एक-एक ग्राम सचिवालय के निर्माण का कार्य हो रहा है, जिससे हर गांव में रोजगार का सृजन हो रहा है। आज नए भारत के नए उत्तर प्रदेश में हर ग्राम पंचायत अपने यहां पांच से सात लोगों को रोजगार दे रहा है।

### राजस्व विभाग जल्द सर्वे के लिए सर्वे ऑफ इंडिया की ले मदद

मुख्यमंत्री योगी ने राजस्व विभाग को निर्देश दिये कि शेष गांव में तय समय में पैमाइश कराकर लोगों को घरौनी दी जाए। इसे जल्द से जल्द पूरा करने के लिए राजस्व विभाग को सर्वे ऑफ इंडिया से वार्ता करने के निर्देश दिये। साथ ही ड्रोन सर्वे के लिए ड्रोन दीदी की सहायता लेने के निर्देश दिये। ऐसे में समय रहते शेष ग्रामीणों को घरौनी प्राप्त हो जाएगी। इससे जहां एक ओर राजस्व से जुड़े हुए तमाम वादों का निस्तारण होगा, वहीं आर्थिक विकास में भी तेजी आएगी।

# प्रेम प्रसंग के चलते भतीजे ने की थी मां-बेटी की हत्या, पुलिस ने किया गिरफ्तार

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** मलिहाबाद थाना क्षेत्र में मां-बेटी की हत्या करने वाले भतीजे को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित का महिला से प्रेम प्रसंग चल रहा था। बीते कुछ दिनों से महिला द्वारा फोन न उठाने पर हुई नाराजगी में आरोपित ने वारदात को अंजाम दिया। आरोपित ने बेटी को इसलिए मार दिया कि कहीं वो उसका भेद न खोल दें।

डीसीपी (पश्चिमी) विश्वजीत श्रीवास्तव ने मीडिया को बताया कि मलिहाबाद के ईशापुर में रहने वाली गीता (28) और उसकी छह साल की पुत्री की हत्या कर दी गई थी। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज कर आरोपित की तलाश कर रही थी। शनिवार को नजरनगर फ्लाईओवर पर ईशापुर निवासी अभियुक्त विकास को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपित ने बताया कि गीता उसकी दूर के रिश्ते में चाची लगती थी। कोरोना काल के दौरान दोनों के बीच प्रेम संबंध हो गये। दो साल पहले वो कमाने के लिए साढ़े तीन लाख रुपये खर्चाकर बीजा लगवाकर कमाने के लिए कुवैत गया था। गीता के जिद पर वह मात्र दो माह में ही घर आ गया। उस पर साढ़े तीन लाख का कर्ज था। उसे उतारने के लिए वह एक जगह काम करने लगा और जो भी पैसा कमाता आधे से ज्यादा गीता पर खर्चा करता था। बीते कुछ दिनों से आपसी मनमुटाव के चलते गीता ने विकास से दूरी बना ली, जिससे वह परेशान रहने लगा। घटना वाले दिन विकास सबक सिखाने के लिए खंभे के सहारे गीता के घर में घुसा। किचन में पहुंचकर बर्तन खड़खड़ाने लगा तो गीता ने दरवाजा खोलकर देखा कि किचन में विकास मौजूद है। यहां आने का कारण पूछा तो विकास ने गीता से कहा कि वो उससे बात किया करे। अगर वो बात नहीं करेगी तो अपनी जान दे देगा। इस पर प्रेमिका ने कहा कि मरना है तो अपने घर जाकर मरो। दोनों में कहासुनी हो गई और अपने साथ लाए डंडे से विकास ने गीता के सिर पर हमला कर दिया। चीखने-चिल्लाने की आवाज सुनकर उसकी बेटी रोने लगी। उसने सोचा कि बेटी सबको बता देगी तो डंडे से उसके सिर पर भी प्रहार कर दिया। तब तक मारा जब तक उसकी मृत्यु नहीं हो गयी।

## खबरें एक नजर में

### कांग्रेस मुख्यालय पर मनाई गई पूर्व सीएमकी जयंती



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज़ ।** भारतीय राजनेता एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री रहे स्व. वीर बहादुर सिंह की प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर जयंती मनाई गई। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निवर्तमान प्रदेश उपाध्यक्ष, प्रभारी प्रशासन दिनेश कुमार सिंह ने स्व. वीर बहादुर सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस मौके पर बृजेंद्र सिंह, विकास श्रीवास्तव, नितांत सिंह नितिन, विकास श्रीवास्तव डॉ आरिफ खान, अजहर फैज खान, एडवोकेट हर्ष वर्धन, रवीन्द्र पटेल, अजीत मौर्या आदि ने भी स्व.वीर बहादुर सिंह को श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

### महाकुंभ में मंडल की महिला कर्मियों की कार्यशैली सराहनीय



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज ।** मंडल रेल प्रबंधक उत्तर रेलवे लखनऊ के कुशल दिशा-निर्देशन में महाकुंभ के सफल और सुगम आयोजन की दिशा में किए जाने वाले प्रयासों और व्यवस्थाओं के तहत मंडल की वाणिज्य शाखा की बुकिंग तथा आरक्षण की 6 एवं टिकट चेकिंग की 3, रेलवे सुरक्षा बल की 101, मेडिकल विभाग की 7 (डाक्टर एवं पैरामेडिकल स्टॉफ सहित) तथा 40 महिला सफाई कर्मचारी भी पूरे मनोयोग के साथ कदमताल मिलाते हुए और नारी सशक्तिकरण को दर्शाते हुए पूरी निष्ठा के साथ प्रयाग जं, फाफामऊ जं एवं प्रयागराज संगम स्टेशन पर आवागमन करने वाले श्रद्धालुओं तथा तीर्थयात्रियों को अपनी उत्तम सेवाएं प्रदान कर रही हैं। इनकी कर्मठ कार्यशैली जहां एक ओर मंडल की अपने सम्मानित रेलयात्रियों के प्रति उत्तरदायित्वों की प्रतिबद्धता को दर्शाती है, वहीं दूसरी ओर अन्य कर्मचारियों के लिए प्रेरणा का कार्य कर रही है।

### 67 यूपी वाहिनी एनसीसी कैडेट्स ने पूरा किया ओडिशा ट्रेकिंग कैम्प

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज ।** राजधानी की प्रतिष्ठित एनसीसी बटालियन 67 यूपी वाहिनी एनसीसी के जूनियर डिवीजन के केडेट्स द्वारा ओड़िशा ट्रेकिंग कैम्प जो की 10 दिनों के लिए ओड़िशा में आयोजित किया हुआ था। कैडिटो ने अपने घर से दूर जाकर इस कैम्प को पूरा किया। कैम्प में ऑल इंडिया से एनसीसी कैडेट्स हिस्सा लेता है। कैम्प में कैडेटों के साथ एएनओ अनिल कुमार एलएमआईसी भी थे। कैम्प को सफल बनाने और कैडेट के मोटिवेशन और मोराल को हाई देखकर बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल पुनित श्रीवास्तव ने कैडेटो और एएनओ को बधाई दी और बात चीत कर उनसे कैम्प के सम्बन्ध में जानकारी ली। इस दौरान बटालियन के सूबेदारमेजर रंजीत कुमार, ट्रेनिंग जेसीओ सूबेदार जितेन्द्र गुप्ता, ट्रेनिंग एनसीओ सीएचएम आनन्द कुमार, हवलदार आनन्द प्रताप ने बच्चों को बातचीत कर कैडिटो को जीवन में आने वाली चुनौतियों से लड़कर अपने लक्ष्य को हासिल करना और देश के प्रति समर्पण और अपना योगदान करने में अग्रसर रहने के लिए प्रेरित किया।


### विश्व हिंदू रक्षा परिषद आज संकल्प यात्रा निकालेगी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** विश्व हिंदू रक्षा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय के नेतृत्व में 19 जनवरी 2025 को जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने को लेकर पद यात्रा का आयोजन किया गया है। यह पद यात्रा दिन में 12.00 बजे 2/283 विशाल खंड 2 गोमती नगर, लखनऊ कार्यालय से प्रारंभ होगी। यह जानकारी गोपाल राय ने दी। यह यात्रा विपुल खंड, अंबेडकर चौराहा, यूपी दर्शन 1090 चौराहा होते हुए लोहिया चौराहा से वापसी करते हुए विशाल खंड 2, गोमती नगर कार्यालय पर समाप्त होगी। इस कार्यक्रम में हजारों कार्यकर्ताओं के भाग लेने की उम्मीद है। कार्यक्रम का उद्देश्य जनसंख्या नियंत्रण कानून को लेकर जागरूकता बढ़ाना और इस दिशा में समाज का समर्थन जुटाना है। गोपाल राय ने देश की बढ़ती जनसंख्या को लेकर चिंता जताई।

### अपराधियों के घर पर नोटिस चस्पा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में सेंट्रल जोन की पुलिस टीम ने मदेयगंज इलाके में फरार चल रहे अपराधी के घर पर नोटिस चस्पा किया है। शुक्रवार को कार्रवाई करते हुए 2 आरोपियों के घर पर मुनादी की गई। पुलिस का मानना है कि आम जनता का पुलिस पर विश्वास बढ़ेगा और अपराधियों की गिरफ्तारी के साथ आत्मसमर्पण की संभावना भी बढ़ेगी। नगरिया ठाकुरगंज निवासी आलोक मिश्रा पुत्र राजेश चन्द्र मिश्रा और तकिया थाना मदेयगंज रोहित निषाद पुत्र बाबूलाल निषाद के घर बाहर नोटिस लगाया गया। रोहित निषाद और आलोक मिश्रा मारपीट, चोरी व गैंगस्टर एक्ट जैसे मामले में फरार चल रहे। मदेयगंज पुलिस ने सरगना और उसके साथी के घर नोटिस चस्पा कर हाजिर होने को लेकर फरमान जारी किया गया है। पुलिस ने ऐलान करते हुए कहा कि अगर भगोड़े हाजिर नहीं होते हैं तो पुलिस इनाम जारी कर कुर्की की कार्रवाई करेगी।

### रियलमी ने लॉन्च किया 14 प्रो सीरीज 5 जी



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** भारतीय युवाओं के सबसे लोकप्रिय स्मार्टफोन ब्रांड, रियलमी ने आज अपने स्मार्टफोन और एआईओटी पोर्टफोलियो में अत्याधुनिक उत्पाद- रियलमी 14 प्रो सीरीज़ 5जी और रियलमी बड्स वायरलेस 5 पेश किए। रियलमी 14 प्रो सीरीज़ 5जी दो इनोवेटिव मॉडलों रियलमी 14 प्रो 5जी और रियलमी 14 प्रोट 5जी के साथ आ रही है। इन दोनों स्मार्टफोंस को मशहूर डेनिश डिज़ाईन स्टूडियो, वेल्योर डिज़ाइनर्स के सहयोग से बनाया गया है। इस लॉन्च के बारे में रियलमी के प्रवक्ता ने कहा, हम अपने लेटेस्ट इनोवेशन - रियलमी 14 प्रो सीरीज़ और रियलमी बड्स वायरलेस 5एएनसी लॉन्च करके बहुत उत्साहित हैं। रियलमी 14 प्रो सीरीज 5जी सीमाओं को लगातार आगे बढ़ाने और ग्राहकों को उद्योग के सर्वोत्तम फीचर्स प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करती है।



न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई, न्यायाधीश सर्वोच्च न्यायालय कार्यपालक अध्यक्ष, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली ने उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के नवनिर्मित कार्यालय भवन 4/7 गोमती नगर विस्तार, लखनऊ का उद्घाटन किया।

# डालीबाग में कबाड़ व फर्नीचर का कारोबार करने वालों पर चला एलडीए का बुलडोजर

- अवैध कब्जे के खिलाफ अभियान के तहत एलडीए ने की कार्रवाई

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के हजरतगंज थाना क्षेत्र में स्थित डालीबाग में कबाड़ और फर्नीचर का कारोबार करने वालों पर फिर एलडीए का बुलडोजर चला है। अवैध कब्जे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एलडीए ने कार्रवाई की। लगभग एक दर्जन अस्थाई दुकानों को तोड़ा गया है। सरकारी जमीन पर लंबे समय से यह कारोबार चल रहा था, जिसे अवैध बताते हुए एलडीए ने बुल्डोजर चलाया।

एक्शन के दौरान कब्जेदारों ने इसका विरोध किया और समय मांगा। मौके पर मौजूद दुकानदार ने बताया, पहले भी एलडीए की टीम आई थी हमने उनसे समय मांगा था। आज फिर बिना किसी पूर्व सूचना के क्षेत्रीय पुलिस के साथ एलडीए के लोग आए और हमारी दुकानों पर बुलडोजर चला दिया। बुजुर्ग सुनीता ने बताया कि 30 साल से हमारी यहां दुकान है और हम रह रहे थे। अब अचानक से तोड़ दिया गया। इस बुढ़ापे और भीषण ठंडी में कहां जाएं। थाने पर चौकी पर हम लोग पैसे भी देते थे। हम चाहते हैं कि सरकार हमें सिर छुपाने की जगह दें। हम गरीब लोग हैं कहां जाएंगे। दुकान पर बुलडोजर चलने के बाद रोते हुए शिवम ने बताया कि यह मेरे पापा के समय से दुकान है। लगभग 26 साल पुरानी है। स्कूल के बाद सीधे मैं इसी दुकान पर आता था। 2 दिन पहले भी एलडीए के लोग आए थे। हम लोगों को टाइम दिया गया था। 26 सालों का सामान इतनी जल्दी कहां शिफ्ट हो जाएगा। सरकार ने कहा था कि जो जहां है उसे वहां ही बसा दिया जाएगा। मगर हमारी दुकान तोड़ दी गई। हम लोग बांग्लादेश या असम के नहीं है यही के हैं। हम सब लोग वोट डालने जाते हैं। नंदकिशोर ने कहा कि बिना नोटिस दिए हमारी दुकानों को तोड़ दिया गया। पुराना फर्नीचर बेचकर अपना पेट पालते थे। एलडीए की टीम ने पहले बताया कि जो आसाम के लोग हैं उनकी झोपड़ियां को ही तोड़ा जाएगा। देखते ही देखते हम लोगों की दुकान पर भी बुलडोजर चला दिया। यहां पर 2000 से अधिक आसामी भी रहते हैं। हमारी दुकानों की संख्या 10 है।

### मिल्कीपुर उपचुनाव : अखिलेश ने उठाए एसएचओ की नियुक्ति पर सवाल

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के अयोध्या स्थित मिल्कीपुर सीट पर पांच फरवरी को चुनाव होना है। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने मतदान से पहले पुलिस थानों में एसएचओ-एसओ की नियुक्ति पर सवाल उठाए हैं पीडीए के प्रतिशत का जिक्र किया है। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने शनिवार को सोशल मीडिया मंच एक्स के माध्यम से एक इंडेक्स जारी करके लिखा कि जो यह कह रहे हैं कि नियुक्ति मेरिट के आधार पर हुई हैं, क्या उनका मतलब यह है कि पीडीए में मेरिट नहीं है। अखिलेश ने आंकड़े में लिखा है अयोध्या के थानों में तैनात एसएचओ, एसओ में पीडीए जिसमें उन्होंने अपने इंडेक्स में लिखा कि टोटल पोस्टिंग 26, पीडीए छह। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक आंकड़ा शेयर किया था। उन्होंने लिखा कि चुनाव आयोग मिल्कीपुर में भाजपा के पक्षपाती अधिकारियों की नियुक्ति का संज्ञान ले अपनी निष्पक्ष कार्यशैली की स्वस्थ परंपरा को सुनिश्चित करते हुए अपनी कड़ी निगरानी में चुनाव करवाए।

# बीच सड़क पर बेतरतीब खड़े वाहनों के आगे नतमस्तक यातायात पुलिस

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** रिंग रोड पर ट्रैफिक पुलिस के सुस्त रवैए के चलते टेढ़ी पुलिया चौराहे से मुंशी पुलिया चौराहे तक यातायात व्यवस्था की सूरत बिगड़ी सी नज़र आती है। उत्तर प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ के मंसूबों पर पानी फेर रहे हैं। ट्रैफिक पुलिसकर्मी एक तरफ जहां प्रदेश के मुखिया और आला अधिकारी अवैध पार्किंग और ट्रैफिक व्यवस्था को ढंग से चलाने के आदेश देते रहते हैं वहीं दूसरी तरफ उन्हीं के मातहत आदेशों पर पलीता पोतने में कोई कोताही नहीं बरतते।

ट्रैफिक पुलिस के लापरवाही भरे रवैए के कारण टेढ़ी पुलिया चौराहा हो या जगरानी प्वाइंट या खुर्रम नगर चौराहा या मुंशी पुलिया चौराहा लगभग हर जगह अवैध पार्किंग का अड्डा बन गया है और सड़क पर बेतरतीब खड़े ई रिक्शा हादसों को दावत देते नज़र आते हैं। ई रिक्शा बीच सड़क पर खड़ा कर रिक्शा चालक एक दूसरे से सवारी भरने के चक्कर में चौराहे पर ही भिड़ जाते हैं। जगरानी कट के पास हो या मुंशी पुलिया चौराहा नए बने फ्लाईओवर के नीचे चार पहिया वाहनों को खड़ा करने का अड्डा अलग नज़र आता है, जिसके कारण भी राहगीरों को तमाम समस्याओं का सामना करना पड़ता है। फ्लाई ओवर चालू होने के बाद भी रिंग रोड की ट्रैफिक व्यवस्था चरमराई हुई नज़र आती है पर मजाल है कि अपनी चौकी और कुर्सी पर बैठे यातायात पुलिस कर्मियों के कानों में जूं रेंग जाए।

# ईको टूरिज्म से स्थानीय रोजगार पैदा करने पर जोर : जयवीर सिंह

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश पर्यटन द्वारा महाकुम्भ प्रयागराज के अवसर पर डिजिटल प्रदर्शनी पंडाल की स्थापना की गई है। इसका मुख्य उद्देश्य महाकुम्भ में देश-दुनिया से आने वाले पर्यटकों, श्रद्धालुओं को राज्य में व्याप्त पर्यटन की असीम संभावनाओं से परिचित कराना है। यह महाकुम्भ की अवधारणा दिव्य, भव्य एवं डिजिटल पर आधारित है।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि प्रदर्शनी पंडाल में एनामार्फिक डिजिटल वॉल के माध्यम से उत्तर प्रदेश के पर्यटन गंतव्यों को प्रदर्शित किया गया है। पंडाल में आने वाले पर्यटकों श्रद्धालुओं को महाकुम्भ के अतिरिक्त उत्तर प्रदेश के पर्यटन गन्तव्यों को प्रदर्षित कर वहां भ्रमण हेतु प्रेरित करने का प्रयास किया गया है। पंडाल में ईको टूरिज्म सें सम्बन्धित गन्तव्यों स्थल पर्यटकों को विशेष रूप से आकर्षित कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के लिए जाना जाता है। इस पंडाल की समृद्ध संस्कृति का भी प्रदर्शन किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश इसके अलावा उत्तर प्रदेश के प्रसिद्ध हस्तशिल्प उत्पाद को भी दर्शाया जा रहा है। उत्तर प्रदेश की समृद्धशाली सांस्कृतिक, आध्यात्मिक, ऐतिहासिक एवं प्राकृतिक विरासत को एक पण्डाल में प्रदर्शित किया जा रहा है। इसमें उत्तर प्रदेश पर्यटन से संबंधित आनलाइन क्वीज का भी आयोजन किया जा रहा है। जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र डिजिटली प्रदान किया जायेगा। इस प्रदर्शनी पंडाल में विभाग द्वारा पर्यटन गन्तव्यों पर निर्मित कराई गई एआर-वीआर फिल्मों को प्रदर्शित किया जा रहा है। पर्यटकों को प्रदर्शनी पंडाल से ही पर्यटन गन्तव्यों का 360 डिग्री व्यू देखने को मिलेगा।

### लिव-इन पार्टनर को कार से रौंदा, हिस्ट्रीशीटर आरोपी हिरासत में

**लखनऊ।** लखनऊ के पीजीआई थाना क्षेत्र में महिला की संदिग्ध मौत का मामला सामने आया था। शुक्रवार सुबह महिला का खून से लथपथ शव मिलने के बाद परिजनों ने उसके लिव-इन पार्टनर पर हत्या का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया। मृतका के भाई ने हत्या की आशंका जताई थी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए शनिवार को आरोपी लिव-इन पार्टनर गिरजा शंकर पाल को हिरासत में ले लिया है। दोनों के बीच रुपयों के लेनदेन को लेकर अक्सर विवाद होता था। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी ने महिला को कार से कुचल कर हत्या की है। पुलिस ने कोतवाली में खड़ी आरोपी की कार की फोरेंसिक टीम से जांच कराई है। पुलिस जल्द ही मामले का खुलासा करने की तैयारी में है। लखनऊ के पीजीआई इलाके में डिफेंस एक्सपो पार्क के पास शुक्रवार तड़के एक महिला घायल अवस्था में सड़क पर पड़ी मिली थी। राहगीरों की सूचना पर पुलिस उसे पीजीआई अपेक्स ट्रॉमा सेंटर ले गई, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# गायत्रीपुरम में चल रही राम कथा का समापन

## मुख्य अतिथि के रूप में लखनऊ विवि के पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष व भाजपा एमएलसी संतोष सिंह हुए शामिल

समृद्धि न्यूज







**लखनऊ।** कुर्सी रोड स्थित गायत्रीपुरम अभिनव स्कूल गायत्री सरोवर वाटिका के पास जनसेवा कल्याण समिति के तत्वावधान में आयोजित दस दिवसीय राम कथा का शनिवार को समापन हुआ। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में एमएलसी संतोष सिंह मौजूद रहे व उनके साथ पार्षद शिवम् उपाध्याय व प्रतिनिधि दीपक तिवारी भी मौजूद रहे। यह रामकथा 10 जनवरी से 18 जनवरी तक चली।

कथा के समापन पर भाजपा एमएलसी संतोष सिंह ने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में यहां मौजूद भक्तों को देखकर मन प्रफुल्लित हो उठा, साथ ही उन्होंने लोगों से आह्वान किया कहा कि प्रभु श्री राम के आदर्शों पर चलकर राम राज्य का निर्माण करें। कथावाचक वैष्णव कुलभूषण के संबोधन से माहौल भक्तिमय हो गया। वहीं पार्षद प्रतिनिधि दीपक तिवारी ने बताया कि जनसेवा कल्याण समिति के प्रयास से रामभक्तों के लिए दिव्य श्रीराम कथा का आयोजन सफल रहा। उन्होंने बताया कि इस पवित्र अवसर पर भक्तजनों की अपार आस्था और उत्साह देखने को मिला। रामकथा के दौरान वातावरण भक्तिमय हो उठा और इसके माध्यम से प्रभु श्रीराम के आदर्श जीवन और मर्यादाओं का संदेश जनहित तक पहुंचाया जाएगा। यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था को सुदृढ़ करता है बल्कि समाज में सद्भाव और सकारात्मक ऊर्जा का संचार भी करता है। फूलबाग कॉलोनी गायत्रीपुरम, लखनऊ में पार्षद शिवम उपाध्याय व पार्षद प्रतिनिधि दीपक तिवारी द्वारा आयोजित श्रीराम कथा महोत्सव एवं पर्यावरण सुरक्षा यज्ञ में सम्मिलित होकर कथा का श्रवण करने तथा व्यासपीठ पर विराजमान सत्येन्द्र कृष्ण शास्त्री जी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

कथा के समापन पर अभिषेक सिंह, अनिल मिश्रा, अजीत सिंह, महेन्द्र सिंह, रमाकांत शुक्ला, नमन, गुलाब चन्द्र त्रिपाठी, वार्ड अध्यक्ष अनिल मिश्र सहित सैकड़ों की संख्या में लोगों ने कथा का रसपान किया।

### अग्निवीर ऑफिस असिस्टेंट भर्ती में 13 जिलों से 196 अभ्यर्थियों ने लिया हिस्सा

**लखनऊ ।** शनिवार को सेना भर्ती कार्यालय लखनऊ के तहत आनेवाले यूपी के 13 जिलों - औरैया, चित्रकूट, कन्नौज, बांदा, महोबा, हमीरपुर, बाराबंकी, गोंडा, कानपुर देहात, उन्नाव, कानपुर नगर, फतेहपुर व लखनऊ के सभी तहसीलों के अभ्यर्थियों के लिए अग्निवीर ऑफिस असिस्टेंट श्रेणी के लिए भर्ती रैली आयोजित की गई। भर्ती रैली में कुल 247 अभ्यर्थियों को बुलाया गया था, जिनमें से 196 अभ्यर्थियों ने रैली में भाग लिया। रविवार को सेना भर्ती कार्यालय लखनऊ के अंतर्गत आनेवाले उत्तर प्रदेश के 13 जिलों- औरैया, चित्रकूट, कन्नौज, बांदा, महोबा, हमीरपुर, बाराबंकी, गोंडा, कानपुर देहात, उन्नाव, कानपुर नगर, फतेहपुर और लखनऊ की तहसीलों के अभ्यर्थियों के लिए अग्निवीर ट्रेड्समैन (कक्षा 8वीं और 10वीं उत्तीर्ण) श्रेणी के लिए भर्ती रैली आयोजित की जाएगी।

रणनीति

### यह पांच दिवसीय भव्य आयोजन 23 से 27 जनवरी तक इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में होगा आयोजित

# उत्तर प्रदेश में निवेश के नए द्वार खोलेगा यूपीआईटीईएक्स

- दो लाख से अधिक दर्शकों के आने की उम्मीद

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास और आर्थिक प्रगति को गति देने के उद्देश्य से यूपी स्टेट चौप्टर, पीएचडीसीसीआई, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार, ओडीओपी उत्तर प्रदेश और इन्वेस्ट यूपी के सहयोग से उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड एक्सपो (यूपीआईटीईएक्स) 2025 की मेजबानी करने जा रहा है।

यह पांच दिवसीय भव्य आयोजन 23 से 27 जनवरी 2025 तक लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में लॉन नंबर 2 में आयोजित होगा। यूपीआईटीईएक्स उत्तर प्रदेश को 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य की ओर बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। यह व्यापार और निवेश को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ स्थानीय और अंतरराष्ट्रीय साझेदारियों को भी बढ़ावा देगा। यूपीआईटीईएक्स 2025 उत्तर प्रदेश की अपार औद्योगिक क्षमता को प्रदर्शित करने का एक प्रमुख मंच होगा, जिसमें 300 से अधिक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शकों की भागीदारी होगी। विवेक अग्रवाल, सह-अध्यक्ष, यूपी स्टेट चैप्टर, पीएचडीसीसीआई और डायरेक्टर-अधाता ग्लोबल लिमिटेड (टिम्बरवर्क्ज) ने कहा, यूपीआईटीईएक्स 2025 प्लाईवुड उद्योग के लिए निर्माताओं और व्यापारियों के लिए एक बड़ा मौका है। यह उत्तर प्रदेश में प्लाईवुड क्षेत्र की संभावनाओं को जानने का एक बेहतरीन अवसर है। सरकार की योजनाओं और प्रोत्साहनों के साथ, राज्य को एक मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने की दिशा में यह एक बहुत अच्छा अवसर है।

### यूपी की औद्योगिक क्षमताओं का सशक्त प्रदर्शन की उम्मीद

यह आयोजन ओडीओपी उत्तर प्रदेश, इन्वेस्ट यूपी, यूपी खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड, गुजरात ओडीओपी, यूपीएसआरएलएम, राष्ट्रीय जूट बोर्ड, नाबार्ड, एफएमसीजी, हस्तशिल्प, लेदर प्रोडक्ट्स, फूड कोर्ट, ऑटोमोबाइल और अन्य क्षेत्रों के लिए समर्पित पवेलियन प्रस्तुत करेगा। इसमें उद्योग जगत से जुड़े व्यवसायों और उपभोक्ताओं को अपने नवीनतम उत्पादों और सेवाओं को प्रदर्शित करने और संभावित ग्राहकों के साथ नेटवर्क स्थापित करने का अवसर मिलेगा। इस महत्वपूर्ण आयोजन में रेडिको खेतान लिमिटेड, अधाता ग्लोबल लिमिटेड (टिम्बरवर्क्ज), केईआई इंडस्ट्रीज लिमिटेड, गोल्डी समूह, सिडबी और एसबीआई जैसी प्रमुख संस्थाएं भी सहभागी हैं। राजेश निगम, सह-अध्यक्ष, यूपी स्टेट चैप्टर, पीएचडीसीसीआई और प्रेसीडेंट-टेक्निकल, करम ने कहा, यूपीआईटीईएक्स 2025 न केवल उत्तर प्रदेश को वैश्विक व्यापार मानचित्र पर स्थान दिलाएगा, बल्कि यह राज्य में निवेश और रोजगार के नए अवसर भी उत्पन्न करेगा। हमारी कोशिश है कि यह एक्सपो उत्तर प्रदेश की औद्योगिक क्षमताओं का सशक्त प्रदर्शन बने।

# 1.97 लाख लाभार्थियों को मिला संपत्ति अधिकार

**गोंडा में घरौनी वितरण कार्यक्रम का केंद्रीय मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने किया शुभारंभ**



गोंडा, समृद्धि न्यूज़

जिले में शनिवार को ऐतिहासिक घरौनी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसके तहत 1 लाख 97 हजार लाभार्थियों को संपत्ति अधिकार से संबंधित प्रॉपर्टी कार्ड (घरौनी) वितरित किए गए। इस अवसर पर 9,800 लाभार्थियों को प्रतीकात्मक रूप से घरौनी सौंपी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत परिसर में किया गया, जहां विभिन्न पहलुओं की शुरुआत के साथ विकास कार्यों को गति देने का संकल्प लिया गया।

यह कार्यक्रम न केवल लाभार्थियों के लिए उत्सव जैसा साबित हुआ, बल्कि प्रधानमंत्री की गांव और गरीबों को सशक्त बनाने की ÷स्वामित्व योजना÷ का अद्वितीय उदाहरण भी बना। घरौनी वितरण के साथ जिले के लोगों ने न केवल संपत्ति के अधिकार को स्वीकृति मिली, बल्कि इससे वित्तीय और कानूनी सुरक्षा भी सुनिश्चित हुई। केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री और सांसद गोंडा कीर्तिवर्धन सिंह ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सड़क सुरक्षा प्रचार वाहन और ग्राम पंचायत स्तर पर डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर रश्मि वर्मा, प्रभागीय वन अधिकारी पंकज कुमार शुक्ल, अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार, मुख्य राजस्व अधिकारी महेश प्रकाश, नगर मजिस्ट्रेट पंकज वर्मा, उप जिलाधिकारी सदर अवनीश त्रिपाठी, तहसीलदार सदर रंजन वर्मा, परियोजना निदेशक डीआरडीए चंद्रशेखर, जिला पंचायत राज अधिकारी लालजी दुबे, जिला आपदा विशेषज्ञ राजेश श्रीवास्तव, नगर पालिका अधिकारी संजय कुमार मिश्र समेत अन्य शामिल हुए।

**कार्यक्रम की मुख्य विशेषताएं**

केंद्रीय मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह और जनप्रतिनिधियों ने वेंडिंग जोन का फीता काटकर उद्घाटन किया। जिला पंचायत सभागार में लगे विभिन्न विभागों के स्टॉल्स का अवलोकन भी कार्यक्रम का अहम हिस्सा रहा। इस मौके पर जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए गए। कंबल वितरण में सदर विधायक प्रतीक भूषण सिंह, आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील, जिलाधिकारी नेहा शर्मा और भाजपा जिलाध्यक्ष अमर किशोर कश्यप ने अपनी सहभागिता दर्ज की। वरिष्ठ अधिकारी और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति- कार्यक्रम में केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम मिश्र, विधायक सदर गोंडा प्रतीक भूषण सिंह, आयुक्त देवीपाटन मंडल शशि भूषण लाल सुशील, जिलाधिकारी नेहा शर्मा और मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन के अलावा कई अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# मेरे ऊपर लगाए गए सारे आरोप निराधार : डॉक्टर






गोन्डा, समृद्धि न्यूज।

जनपद में एक मरीज के परिजनों द्वारा मुख्य चिकित्साधिकारी अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि जीवन हास्पिटल में मरीज राधा का इलाज डॉ रहनुमा के द्वारा किया जा रहा था।इलाज के दौरान डॉ रहनुमा ने मरीज राधा को पर्चे पर दवा लिखी थी वह मेडिसिन उनके ही हॉस्पिटल में लिया गया था जो सायं को घर आने पर मेडिसिन राधा ने खा लिया,मेडिसिन खाने के बाद राधा को परेशानी अधिक हो गई जिससे परिजनों ने मरीज राधा को दूसरे अस्पताल में दिखाया और भर्ती कर दिया जहां पर मरीज भर्ती है। पीड़ित परिजन का आरोप है कि हमने जो दवा जीवन हास्पिटल से लिया था वह दवा डेट एक्सपायर थी।परिजन शिकायतकर्ता का आरोप यह भी है कि जिस डाक्टर ने मेरे मरीज को देखा था उनके पास कोई डिग्री नहीं है हॉस्पिटल के बोर्ड पर बहुत सारे डाक्टर का नाम लिखा है जो डॉक्टर कभी आते ही नहीं है हॉस्पिटल का कोई रजिस्ट्रेशन भी नहीं है डॉक्टर रहनुमा और डॉक्टर साहिल हॉस्पिटल को चलाते हैं।पीड़ित परिजन ने जांच की मांग की है।इस सम्बन्ध में जीवन हास्पिटल के डॉक्टर यार मोहम्मद से सम्पर्क कर मामले की जानकारी की गई तो उन्होंने बताया कि आरोप निराधार है,जो दवा का पर्चा और दवा वायरल हो रहा है।उस वायरल दवा के पर्चे पर वायरल दवा कहीं भी लिखी ही नही है।जो भी शिकायत पत्र दिया गया है वह केवल परेशान करने हेतु आरोप लगाया गया है।

# रेलवे की जमीन पर कब्जे को लेकर अधिकारी दे रहे गोलमाल जवाब



गोन्डा, समृद्धि न्यूज।

जनपद में लगातार रेलवे की जमीन कब्जाने की खबर का चर्चा जोरों पर है कई दिन बीत जाने के बाद भी अधिकारी उचित जवाब नहीं दे सके हैं। प्रकाशित खबरों की मानें तो सबसे ज्यादा लोगों में चर्चा इस बात पर है कि कर्मचारी तो कर्मचारी अधिकारी भी गोलमाल जवाब दे रहे हैं जबकि मौके का नजारा कुछ और ही है।पूर्व मे कुछ लोगों के द्वारा गोन्डा जंक्शन के पास रेलवे भूमि पर बने तालाब के बगल अवैध जमीन कब्जे की शिकायत ट्विटर के माध्यम से रेल प्रशासन के उच्च अधिकारियों को की गई थी। जिसपर रिप्लाई में लिखा था की सम्बन्धित अधिकारियों को सूचना दे दी गई है।बता दे की अधिकारी इस मामले में जवाब देना उचित नहीं समझते हैं वहीं पूर्व में मीडिया को अवैध कब्जे की बात पर अस्सिटेंट डिविजनल इंजीनियरिंग स्पेशल ने कहा था कि एक कमरा कच्चा बना सकते ताकि मछली का चारा आदि रखा जा सके लेकिन मौके पर जाने से परहेज कर रहे हैं। जिसका जीता-जागता सबूत है कि मौके पर एक नहीं बल्कि दो छप्पर का घर है और तो और पूरा परिवार बसा है।इस सम्बन्ध में पुनः जानकारी हेतु आईओडब्लू सुभाष के नम्बर काल किया गया लेकिन काल रिसीव नहीं किया गया।जिससे प्रतीत हो रहा है कि मौके पर जाने से हिला हवाली बरती जा रही है।मामला है गोन्डा जनपद के रेलवे विश्राम आवास के बगल गली में रेलवे का तालाब है उसी के बगल कुछ लोग ईंटों से निर्मित मकान का कार्य कर? रहे हैं जो चर्चा का विषय बना है तो वही रेलवे के जिम्मेदार अन्जान बने हुए हैं।मामला चर्चा में तब आया जब रेलवे के जमीन पर मजार बनाकर कब्जा करने का भी प्रयास किये जाने की सूचना मीडिया को मिली।चर्चा के मुताबिक जब जमीनी हकीकत देखने कुछ पत्रकार मौके पर पहुंचे तो निर्माण हो रहा रहा था और एक व्यक्ति निकल कर आया कहने लगा की तालाब मेरा है इसी लिए ईंटों का प्रयोग करके कमरे को बना रहा हूं जबकि उसी रेलवे के जमीन पर अन्य भी जबरन कब्जा है इसका भी खुलासा कई लोगों ने किया है।फिलहाल अधिकारियों का पक्ष लेने पर लगातार संदिग्ध जवाब से लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# तालाब पर अवैध कब्जा, शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं

**सदर तहसील के पूरेसिधारी में तालाब को पाटकर हो रहा अवैध कब्जा**

धानेपुर /गोण्डा, समृद्धि न्यूज।

सदर तहसील के पूरेसिधारी मे तालाब को पाटकर कब्जा हो रहा है। शिकायत पर कार्य वाही नहीं हो रही है। मिली जानकारी के अनुसार पूरेसिधारी मे गाटा संख्या 199मे तालाब है, जिसका रकबा 1.58हे. है तालाब को पाटकर कब्जा किया जा रहा है वंही तालाब खाते की जमीन मे फूलमती व प्रेमलता को पट्टा कर दिया गया।

उक्त पट्टे को निरस्त करने और तालाब की पैमाइश कराकर अवैध कब्जे को हटवाने के लिए कई बार ग्रामवासी करमचंद्र पुत्र राम सबन ने तहसील दिवस, जनसुनवाई शिकायत किया। कोई कार्य वाही नहीं हुई। हल्का लेखपाल ने पांच अगस्त दो हजार चौबीस मे रिपोर्ट दिया कि गाटा संख्या 199मे तालाब है। पैमाइश कर दिया गया एवं कब्जा हटवा दिया गया। पीड़ित ने आरोप लगाया कि सन 2022 से पट्टा निरस्त और तालाब की नाप कराकर कब्जा हटवाने हेतु शिकायत कर रहाहूँ। अभी तक न तो तालाब की नाप हुई न कब्जा हटवाया गया। लेखपाल गलत रिपोर्ट लगा देते है। पट्टा निरस्त नहीं हुआ। जबकि उच्च न्यायालय ने तालाब से अवैध कब्जे हटवाकर खाली कराने और कब्जा रोकने का आदेश है। किन्तु यंहा नियमों को ताक पर रखकर कार्य किया जा रहा है। तालाब की जमीन मे कैसे पट्टा कर दिया गया।

# डीएम ने सुनी समस्याएं, त्वरित समाधान के दिए निर्देश





गोण्डा, समृद्धि न्यूज।

तरबगंज नगर पंचायत में शनिवार को नागरिक संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विशेष मौके पर जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने स्थानीय नागरिकों से सीधा संवाद स्थापित करने और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए चौपाल लगाई।

कार्यक्रम नगर पंचायत कार्यालय के पास आयोजित हुआ, जहां डीएम ने आम नागरिकों की समस्याओं को गहराई से सुना और संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके बाद, उन्होंने नगर पंचायत के वार्ड नंबर तीन का स्वयं निरीक्षण किया और विकास कार्यों की स्थिति का जायजा लिया।

जनचौपाल में जनता ने कई मुद्दों पर अपनी समस्याएं रखीं। आवास योजना में अनियमितताओं पर शिकायतकर्ता जितेंद्र कुमार ने अपनी बात रखी, जिस पर डीएम ने अधिशासी अधिकारी को जवाबदेही तय करने का निर्देश दिया। राशन कार्ड और पेंशन योजना में गड़बड़ियों को लेकर भी कई शिकायतें दर्ज की गईं। सीतापति, इंदु देवी और उर्मिला सिंह जैसी महिलाओं की समस्याओं को सुनते हुए डीएम ने मौके पर ही समाधान सुनिश्चित करने का आदेश दिया। डीएम ने कहा कि हर समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। यह प्रशासन की जिम्मेदारी है कि जनता को योजनाओं का पूरा लाभ मिले। कार्यक्रम के दौरान डीएम ने स्वच्छता अभियान की जानकारी देते हुए नागरिकों से स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग की अपील की। उन्होंने कूड़ा निस्तारण और स्वच्छता से जुड़ी सरकारी योजनाओं की जानकारी दी और कहा कि नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है।

कार्यक्रम में बिजली विभाग, समाज कल्याण विभाग, आपूर्ति विभाग और नगर पंचायत जैसे कई विभागों के शिविर लगाए गए। इन शिविरों में संबंधित अधिकारियों ने नागरिकों की समस्याओं को सुना और उनके समाधान के लिए तत्काल कदम उठाए। इस आयोजन में एडीएम आलोक कुमार, एसडीएम विशाल कुमार, सीओ उमेश्वर प्रभात सिंह, तहसीलदार अनुराग पांडे और बीडीओ रवि कुमार गुप्ता ने सक्रिय रूप से भाग लिया। ब्लॉक प्रमुख मनोज कुमार पांडे और नगर पंचायत अध्यक्ष कमलेश पांडे ने भी जनता की समस्याओं पर ध्यान दिया। कार्यक्रम के अंत में डीएम नेहा शर्मा ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन प्रशासन और जनता के बीच संवाद को सशक्त बनाते हैं। हमारी कोशिश है कि सभी शिकायतों का समयबद्ध और प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाए। स्थानीय महिलाओं और नागरिकों ने जिलाधिकारी के प्रयासों की प्रशंसा की और उन्हें जनहित में सशक्त प्रशासन का उदाहरण बताया।

## किशोरी ने खाया जहरीला पदार्थ, इलाज के दौरान मौत

**जरवलरोड बहराइच समृद्धि न्यूज़** जरवलरोड थाना क्षेत्र के खेसुआ गांव निवासी (13) सायमा पुत्री स्व नईम ने शुक्रवार की शाम गलती से घर में रखा कोई जहरीला पदार्थ खा लिया जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। आनन फानन में परिजनों ने उसे निकटतम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुस्तफाबाद में भर्ती कराया लेकिन उसकी हालत गंभीर हो गई और डॉक्टरों ने उसे तत्काल मेडिकल कॉलेज बहराइच रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान शुक्रवार की देर रात उसकी मौत हो गई है। रोते हुए मृतक की मां मेसरून ने बताया कि बीमारी से कुछ समय पहले उनके पति की मौत हो गई थी। घर एक बेटा और चार बेटियां थी मजदूरी करके सबका पालन कर रही थीं। बेटी की मौत से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

# प्रमुख प्रतिनिधि ने स्वामित्व योजना के तहत ग्रामीणों को वितरित की घरौनी

**लाभार्थियों को दिखाया गया पीएम का वर्चुअल प्रसारण**




विशेश्वरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज।

विशेश्वरगंज खंड विकास मुख्यालय पर शनिवार को ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि राकेश पांडेय की उपस्थिति में स्वामित्व कार्ड (घरौनी) वितरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा किए वर्चुअली घरौनी वितरण का सीधा प्रसारण देखा गया।भारत सरकार द्वारा स्वामित्व योजना के तहत गांवों में ड्रोन सर्वे कर घर चिह्नित किए गए। इसके बाद इनका मालिकाना हक तैयार किया गया है। घरों के मालिकाना हक का कानूनी दस्तावेज नहीं था। अब घरौनी के रूप में घर के मालिकाना हक का दस्तावेज रहेगा। गांवों में घरों के मालिकाना हक का दस्तावेज न होने के कारण विवादों के निस्तारण में दिक्कत आती थी, अब ऐसा नहीं होगा। घरों पर बैंक से कर्ज लेने की सुविधा रहेगी। ग्राम पंचायतों को घरों पर कर निर्धारण का अधिकार रहेगा, इससे राजस्व बढ़ेगा। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सुल्ताना के ग्रामीणों को घरौनी ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि द्वारा वितरित की गई।इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी सर्वेश तिवारी, एडीओ पंचायत, ग्राम सचिव अरुण कुमार पांडेय सहित ब्लाक के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बालिका पर हमला करने वाला तेंदुआ कैद



**तीन दिन पूर्व खेत गई बालिका की तेंदुए के हमले में हुई थी मौत**

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

जनपद के ग्राम पंचायत उर्रा निवासी बालिका को तीन दिन पूर्व तेंदुए ने हमला कर मार डाला था। तेंदुए को पकड़ने के लिए वन विभाग की ओर से पिंजरा लगाया गया था। शनिवार सुबह तेंदुआ पिंजरे में कैद हो गया। उसे रेंज कार्यालय लाया गया है।मोतीपुर थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत उर्रा के मजरा तमोलिनपुरवा गांव निवासी शालिनी (8) पुत्री बैज नाथ परिवार के साथ खेत गई थी। तीन दिन पूर्व खेत में काम करते समय शाम 5:00 बजे तेंदुए ने हमला कर बालिका को मौत के घाट उतार दिया था। तेंदुए की हमले में बालिका की मौत के बाद ग्रामीणों द्वारा वन विभाग से पिंजरा लगाने की मांग की गई। ग्रामीणों की मांग पर कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के ककरहा वन रेन्ज के वन कर्मियों ने घटनास्थल के निकट पिंजड़ा लगवाया। पिंजरा लगने के तीसरे दिन शनिवार सुबह बकरी के शिकार के लालच में तेंदुआ सुबह लगभग 7:20 बजे पिंजरे में कैद हो गया। वन कर्मी उसे रेंज कार्यालय लेकर आए हैं। डीएफओ बी शिव शंकर ने बताया कि स्वास्थ्य जांच और अधिकारियों के निर्देश के बाद तेंदुआ को जंगल में छोड़ने का फैसला लिया जाएगा।

## खबरें एक नजर में

### अग्निशमन सुरक्षा पर मॉकड्रिल आयोजित



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** चिकित्सा महाविद्यालय एवं महर्षि बालार्क चिकित्सालय में शनिवार को अग्निशमन सुरक्षा पर मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। चिकित्सा महाविद्यालय परिसर में एवं दोपहर 1 बजे महर्षि बालार्क चिकित्सालय के एमसीएच विंग के सामने आयोजित हुआ। इस मॉकड्रिल का नेतृत्व महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ संजय खत्री ने किया, जिसमें मुख्य अग्निशमन अधिकारी और उनकी टीम ने संकाय सदस्यों, चिकित्सकों एवं कर्मचारियों को आग से बचाव के उपायों और आग बुझाने की तकनीकों की जानकारी दी। टीम ने एबीसी एवं सीओ२ सिलेंडरों के उपयोग के तरीके प्रदर्शित किए और अग्निकाल में बरती जाने वाली आवश्यक सावधानियों के बारे में भी विस्तार से बताया। इस दौरान उपस्थित प्रतिभागियों ने मॉकड्रिल के माध्यम से आग से बचने और आपात स्थिति में सुरक्षा सुनिश्चित करने का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त किया।इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एम. एम. त्रिपाठी, नोडल अधिकारी अग्निशमन सुरक्षा डॉ. फराज, डॉ. अरविंद शुक्ला, मैनेजर रिजवान, और उपचारिका टीम सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने अग्निशमन सुरक्षा के महत्व को रेखांकित करते हुए इसे आपातकालीन स्थितियों में अत्यधिक उपयोगी बताया।

### सड़क दुर्घटना में घायल दो की हालत गंभीर, ट्रामा सेंटर रेफर

**जरवलरोड बहराइच, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग पर जरवल रोड थाना क्षेत्र में दो अलग अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में घायल दो की हालत गंभीर है जिन्हें सीएचसी से ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है। शुक्रवार की रात जरवल रोड थाना क्षेत्र के दमड़ी पुरवा अट्ठाइसा गांव निवासी (35) विनोद पुत्र बद्री मोटरसाइकल से गणेशपुर जिला बाराबंकी स्थित अपनी ससुराल जा रहे थे तभी थाना क्षेत्र में ही लखनऊ बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग कुड़वा ओवरब्रिज पर अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दी जिससे विनोद गंभीर रूप से घायल हो गए वही जरवल रोड थाना क्षेत्र अंतर्गत झुकिया गांव निवासी (65) आशिक अली पुत्र सहदुल्ला साइकिल से झुकिया चौराहा के निकट लखनऊ बहराइच हाइवे को पार कर रहे थे तभी अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए है। दोनों घायलों को स्थानीय पुलिस व राहगीरों ने निकटतम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुस्तफाबाद में भर्ती कराया। ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर रहमतुल निशा ने वार्ड बॉय रूमान तथा अनिल तिवारी की मदद से इलाज शुरू किया लेकिन दोनों की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया है। विनोद का ट्रामा सेंटर बहराइच तथा आशिक अली का ट्रामा सेंटर लखनऊ में इलाज जारी है।

# युवक ने खुद को लगाई आग, लखनऊ रेफर

**मौत के लिए उकसाने का दो लोगों पर केस, एक गिरफ्तार**



बहराइच, समृद्धि न्यूज।

जनपद के बिजौवा गांव निवासी एक युवक ने खुद पर पेट्रोल डाल कर आग लगा ली। उसे गंभीर हालत में लखनऊ रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने दो लोगों के विरुद्ध मौत के लिए उकसाने का केस दर्ज कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है।फखरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बिजौवा निवासी सरफुद्दीन (25) पुत्र बाबादीन ने शुक्रवार को खुद के ऊपर पेट्रोल डाल कर जिंदा जला दिया। परिवार के लोगों ने झुलसे युवक को सीएचसी से जिला अस्पताल में भर्ती कराया। यहां हालत गंभीर होने पर लखनऊ रेफर कर दिया गया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी रवि पोखर ने बताया कि सरफुद्दीन सिद्दीकी को जमुना प्रसाद पुत्र रामधीर निवासी अरईखुर्द कोतवाली देहात और मनोज पुत्र मायाराम के विरुद्ध मौत के लिए उकसाने का केस दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि जमुना प्रसाद को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है। तीन माह पहले दर्ज हुआ था केस खुद के ऊपर पेट्रोल डाल कर आग लगाने वाले सरफुद्दीन सिद्दीकी के विरुद्ध गिरफ्तार अभियुक्त जमुना प्रसाद ने 18 अक्टूबर को केस दर्ज कराया था। कोतवाली देहात के अरई खुर्द गांव निवासी जमुना प्रसाद ने सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने और हिन्दू धर्म के विरुद्ध अभद्र टिप्पणी सोशल मीडिया पर करने का केस दर्ज कराया था।

# श्मशान की जमीन से हटा अवैध कब्जा

**अधिवक्ता ने की थी एसडीएम से शिकायत**



बहराइच, समृद्धि न्यूज।

जिले के नगर पंचायत मिहींपुरवा में स्थित श्मशान घाट की जमीन पर कुछ लोगों ने कब्जा कर लिया था। इसकी शिकायत अधिवक्ता ने एसडीएम से की। नगर पंचायत और तहसील प्रशासन की टीम ने कब्जेदारों के निर्माण पर बुलडोजर की कार्रवाई करते हुए कब्जा हटवाया।मोतीपुर थाना क्षेत्र नगर पंचायत मिहींपुरवा के वार्ड नंबर 15 श्मशान घाट की जमीन है। इस जमीन पर कुछ लोगों ने कब्जा कर निर्माण शुरू करवा दिया था। इसकी जानकारी होने पर तहसील के अधिवक्ता प्रदीप कुमार कश्यप ने चार जनवरी को संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायत की थी। शिकायत का संज्ञान लेते हुए नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी संजय कुमार, वार्ड सभासद राजेश चौरसिया की मौजूदगी में अवैध कब्जे पर बुलडोजर चलाया गया। बुलडोजर की कार्रवाई कर नगर पंचायत और तहसील प्रशासन ने कब्जा हटवा दिया है। कार्रवाई के दौरान शिकायतकर्ता प्रदीप कुमार, अशोक कुमार लोधी, अनिरुद्ध सिंह, विवेक कुमार, प्रेम चंद समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## निपुण विद्यालयों के प्रधानाध्यापक व एआरपी सम्मानित

**बीएसए ने प्रतीक चिन्ह, अंगवस्त्र व प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित**



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** निपुण भारत मिशन के अन्तर्गत बेसिक शिक्षा विभाग के परिषदीय विद्यालयों को निपुण विद्यालय बनाने के लिए जनपद के विकास खण्ड जरवल में शैक्षिक सपोर्ट दे रहे अकादमिक रिसोर्स पर्सन व प्रधानाध्यापकों को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। इस मौके पर खण्ड शिक्षा अधिकारी जरवल अरविन्द बहादुर सिंह ने बताया कि विकास खण्ड जरवल के विषय विशेषज्ञ एआरपी कल्पना मिश्रा, मोहम्मद अहमद, अब्दुल मोमिन, एवं रियाज़ अहमद द्वारा सतत प्रयास के फलस्वरूप विकास खण्ड के विद्यालयों को निपुण ब्लाक बनाने में सराहनीय योगदान दिया गया। दिसम्बर माह में विकास खण्ड के दस विद्यालयों का डायट बहराइच के डीएलएड प्रशिक्षुओं द्वारा किये गए आकलन में आठ विद्यालय निपुण विद्यालय घोषित हुए। जिसके उपलक्ष्य में गेंदघर स्थित जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में बीएसए आशीष कुमार सिंह ने एआरपी सहित निपुण विद्यालयों के प्रधानाध्यापक मुईनुद्दीन, राजेन्द्र प्रसाद, श्रद्धा त्रिपाठी, अंजू गौतम, स्नेहलता सिंह, सविता सिंह, मीनाक्षी मिश्रा, ज्योत्सना तिवारी को प्रतीक चिन्ह, अंगवस्त्र, व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

# पलिया टीम ने जीता डे नाइट वालीबॉल टूर्नामेंट

**गंगापुर को हराकर जीता 1100 रुपए का पुरस्कार**



बहराइच, समृद्धि न्यूज।

मिहींपुरवा विकास खंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत गौरा पिपरा के मजरा गौरा में स्थित मैदान में डे नाइट प्रतियोगिता सुबह 11 बजे से प्रारंभ होकर रात 11 बजे समाप्त हुआ। इस प्रतियोगिता में 16 टीमों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। सिंह वालीबाल क्लब के नेतृत्व में आयोजित इस डे नाइट प्रतियोगिता का उद्घाटन स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सरदार दोबारा सिंह, महामंत्री योगेन्द्र मौर्य, रईस खान, तेजपाल,बाबा मंजीत सिंह, प्रगट सिंह, आदि ने संयुक्त रूप से फीता काट कर और खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर किया। इस मौके पर उपस्थित अतिथियों ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल से आपसी प्रेम और प्रतिस्पर्धा बढ़ती है। खेल दो टीमों के खिलाड़ियों एक सूत्र में जोड़ने का काम करती है। उन्होंने ने खेल को आपसी प्रेम भाईचारा अपनाकर खेलने की अपील की। यहां डे नाइट प्रतियोगिता के प्रथम सत्र में गंगापुर व परवानीगौढ़ी की टीम के बीच शानदार मुकाबला हुआ। फाइनल मुकाबला पलिया और गंगापुर के टीम के बीच हुआ। जिसमें पलिया की टीम विजेता रही। गंगापुर की टीम उपविजेता रही। विजेता टीम को सीमा जागरण मंच के जिला महामंत्री योगेन्द्र मौर्य ने 1100 रुपए नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। गुरमीत सिंह ने कहा कि जिला स्तरीय वालीबाल प्रतियोगिता का आयोजन प्रत्येक वर्ष किया जाता है। प्रतियोगिता में जिले के ग्रामीण क्षेत्रों से प्रतिभागी भाग लेते हैं। खिलाड़ियों के हौसला अफजाई करने के लिए यह प्रतियोगिता कराई जा रही है। इससे खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर मिलेगा।

# महाराजा सुहेलदेव जन्म शताब्दी समारोह को लेकर बैठक आयोजित

**चित्तौरा में भव्यता के साथ मनाया जाएगा महाराजा सुहेलदेव का जन्म जयंती महोत्सव**



बहराइच, समृद्धि न्यूज।

चक्रवर्ती सम्राट महाराजा सुहेलदेव जन्म शताब्दी समारोह आयोजन के संबंध में शनिवार को चित्तौरा झील स्थित महाराजा सुहेलदेव स्मारक स्थल पर बैठक का आयोजन किया गया। समिति की ओर से महाराजा सुहेलदेव के विजयी यशोगान को जन जन तक पहुचाने का सामूहिक संकल्प भी लिया गया। महाराजा सुहेलदेव जन्मोत्सव समिति अध्यक्ष यशवेंद्र विक्रम सिंह (राजा भैय्या ) ने बताया कि महाराजा सुहेलदेव भारत के गौरवशाली चक्रवर्ती सम्राट थे जिन्होंने मध्य काल मे अपने पराक्रम से तत्कालीन मुस्लिम आक्रांता एवं लूटेरे सनातन धर्म का मान मर्दन करने वाले सैयद सालार मसूद गाज़ी को उसके लाखो की सेना समेत चित्तौरा झील तट पर मार गिराया था जिनके अस्थिपंजर बहराइच की धरती पर अभी भी यत्र तत्र बिखरे पड़े हैं। सुहेलदेव स्मारक समिति उपाध्यक्ष चित्तौरा राजा भैय्या ने बताया कि आगामी 2 फरवरी (बसंत पंचमी) के पुण्य अवसर पर सुहेलदेव स्मारक चित्तौरा परिसर में महाराजा का जन्म जयंती महोत्सव भव्यता के साथ मनाया जाएगा। महामना मालवीय मिशन अध्यक्ष (अवध) संजीव श्रीवास्तव एडवोकेट ने बताया कि महाराजा सुहेलदेव जन्मोत्सव आयोजन में स्थानीय जनमानस के अलावा समूचे अवध क्षेत्र से महाराजा के जीवन को आत्मसात करने वाले सनातन धर्मियो को भी आमंत्रित किया जा रहा है। रूल ऑफ लॉ सोसाइटी अवध संयोजक सोमेश वर्धन सिंह एडवोकेट ने बताया कि महाराजा के विजयीगाथा को जन जन तक पहुचाने व उनके शौर्य को महिमामंडित करने के लिए वीर रस के ख्यातिलब्ध साहित्यकारो को भी आमंत्रित किया जाएगा । संविधान विशेषज्ञ डॉ चेत नारायण सिंह ने बताया कि महाराजा के शौर्य गाथा को साहित्य से जोड़ने के लिए पत्र पत्रिकाओं में जीवनवृत्त को रेखांकित किया जाएगा ।आयोजित बैठक में प्रमुख रूप से पर्यावरणविद अखिलेश श्रीवास्तव, समाजसेवी अनिल पटेल, समाजसेवी नीतीश श्रीवास्तव, कानूनविद बाल केश्वर श्रीवास्तव, प्रवक्ता डॉ पंकज श्रीवास्तव व विवेक सक्सेना, कानूनविद अनिल त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।समापन अवसर पर महाराजा सुहेलदेव के विजयी शौर्य गाथा को आम जन तक पहुचाने के लिए सामूहिक संकल्प भी लिया गया।

# स्वामित्व योजना : अधिकार पाकर गदगद हुए लोग

- पीएम मोदी का सपना हो रहा साकार : दिनेश प्रताप सिंह
- योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को जमीन का स्वामित्व प्रदान करना : हर्षिता माथुर



रायबरेली समृद्धि न्यूज़।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा स्वामित्व योजना के तहत आयोजित कार्यक्रम के दौरान देशभर के 50,000 से अधिक गांवों में 65 लाख प्रॉपर्टी कार्डों का वितरण और योजना के लाभार्थियों के साथ संवाद व लखनऊ में आयोजित मा0 मुख्यमंत्री उ0प्र0 सरकार योगी आदित्यनाथ का कार्यक्रम, जिसमें स्वामित्व योजनान्तर्गत 28,839 ग्रामों की 40,49,500 घरौनियों के वितरण का सजीव प्रसारण जनपद के रायबरेली विकास प्राधिकरण के कम्युनिटी हॉल रतापुर में आयोजित जनपद स्तरीय कार्यक्रम में देखा गया तथा सजीव प्रसारण के माध्यम से मा0 प्रधानमंत्री जी व मा0 मुख्यमंत्री जी के उद्बोधन को सुना गया।

**मंत्री ने 278 लाभार्थियों को स्वामित्व प्रमाण पत्र का किया वितरण:-** मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री के संकल्प के क्रम में जनपद में आयोजित इस कार्यक्रम में गांव के लोगों को स्वामित्व योजना के अन्तर्गत स्वामित्व प्रमाण पत्र (घरौनी) का वितरण किया गया। मा0 प्रधानमंत्री जी ने आप सबको समृद्ध बनाने का जो संकल्प लिया था आज वह साकार हुआ है, जो देश को समृद्ध बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान करेगा, प्रधानमंत्री जी ने कहा था जब तक गांव समृद्ध नही होगा तब तक देश समृद्ध नही होगा, इसलिए देश को विकसित करने के लिए गांव को विकसित करना आवश्यक है। आज जनपद में लगभग 1,10,000 स्वामित्व प्रमाण पत्र (घरौनी) का लाभार्थियों को वितरण पूर्ण हो गया है।

### भूमि रिकॉर्ड का डिजिटलीकरण होने से ग्रामीण क्षेत्रों का होगा सशक्तीकरण : मंत्री



प्रधानमंत्री जी के संकल्प में रायबरेली कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ रहा है। इसके लिए जनपद की राजस्व टीम को बधाई। उन्होंने कहा कि भूमि रिकॉर्ड का डिजिटलीकरण होने से ग्रामीण क्षेत्रों का सशक्तीकरण होगा, इससे विवाद की स्थिति उत्पन्न नहीं होगी और यदि होगी तो अधिकारियों द्वारा उसका निस्तारण कराने में आसानी होगी। उन्होंने कहा कि लाभार्थी स्वामित्व प्रमाण पत्र के आधार पर अपना रोजगार करने व अपने परिवार की तरक्की के लिये बैंक से लोन ले सकेंगे, जिसका उपयोग कर वह अपने परिवार को समृद्ध व आत्मनिर्भर बना सकेंगे जिलाधिकारी ने कहा कि स्वामित्व प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को उनकी जमीन का स्वामित्व प्रदान करना है। यह कार्यक्रम ग्रामीण विकास के लिये एक महत्वपूर्ण कदम है।

# मरे कुत्ते व सियार के शव थाने के सामने फेंक कर सफाईकर्मियों ने किया प्रदर्शन



- अलाव जलाने गए सफाई कर्मी को दरोगा द्वारा जमकर पीटा गया तो जिस पर सफाई कर्मी भड़क उठे

एसडीएम सचिन यादव द्वारा कहा गया कि दरोगा अब महराजगंज में नहीं दिखाई पड़ेगा एवं उसका दो दिन बाद ट्रांसफर हो जाएगा लेकिन सफाई कर्मी तुरंत ट्रांसफर पर आड़े रहे और मामले में कोई हल नहीं निकल पाया।

महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।

नगर पंचायत महराजगंज के सफाई कर्मी और दरोगा के बीच हुए विवाद ने तूल पकड़ लिया है। मेन तिराहा पर पुलिस चौकी बनी हुई है इस पुलिस चौकी पर तुषार नाम का सफाई कर्मी अलाव जलाने के लिए गया हुआ था जहां पर महराजगंज कोतवाली में तैनात दरोगा देवेंद्र भदोरिया मौजूद थे और उनकी गाड़ी खड़ी हुई थी अलाव जलाने को लेकर सफाई कर्मी और दरोगा में विवाद हो गया सफाई कर्मी ने आरोप लगाया कि दरोगा द्वारा उसे मारा पीटा गया तथा चौकी के अंदर ले जाकर फिर गार्ड द्वारा भी मारा गया और कहा गया इसको ले जाकर थाने में बंद कर दो। वही जैसे ही इसकी सूचना अन्य सफाई कर्मियों को मिली उन्होंने सुबह से ही झाड़ू और साफ सफाई के काम छोड़कर महराजगंज थाने के सामने पहुंचकर जहां दोनों गेटों पर मरे हुए सियार और कुत्ते के शव डाल दिए तथा कूड़ा करकट भी थाने के सामने डाल दिया और कोतवाली पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए नगर पंचायत में जाकर धरना प्रदर्शन करने लगे और झाड़ू को अपने सामने रखकर पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। वहीं मामला जब उच्च अधिकारियों के पास पहुंचा तब एसडीएम सचिन यादव सीओ यदुवेंद्र पाल और कोतवाल जगदीश यादव नगर पंचायत पहुंचकर सफाई कर्मियों को समझाने बुझाने लगे लेकिन सफाई कर्मी दरोगा के निलंबित या फिर ट्रांसफर की मांग करते रहे समाचार लिखे जाने तक सफाई कर्मी नहीं माने और अधिकारियों द्वारा मान मनौव्वल का काम जारी रहा।

## खबरें एक नजर में

### ग्रामीणों को वितरित की डिजिटल घरौनी, खिले चेहरे

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा भूमि रिकॉर्ड का डिजिटलीकरण कर ग्रामीण क्षेत्र के सशक्तिकरण के उद्देश्य से स्वामित्व योजना के अंतर्गत शनिवार को डलमऊ तहसील परिसर में ग्रामीण आवासीय अधिकार अभिलेखों के वितरण के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें डलमऊ तहसील के कुल 82 ग्राम सभाओं के कुल 17025 घरौनी वितरण के क्रम में चार ग्राम सभाओं के 28 ग्रामीणों को डिजिटल घरौनी का वितरण किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित नगर पंचायत अध्यक्ष ब्रजेश दत्त गौड़ ने उत्तर प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं पर चर्चा करते हुए प्रदेश सरकार द्वारा ग्रामीण आवासीय अधिकार योजना को विशेष उपलब्धि बताई गई कार्यक्रम में मौजूद उप जिलाधिकारी राजति राम गुप्ता द्वारा डलमऊ तहसील क्षेत्र के चक्र मलिक भीटी कन्हा आफताब नगर बिझला मऊ सूरजपुर गांव के 28 ग्रामीणों को डिजिटल प्रमाण पत्र वितरित किए गए इसी क्रम में उप जिलाधिकारी डलमऊ द्वारा मौजूद लोगों के साथ क्षेत्र की स्वच्छता और नशा मुक्त बनाने के लिए संकल्प लिया गया इस मौके पर विकासखंड अधिकारी सत्य प्रकाश यादव ब्लॉक प्रमुख शिवराम रावत हरिओम त्रिपाठी राजेंद्र प्रजापति शिव प्रकाश त्रिवेदी सत्य प्रकाश आदि के साथ अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

### तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से साइकिल सवार गंभीर रूप से घायल




**सलोन रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** तेज रफ्तार ट्रक ने साइकिल सवार को जोरदार टक्कर मार दिया।जिससे साइकिल सवार व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से सामूदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुचाया।जहां हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया।जानकारी के मुताबिक सलोन कोतवाली क्षेत्र के पप्पू पुत्र बजरंगी निवासी जयराम पुर पाण्डेय साइकिल से करहिया बाजार गया था।देर शाम घर जाते समय रास्ते में तेज रफ्तार ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दिया।जिसके चपेट में आने से पप्पू का एक क्षतिग्रस्त हो गया।हादसे के बाद ट्रक को पकड़ने का प्रयास किया गया लेकिन फरार हो गया।वहीं घटना के बाद स्थानीय लोगों की भीड जमा हो गई।सूचना पर पहुंची ने एम्बुलेंस की मदद से घायल सामूदायिक स्वास्थ्य केंद्र सलोन पहुंचाया।जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### चार दिन पूर्व गायब किशोर की सड़क हादसे में मौत



**बछरावा रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** चार दिन पूर्व मानसिक रूप से विक्षिप्त किशोर अचानक घर से गायब हो गया था। जिसका लखनऊ प्रयागराज मार्ग पर क्षत विक्षत अवस्था में शव प्राप्त हुआ है, जानकारी होते ही परिजनों में हड़कंप मच गया। घटना शनिवार प्रातः 7:30 बजे के आसपास की है जब लखनऊ प्रयागराज मार्ग पर एक किशोर का शव क्षत विक्षत अवस्था में पुलिस को पड़ा होने की जानकारी प्राप्त हुई। मौके पर पहुंची पुलिस शव की पहचान करने का प्रयास कर ही रही थी। कि इस बीच रोते बिलखते परिजन घटनास्थल पर पहुंच गए। और शव की पहचान अपने पुत्र चंदन उम्र 13 वर्ष के रूप में की। जानकारी प्राप्त हुई है भुइयन खेड़ा मजरे रानीखेड़ा थाना क्षेत्र शिवगढ़ से मानसिक रूप से विक्षिप्त किशोर चार दिन पूर्व अचानक घर से गायब हो गया था। पिता मैकूलाल के द्वारा पुत्र की तलाश लगातार इधर-उधर की जा रही थी। और पुत्र की फोटो के आधार पर जगह-जगह लोगों को जानकारी भी दी गई थी। लखनऊ प्रयागराज मार्ग पर चुरुवा के निकट किशोर किसी अज्ञात वाहन से हादसे का शिकार हो गया। और हाईवे मार्ग पर क्षत विछत अवस्था में शव पड़ा हुआ पाया गया। घटनास्थल के पास एक होटल पर भी मृतक के पिता के द्वारा फोटो दी गई थी, इस फोटो की पहचान पर होटल संचालक के द्वारा फोन पर दुर्घटना की सूचना दी गई। मृतक किशोर के शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्यवाही के लिए भेज दिया है। इस बाबत थाना प्रभारी ओमप्रकाश तिवारी ने बताया कि घटना की जानकारी प्राप्त हुई है, शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, आगे की कार्यवाही की जा रही है।

# रंगदारी : शिवा सोनकर सहित तीन अभियुक्त चढ़े पुलिस के हत्थे



- 30 हजार रुपये नगद और एक अदद अवैध पिस्तौल सहित चार जिंदा कारतूस बरामद
- शातिर अपराधी, शिवा सोनकर के खिलाफ विभिन्न थानों में दर्ज है दर्जनों मुकदमे

रायबरेली समृद्धि न्यूज़।

कोतवाली पुलिस ने दर्जन भर मुकदमे के अपराधी को एक बार फिर रंगदारी मांगने के मामले में गिरफ्तार करके न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है। इस मामले में कुल तीन अभियुक्त गिरफ्तार किए गए हैं। जिनमें से मुख्य आरोपी के पास से पुलिस ने 30 हजार रुपये नकद और एक अदद अवैध पिस्तौल और चार जिंदा कारतूस भी बरामद किए गए हैं।पुलिस प्रवक्ता से मिली जानकारी के मुताबिक आज शनिवार को थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान शिवा सोनकर पुत्र प्रेम कुमार सोनकर निवासी अस्पताल चौराहा थाना कोतवाली नगर को रोका गया तो उसके पास से एक अवैध पिस्टल और चार अदद जिंदा कारतूस बरामद हुआ। इस अभियुक्त के ऊपर एंबुलेंस चालक से रंगदारी मांगने का मुकदमा दर्ज हुआ था। रंगदारी के मामले में इसी का साथ देने वाले दो अन्य साथी अखिलेश उर्फ राहु पुत्र अंगनु निवासी किशनपुर रामचंद्र त्रिपुला थाना कोतवाली नगर व आशीष वर्मा पुत्र हरिशंकर निवासी तिलक भवन थाना कोतवाली नगर को भी गिरफ्तार किया गया।

### अनेक थानों में दर्ज हैं कई मुकदमे

शातिर अपराधी शिवा सोनकर के खिलाफ इससे पहले विभिन्न थानों में दर्जन भर मुकदमे दर्ज हैं। इन तीनों अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार करके न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है।

### चोरों के हौसले बुलंद, आये दिन चोरी की घटना को दे रहे अंजाम

**घर के सामने रखा बिजली के तारों का बंडल चोरी**



**सादुल्लानगर (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।** जिले में पुलिस की उदासीनता जनता पर भारी पड़ रही है इससे चोरों के हौसले बुलंद हैं। और वह आये दिन चोरी की घटना को अंजाम दे रहे हैं। क्षेत्र में चोरी की बढ़ती घटनाओं से आमजन रातों को बेखौफ नींद लेने में घबराने लगा है। ताजा मामला बलरामपुर जिले के सादुल्ला नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत ऐदहा का है। जहां चोरों ने घर के सामने रखे बिजली के तार का बंडल ही चुरा लिया। ग्राम सभा ऐदहा निवासी जवाहर लाल पुत्र राजा राम ने बताया कि हमारे घर के सामने बिजली विभाग का एक बंडल एल्युमीनियम का तार रखा हुआ था जो गांव में खम्भों पर खींचने के लिए रखा गया था। सुबह जब मैं उठा तो देखा कि बिजली के तारो का बंडल गायब है। स्थानीय थाने पर अज्ञात चोरों के खिलाफ लिखित तहरीर पर प्रभारी निरीक्षक सादुल्लानगर मनोज कुमार सिंह ने हल्का सिपाही और उपनिरीक्षक को घटना स्थल पर भेजकर मुआयना करवाया और जल्द ही चोरी के अनावरण का आश्वासन दिया।

# पूर्व सभासद ने बुशरा शेख को किया सम्मानित



सलोंन, रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

प्राथमिक विद्यालय गौवा बाजार में तैनात शिक्षक मोहम्मद वसीम की पुत्री बुसरा शेख निवासी पुरे राम प्रसाद खातियारा को वर्ष 2024 में जनपद स्तरीय ताइवाडो प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल प्राप्त होने पर क्षेत्र में हर्ष की लहर दौड़ गई। बुशरा शेख के घर पहुंच कर सभासद एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के पूर्व महामंत्री इसरार हैदर रानू ने बुशरा शेख को गुलदस्ता भेंट कर मुंह मीठा कराया एवं गोल्ड मेडल जीतने की मुबारकबाद दी । इसरार हैदर ने कहा कि गांव की बिटिया ने जो जनपद व प्रदेश में सलोंन का गौरव बढ़ाया है इसके लिए बेशक वह बधाई के पात्र है। जिन्हें सम्मानित करने में गर्व महसूस होता है। उनके अभिभावक भी बधाई के पात्र हैं।

# एक चिकित्सक के सहारे चल रहा यूनानी चिकित्सालय



रेहराबाजार /बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।

विकासखंड रेहरा बाजार का राजकीय आयुर्वेद चिकित्सालय एक चिकित्सक के सहारे चल रहा है चिकित्सालय में डॉक्टर के न रहने पर मरीज को जिला मुख्यालय या तहसील मुख्यालय उतरौला को जाना पड़ता है विकासखंड रेहरा बाजार में यूनानी चिकित्सालय रेहरा बाजार पर भवन निर्माण होने के बाद इस पर एक डॉक्टर एक फार्मासिस्ट व एक वार्ड बॉय के पद पर सर्जन किया गया है। चिकित्सालय पर डॉक्टर के न होने पर मरीजों को मजबूरन नए मरीज अपना इलाज कराने बलरामपुर या उतरौला के चिकित्सालय को चले जाते हैं। अपना इलाज कराने आए ग्रामीण रामनाथ मौर्या, राजेश संतोष दिनेश सिंह जिनका प्रसाद, विनोद यादव राम, चरित्र, विनय, संतोष मिश्रा, बालमुकुंद तिवारी, अंशु सिंह, सुनीता, सुमन, रामली, जिनकाना, मीरा देवी, मंजू, बीना, उषा व अवनीश कुमार ने बताया कि यहां एक डॉक्टर की तैनाती है और फार्मासिस्ट, वार्ड बाय व सफाईकर्मी के पद खाली हैं जिससे अस्पताल की साफ सफाई व अन्य सुविधाएं मयस्सर नहीं है। आयुर्वेद चिकित्सालय मे शौचालय नही होने से चिकित्सकों व मरीजों को खुले मे शौच जाने पडंते है जिससे महिला मरीजों को का काफी परेशानी होती है और पानी की व्वस्था नही होने मरीजों को बोतल की पानी 20 रूपये मे खरीददारी करनी पडंती है। चिकित्सालय मूलभूत सुविधाएं से वंचित होने के कारण महिला मरीज आने से कतराती है। मुख्य आयुर्वेदिक व यूनानी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर दिग्विजय नाथ ने बताया कि जाँच कर सुविधाएं उपलब्ध कराया जाएगा।

# सामूहिक विवाह में सात जोड़ों ने लिए सात फेरे



सूची सलोन रायबरेली

सात निर्धन कन्याओं का सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया।जिसमें सभी वर वधू एक दूसरे का हाथ थाम कर सात जन्म तक साथ निभाने का वादा किया।सभी नव दंपतियों को मंगल जीवन के साथ उपहार भेंट कर आशीर्वाद दिया गया।सलोन विकासखंड के संकट मोचन हनुमान मंदिर इटारा सूची के प्रांगण में जिला पंचायत सदस्य व समाजसेवी करमजीत यादव द्वारा प्रथम सामूहिक शादी समारोह का आयोजन किया गया।जिसमें सात निर्धन कन्याओं का विवाह संपन्न कराया गया।सभी वर वधू को जयमाला के बाद आचार्यो द्वारा वैदिक मंत्रों के साथ दांपत्य जीवन में प्रवेश कराया।डीजे के धुन पर सात दूल्हों की बारात एक साथ निकली तो हर कोई देखते रह गया। सभी वर वधू को मोटरसाइकिल, बेड, गद्दा, सिंगारदान, बक्सा समेत गृहस्थी का सभी सामान उपहार स्वरूप भेंट किया गया।साथ ही उपस्थित सभी लोगों के लिए नाश्ता खाना पानी की व्यवस्था की गई। सभी नवविवाहित जोड़ों को ढेरों आशीर्वाद के साथ उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।इस दौरान भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# सड़क सुरक्षा माह के तहत यातयात नियमों के प्रति किया जागरूक

बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।

डीएम पवन अग्रवाल के निर्देशन में आज परिवहन विभाग एवं यातायात पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से रामलाल सुंदर दास इंटर कॉलेज बलरामपुर में छात्र-छात्राओं के मध्य सड़क सुरक्षा के नियमों के प्रति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा के नियम को बताया गया तथा सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली जन क्षति की संवेदनशीलता के संबंध में जागरूक किया गया। इसके अतिरिक्त उतरौला बस स्टैंड पर परिचालकों के मध्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें व्यावसायिक वाहनों के संचालन के संबंध में बरती जाने वाली सावधानियां के संबंध में जागरूक किया गया तथा उनसे यह अपील की गई की अपने वाहनों पर रिफ्लेक्टर अवश्य लगाएं। क्षमता से अधिक सवारियों को अपने वाहनों में न बैठाएं। आज के इस जागरूकता कार्यक्रम में उमेश सिंह यातायात प्रभारी एवं परिवहन विभाग तथा यातायात पुलिस के कर्मी उपस्थित रहे।

# एक साथ 1 लाख 29 हजार घरौनियों का हुआ वितरण



बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।

भूमि रिकॉर्ड का डिजिटलीकरण एवं ग्रामीण क्षेत्र का सशक्तिकरण हेतु स्वामित्व योजना के तहत ग्रामीण आवासीय अधिकार अभिलेखों का डिजिटल वितरण प्रधानमंत्री जी द्वारा किया गया एवं मुख्यमंत्री द्वारा लखनऊ से भौतिक रूप से घरौनी वितरण किया गया।

इस अवसर पर जनपद में एमएलके पीजी कॉलेज में जनपद स्तरीय घरौनी वितरण कार्यक्रम मुख्य अतिथि सदस्य विधान परिषद विजय बहादुर पाठक, विधायक बलरामपुर सदर पल्टूराम, विधायक तुलसीपुर कैलाश नाथ शुक्ला, डीएम पवन अग्रवाल की उपस्थिति में आयोजित हुआ। इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों द्वारा प्रधानमंत्री जी एवं मुख्यमंत्री का वर्चुअल संबोधन सुना गया। इसके उपरांत मुख्य अतिथि सदस्य विधान परिषद, विधायकगण, डीएम, जनप्रतिनिधिगण द्वारा ग्रामीणों को मकान के मलिकाना अधिकार के डॉक्यूमेंट घरौनी का वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सदस्य विधान परिषद विजय बहादुर पाठक ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा से पूरे देश में भूमि रिकॉर्ड का डिजिटलीकरण एवं ग्रामीण क्षेत्र के सशक्तिकरण हेतु स्वामित्व योजना के तहत ग्रामीणों को उनके मकान के मलिकाना अधिकार के कागज प्रदान किए जाने का कार्य किया जा रहा है। प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री जी के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में पूरे प्रदेश में स्वामित्व योजना के तहत सभी ग्रामीणों को उनके मकान का मालिकाना अधिकार का कागज दिया जा रहा है। पूर्व में ग्रामीणों के पास संपत्ति का कोई कागज ना होने से बैंक आदि से उनका ऋण प्राप्त करने में दिक्कत का सामना करना पड़ता था।स्वामित्व कार्ड मिलने से ग्रामीणों को बैंक से आसानी से ऋण प्राप्त होगा, ग्रामीण को साहूकार आदि से मुक्ति मिलेगी, इसके साथ ही साथ सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का भी लाभ सरलता से प्राप्त होगा। डीएम पवन अग्रवाल के निर्देशन में घरौनी वितरण कार्यक्रम जनपद स्तर के साथ ही साथ विकासखंड स्तर एवं ग्राम पंचायतों में भी आयोजित हुआ। घरौनी वितरण कार्यक्रम के तहत आज पूरे जनपद में एक साथ 01 लाख 29 हजार घरौनियों का वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्त, जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह, एडीएम वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार, जिला विकास अधिकारी, डीपीआरओ, बृजेंद्र तिवारी प्रिंसिपल एमएलके पीजी कॉलेज व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण एवं जनप्रतिनिधि गण उपस्थित रहे।

### लाभार्थियों को मिला घरौनी प्रमाण पत्र संपत्ति विवादों से मिलेगी राहत



**उतरौला।** विकास खंड उतरौला के सभागार में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में स्वामित्व योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को घरौनी प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक राम प्रताप वर्मा ने लाभार्थियों को प्रमाण पत्र सौंपते हुए योजना के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि घरौनी प्रमाण पत्र ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को संपत्ति संबंधी विवादों से निजात दिलाने में सहायक होगा और यह आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक अहम कदम है। विधायक राम प्रताप वर्मा ने कहा कि घरौनी प्रमाण पत्र के माध्यम से लोगों को संपत्ति का कानूनी अधिकार मिलेगा, जिससे अनावश्यक विवाद समाप्त होंगे। उन्होंने बताया कि इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण परिवारों को उनकी संपत्ति पर मालिकाना हक देना और उन्हें स्वाभिमान के साथ जीने का अवसर प्रदान करना है। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि महिपाल चौधरी ने कहा कि इस योजना से ग्रामीण क्षेत्रों में संपत्ति के विवाद खत्म होंगे और कानूनी दृष्टिकोण से लोगों को उनका अधिकार मिलेगा। उपजिलाधिकारी अवधेश कुमार ने कहा कि ग्रामीण परिवारों को मालिकाना अधिकार देकर यह योजना उनके जीवन में बड़ा परिवर्तन लाने की क्षमता रखती है। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत अब संपत्ति पर अधिकारों का कानूनी प्रमाण पत्र मिल रहा है, जो उनके भविष्य को सुरक्षित करेगा। इस अवसर पर कई प्रमुख लोग उपस्थित रहे, जिनमें अमरनाथ वर्मा, नगर मंडल अध्यक्ष फरीन्द्र गुप्त, महेश गुप्त, और खंड विकास अधिकारी पल्लवी सचान शामिल थे। सभी ने इस योजना की सराहना करते हुए इसे ग्रामीण समाज के लिए ऐतिहासिक कदम बताया। स्वामित्व योजना केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही एक महत्वाकांक्षी योजना है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में संपत्ति का डिजिटलीकरण कर मालिकाना हक सुनिश्चित करना है। इसके तहत ड्रोन सर्वेक्षण तकनीक का उपयोग कर संपत्तियों का नक्शा तैयार किया जाता है और लाभार्थियों को घरौनी प्रमाण पत्र प्रदान किए जाते हैं। यह प्रमाण पत्र संपत्ति के स्वामित्व का कानूनी दस्तावेज है, जिससे संपत्ति संबंधी विवाद समाप्त करने में मदद मिलती है। इस योजना से ग्रामीण लोगों को संपत्ति संबंधी विवादों से मुक्ति मिलेगी। साथ ही, घरौनी प्रमाण पत्र मिलने से ग्रामीण अब अपनी संपत्ति को बैंकों में गिरवी रखकर ऋण भी प्राप्त कर सकते हैं, जिससे आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। स्वामित्व योजना के तहत घरौनी प्रमाण पत्र का वितरण ग्रामीण समाज में एक सकारात्मक बदलाव का संकेत है। यह योजना न केवल संपत्ति के विवादों को समाप्त करेगी, बल्कि ग्रामीणों को आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने में भी सहायक होगी। कार्यक्रम में शामिल सभी गणमान्य व्यक्तियों ने सरकार की इस पहल की सराहना की और इसे ग्रामीण विकास के लिए एक क्रांतिकारी कदम बताया।

# नकली चाय पत्तियों का कारोबार, स्वास्थ्य पर खतरा

उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।

उतरौला बाजार और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में चाय के नाम पर लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ हो रहा है। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि बाजार में नकली और केमिकलयुक्त चाय की पत्तियां खुलेआम बेची जा रही हैं, जो स्वास्थ्य के लिए अत्यधिक हानिकारक हैं। इन चाय पत्तियों के सेवन से गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ने का दावा विशेषज्ञों द्वारा किया जा रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि नकली चाय की पत्तियां पानी में डालते ही गाढ़ा रंग छोड़ने लगती हैं, जो सामान्य चाय पत्तियों से कहीं अलग होती हैं। ये पत्तियां होटल और चाय की दुकानों पर खुलेआम बेची जा रही हैं, जिससे अनजाने में लोग इसका सेवन कर रहे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि इस प्रकार की चाय में इस्तेमाल किए गए रसायन कैंसर जैसे गंभीर रोगों का कारण बन सकते हैं।

विशेषज्ञों का मानना है कि केमिकलयुक्त चाय पत्तियों के लगातार सेवन से शरीर को दीर्घकालिक नुकसान हो सकता है। कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले लोगों जैसे बच्चों और बुजुर्गों पर इस चाय का प्रभाव और भी अधिक घातक हो सकता है। इसके अलावा, नियमित सेवन से अन्य स्वास्थ्य समस्याओं का सामना भी करना पड़ सकता है, जिससे कई लोग अनजाने में खतरे में पड़ रहे हैं। स्थानीय नागरिकों, जैसे जितेंद्र कुमार गुप्ता, विकास कुमार गुप्ता, महेश कुमार कश्यप, सुभाष कश्यप, संजय कुमार गुप्ता, रूपेश कुमार गुप्ता, और रोहित कुमार गुप्ता, ने खाद्य सुरक्षा विभाग से इस गंभीर समस्या का समाधान करने की मांग की है। उनका कहना है कि नकली चाय बेचने वाले लोग बिना किसी डर के अपना कारोबार चला रहे हैं, जिससे आम जनता का स्वास्थ्य खतरे में है। हालांकि, स्थानीय निवासियों का कहना है कि जब तक प्रशासन जमीनी स्तर पर जाकर सघन जांच नहीं करता, तब तक यह समस्या बनी रहेगी। उनका कहना है कि केवल औपचारिक आश्वासन से काम नहीं चलेगा, बल्कि ठोस कदम उठाने की जरूरत है। विशेषज्ञों और जागरूक नागरिकों का मानना है कि जनता को इस समस्या को गंभीरता से लेना चाहिए। नकली चाय के सेवन से बचने के लिए होटल और ढाबों पर चाय पीने से परहेज करना चाहिए और केवल प्रमाणित चाय पत्तियों का उपयोग करना चाहिए। स्थानीय निवासियों का सुझाव है कि खाद्य सुरक्षा विभाग को सभी होटल और चाय की दुकानों पर छापेमारी करनी चाहिए, और नकली चाय बेचने वालों पर जुर्माना और सख्त कानूनी कार्रवाई करनी चाहिए। स्थानीय नागरिकों और विशेषज्ञों ने खाद्य सुरक्षा विभाग से मांग की है कि बाजार में उपलब्ध चाय पत्तियों की गुणवत्ता की जांच के लिए लैब परीक्षण अनिवार्य किया जाए। साथ ही, यह भी सुझाव दिया गया है कि बाजार में नकली चाय पत्तियों की आपूर्ति और बिक्री को रोकने के लिए प्रशासन को तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए। नकली चाय पत्तियों का बढ़ता कारोबार एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या बन चुका है, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। प्रशासन और जनता को मिलकर इस मुद्दे पर काम करना होगा। जब तक नकली चाय की आपूर्ति और बिक्री पर रोक नहीं लगेगी, तब तक आम लोगों का स्वास्थ्य खतरे में रहेगा। जागरूकता और सख्त कार्रवाई ही इस समस्या का समाधान है, और यह तभी संभव होगा जब प्रशासन और नागरिक दोनों मिलकर इस पर ध्यान देंगे।

# विधायक ने किया निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन



तुलसीपुर, बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद तुलसीपुर द्वारा विद्यार्थी परिषद कार्यालय तुलसीपुर में आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन किया। उक्त अवसर पर विद्यार्थी परिषद के वरिष्ठ पदाधिकारी विवेक गोयल शौरभ यशराज रितेश सहित बड़ी संख्या में विभिन्न विभागों के चिकित्सक तथा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर तुलसीपुर नगर के तथा आस पास के गांवों से बड़ी संख्या में लोगों ने अपने स्वास्थ्य की निःशुल्क जांच कराई तथा आवश्यक दवा प्राप्त किया। इस अवसर पर बोलते हुए स्थानीय विधायक कैलाश नाथ शुक्ल ने बताया कि विद्यार्थी परिषद न केवल शिक्षा के क्षेत्र में अपितु सामाजिक गतिविधियों एवं समाज सेवा के प्रति सदैव गम्भीर प्रयास करता रहता है।

### सूचना

मेरे आधार कार्ड संख्या 890095172292 में त्रुटिवश मेरा नाम आर्यन कुमार दर्ज है। जबकि मेरा केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा जारी हाईस्कूल के अंकपत्र व प्रमाण पत्र में मेरा नाम सनी यादव दर्ज है, जोकि सही है। अतएव आधार कार्ड में भी मेरा नाम सनी यादव दर्ज किया जाए।

**सनी यादव, पुत्र अनिल कुमार निवासी-ग्राम मदनापुर पोस्ट उमरन, तिर्वा जनपद कन्नौज।**

## विचारशील बनें राहुल

अपने ही भाषणों की शब्दावलियों में सदा फंसने वाले और भाजपा एवं राष्ट्रीय सेवक संघ को सदैव कोसने वाले राहुल गांधी को दिन रात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रीय सेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ही दिखाई देते हैं। राहुल गांधी की हर स्पीच में दोनों के खिलाफ एलर्जी भरी हुई होती है, तीखी बयानबाजी करते-करते वे महाशय अपने ही शब्दों के अर्थ के अनर्थ कर बैठते हैं और खुद के साथ पार्टी की भी किरकिरी करा बैठते हैं। पिछले दिनों दिल्ली में अपनी पार्टी के नवीन भवन कार्यालय के शिफ्टिंग के दौरान राहुल गांधी के बयानों पर यही हुआ। मोहब्बत की दुकान चलाने वाले कांग्रेस के इस वरिष्ठ नेता की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति इतनी नफरत कांग्रेस के नए मुख्यालय के उद्घाटन के अवसर पर भी सामने दिखी। उन्होंने दिल्ली में आरएसएस और भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि इन दोनों संगठनों ने देश के सभी संस्थाओं पर कब्जा कर लिया है। इसलिए उनकी लड़ाई में केवल संघ और भाजपा है। इनके द्वारा प्रायोसित भारतीय राजव्यवस्था से है। भारतीय राज व्यवस्था का मतलब होता है कि एक विशेष भौगोलिक उस क्षेत्र में स्थाई रूप से निवास करने वाली जनसंख्या को नियोजित, नियंत्रित और नियमित करने के लिए सरकार और सरकार का स्वरूप तय करने के लिए संविधान और संविधान की सुरक्षा के लिए स्वायत्तता। अब समझ में नहीं आता कि राहुल गांधी इनमें से किसके विरुद्ध लड़ना चाहते हैं, क्या उन्हें भारत की भौगोलिक स्थिति पर ऐतराज है? भारत की जनसंख्या से, सरकार से, संविधान से या स्वायत्त से परेशानी है! अगर वह भूलबस जैसा कि आदतन करते हैं, इंडियन गवर्नमेंट की जगह इंडियन स्टेट कह गए, तब भी उन्हें यह ध्यान रखना चाहिए कि इंडियन गवर्नमेंट यानी भारत सरकार संसद से संचालित होती है। जिसमें वह स्वयं नेता प्रतिपक्ष हैं। भारत जैसे लोकतांत्रिक राष्ट्र में सरकार से लड़ाई नहीं लड़ी जा सकती। सरकार या सरकारी व्यवस्था से लड़ने का अर्थ होता है कि अपराध या राष्ट्रद्रोह और इन दोनों से लड़ने के लिए भारतीय संविधान में समुचित दंड की व्यवस्था है। सरकार से लड़ने का मतलब होता है कि सरकार चलाने वाली राजनीतिक दल और उसकी नीतियों एवं कार्यप्रणाली से लड़ना है, अगर राहुल गांधी सरकार को उखाड़ फेंकना भी चाहते हैं तो इसके लिए उन्हें भारतीय राजव्यवस्था से नहीं लड़ना है, बल्कि लोकतांत्रिक तरीके से सरकार का विरोध करना है और चुनाव के जरिए उसे बदलने का प्रयास करना है। राहुल ने संघ प्रमुख मोहन भागवत की बात को भी मूल संदर्भ से काट कर लिया और उसके आशय को समझने का प्रयास नहीं किया। इसलिए वह बहुत निरर्थक बात कह गए। उनके ईर्ष्यालु स्वभाव के लिए हम कामना करते हैं कि राहुल गांधी थोड़ा अध्ययन करें। विचारशील बने और अपनी बात रखते हुए रखते समय थोड़ा धैर्य और संयम भी रखें।

# स्टेट से संघर्ष की राहुल गांधी की घोषणा आहतकारी

हृदयनारायण दीक्षित



**स्टेट का कर्तव्य राजव्यवस्था का संचालन व अनुशासन सुनिश्चित करना है। प्रश्न है कि राजव्यवस्था को नष्ट करने और उससे लड़ने का कोई भी प्रयास राजद्रोह के दायरे में आता है? माओवादी हिंसा करते हैं। निर्दोष मारे जाते हैं। स्टेट माओवादियों से यथानियम निपटता है। माओवादियों और स्टेट के बीच का युद्ध वस्तुतः स्टेट पर ही हमला है और राजद्रोह है। आतंकवादी देश के कई भूभागों में निर्दोष नागरिकों को मारा करते हैं। वे स्टेट की परवाह नहीं करते। स्टेट उनसे लड़ता है। संघर्ष करता है। पूर्वोत्तर के तमाम उग्रवादी संगठन भी इसी श्रेणी में आते हैं। स्टेट सभी हिंसक संगठनों से लड़ने को बाध्य है। राहुल गांधी किस स्टेट से लड़ने की बात कर रहे हैं? श्रीलंका के उग्रवादी संगठन लिट्टे ने राजीव गांधी को मारा था।**

राहुल गांधी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हैं। संप्रति लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष भी हैं। उनसे अतिरिक्त शालीनता की अपेक्षा रहती है लेकिन हाल ही में उन्होंने एक खतरनाक वक्तव्य दिया है। उन्होंने कहा है कि, ÷मैं भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से ही नहीं लड़ रहा हूं, बल्कि मेरा संघर्ष भारतीय राष्ट्र राज्य से भी है।÷ अंग्रेजी में देश के लिए 'स्टेट' शब्द का इस्तेमाल हुआ है। भारतीय परंपरा, इतिहास और संस्कृति में राष्ट्र का अस्तित्व बहुत प्राचीन है। इतिहास के वैदिक युग से लेकर आधुनिक काल तक राष्ट्र भाव को बढ़ाने की ही बातें राष्ट्रीय विमर्श में रही हैं। किसी शब्द का प्रयोग भिन्न-भिन्न संदर्भों में भी हो सकता है। लेकिन 'स्टेट' जैसे शब्द का अर्थ स्वतः स्पष्ट होता है। भारतीय संविधान की मूल धारा में स्टेट (राज्य) का अर्थ राजव्यवस्था है। संविधान भी राजव्यवस्था का अंग है लेकिन सर्वोपरि है।

संवैधानिक संस्थाएं राजव्यवस्था का उद्देश्य पूरा करने की माध्यम हैं। न्यायपालिका एक संवैधानिक संस्था है। विधायिका और कार्यपालिका भी संवैधानिक संस्थाएं हैं। भारत के महालेखा परीक्षक (कैग) भी संवैधानिक संस्था हैं। निर्वाचन आयोग भी प्रतिष्ठित संवैधानिक संस्था है। ऐसी सारी संवैधानिक संस्थाओं का गठन संविधान के अनुरूप हुआ है। भारतीय राजव्यवस्था के सिद्धांतों, मान्यताओं, नियमों और विधियों से राष्ट्रजीवन की गतिशीलता है। भारतीय राज्य की सभी संस्थाएं स्टेट का हिस्सा हैं। राष्ट्र राज्य का अर्थ संप्रभु सत्ता है। भारत संप्रभु राष्ट्र राज्य है। भारत की धरती और आकाश तक इस संप्रभुता की गहन उपस्थिति है। यह संप्रभुता भारत के संपूर्ण जन गण मन के माध्यम से संविधान में प्रकट हुई है। स्टेट का सामान्य अर्थ राजव्यवस्था या राज्य हो सकता है। कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका स्टेट के अभिन्न अंग हैं। कोर्ट, कचहरी, विधायिका, कार्यपालिका सहित सभी घटक राजव्यवस्था के अविभाज्य अंग हैं। साधारण सिपाही और विभिन्न संस्थाओं में काम करने वाला लिपिक भी राजव्यवस्था का अंग हैं। राजव्यवस्था में किसी भी अंग से संघर्ष की घोषणा सामान्य अपराध नहीं है। मूलभूत प्रश्न है कि राहुल गांधी की लड़ाई आखिरकार किस स्टेट के विरुद्ध है? बेशक स्टेट राजव्यवस्था के सभी अंग अलग-अलग काम करते हैं। लेकिन वस्तुतः वे स्टेट नाम की संस्था के अभिन्न अंग हैं। भारत के प्राचीन काल में भी खूबसूरत राजव्यवस्था थी। वैदिक साहित्य में राजा के निर्वाचन की विधि मिलती है। राजा के निर्वाचन के समय उत्सव होते थे। ऐसे ही उत्सव में कहते हैं कि, ÷हे राजा! हम आपको राष्ट्र की भूमि की रक्षा करने, कृषि और पशुपालन की व्यवस्था करने, नागरिकों के लिए शिक्षा का प्रबंध करने के लिए चुनते हैं।÷ आगे कहते हैं, आप अजेय रहें, आपकी कीर्ति और यश फैले। हम आपका अभिषेक करते हैं। राजा की भी शपथ होती थी। राजा कहता था कि, मैं राष्ट्र की रक्षा करूंगा। कृषि और पशुपालन को विकसित करूंगा। इस देश को वैभवशाली बनाऊंगा। यदि मैं ऐसा न कर पाऊं तो मेरे सारे पुण्य नष्ट हो जाएं। भारत के सभी नागरिक राजव्यवस्था का संरक्षण पाते हैं।

स्टेट का कर्तव्य राजव्यवस्था का संचालन व अनुशासन सुनिश्चित करना है। प्रश्न है कि राजव्यवस्था को नष्ट करने और उससे लड़ने का कोई भी प्रयास राजद्रोह के दायरे में आता है? माओवादी हिंसा करते हैं। निर्दोष मारे जाते हैं। स्टेट माओवादियों से यथानियम निपटता है। माओवादियों और स्टेट के बीच का युद्ध वस्तुतः स्टेट पर ही हमला है और राजद्रोह है। आतंकवादी देश के कई भूभागों में निर्दोष नागरिकों को मारा करते हैं। वे स्टेट की परवाह नहीं करते। स्टेट उनसे लड़ता है। संघर्ष करता है। पूर्वोत्तर के तमाम उग्रवादी संगठन भी इसी श्रेणी में आते हैं। स्टेट सभी हिंसक संगठनों से लड़ने को बाध्य है। राहुल गांधी किस स्टेट से लड़ने की बात कर रहे हैं? श्रीलंका के उग्रवादी संगठन लिट्टे ने राजीव गांधी को मारा था। ऐसे सभी संगठन व्यक्तियों को निशाना नहीं बना रहे थे, वे स्टेट से ही युद्ध कर रहे थे। स्टेट को ध्वस्त करना चाहते थे। राष्ट्र को स्टेटलेस-राज्यविहीन बना रहे थे। महाभारत, रामायण में राजविहीन देश का दशा वर्णन है-व्यापारी व्यवसाय नहीं कर पाते। बच्चे पढ़ नहीं पाते। आचार्य यज्ञ नहीं कर पाते। आदि। सुंदर राजव्यवस्था जरूरी है।

भारतीय स्टेट से लड़ना संभव नहीं है। स्टेट के पास राजव्यवस्था चलाने की शक्ति है। यह शक्ति संविधान ने दी है। राहुल गांधी जी स्टेट से क्या उम्मीद रखते हैं? क्या स्टेट आतंकवादियों, अलगाववादियों की वंदना करे? उन्होंने अपना मंतव्य स्पष्ट नहीं किया है। संविधान की प्रति जेब में रखना और उसके खात्मे का आरोप लगाना आसान है। भाजपा या संघ से लड़ना आसान है। यह सामान्य लोकतांत्रिक कार्यवाही है। हमारे संविधान ने विचार अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को मौलिक अधिकार माना। संविधान (अनुच्छेद 19) ने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार देते हुए लोकव्यवस्था को महत्वपूर्ण उन्मुक्ति दी है। राहुल गांधी लोक व्यवस्था की परवाह नहीं करते और न ही राजव्यवस्था की।

कांग्रेस को राहुल गांधी के बयान की निंदा करनी चाहिए। उनके वक्तव्य गंभीर हैं। 1971-72 के साल जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में संपूर्ण क्रांति आंदोलन हुआ था। आंदोलनकारियों का मुख्य नारा ध्यान देने योग्य है, हमला चाहे जैसा भी हो हाथ हमारा नहीं उठेगा। लेकिन आंदोलनकारियों को मारा-पीटा गया। जेल में डाला गया। कांग्रेस की तरफ से बयान आया कि, यह पुलिस वालों को उत्तेजित करने का प्रयास है। इसलिए यह राजद्रोह है। 1975 में आपातकाल लगा। लाखों लोग जेल भेजे गए। इन पंक्तियों के लेखक को भी आपातकाल में 19 माह तक जेल में रखा गया। मौलिक अधिकार निलंबित हो गए। लोकतांत्रिक ढंग से किए गए कार्यों को आपराधिक कार्य मानना गलत है। स्टेट से संघर्ष की घोषणा अच्छी नहीं है। इस संघर्ष का रूप स्वरूप उन्होंने नहीं बताया। उन्हें चिढ़ भाजपा और भाजपा की सत्ता से है। वह स्वयं नेता प्रतिपक्ष हैं। वह भी स्टेट का हिस्सा हैं। स्टेट से लड़ने की घोषणा करना निंदनीय है। लोकतंत्र में इस या उस दल या दल समूह की सरकारें आती हैं और जाती रहती हैं। इस समय मोदी सरकार है तो मोदी के पहले कांग्रेस गठबंधन की सरकार थी। सरकार के कामकाज की आलोचना विपक्ष का अधिकार है। लेकिन चुनाव मैदान में अपेक्षानुसार सीटें न पाने से आहत कांग्रेस को ऐसी बयानबाजी से बचना चाहिए।

विचार

# आकाश में नए द्वार खोलती भारत की अंतरिक्ष डॉकिंग

-डॉ. सत्यवान सौरभ



**एक साल बाद, देश ने शेनझोउ 9 मिशन के साथ अपनी पहली मानवयुक्त डॉकिंग हासिल की। भारतीय डॉकिंग सिस्टम (बीडीएस) के बारे में 2010 में स्थापित अंतरराष्ट्रीय डॉकिंग सिस्टम मानक (आईडीएसएस) अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) के साथ अंतरिक्ष यान डॉकिंग को नियंत्रित करता है। भारत एक उभयलिंगी डॉकिंग प्रणाली का उपयोग करता है, जिसका अर्थ है कि चेज़र और टारगेट दोनों उपग्रहों पर समान प्रणालियाँ मौजूद हैं। आईडीएसएस के समान लेकिन आईडीएसएस डिज़ाइन में 24 मोटर्स के बजाय दो मोटर्स का उपयोग करता है। उन्नत सेंसर और प्रौद्योगिकी जिसमें सटीक माप के लिए अभिनव सेंसर शामिल हैं, जिनमें शामिल हैं- लेजर रेंज फाइंडर, रेंडेज़वस सेंसर और प्रॉक्सिमिटी और डॉकिंग सेंसर। ये सेंसर सटीक दृष्टिकोण और डॉकिंग प्रक्रियाओं को सुविधाजनक बनाते हैं।**

हाल ही में, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने अंतरिक्ष डॉकिंग का सफलतापूर्वक प्रदर्शन किया। इसरो द्वारा पीएसएलवी-सी60 मिशन ने अंतरिक्ष डॉकिंग प्रयोग (स्पाडेक्स) को सफलतापूर्वक अंजाम दिया, जिसमें दो उपग्रहों के अंतरिक्ष में एक-दूसरे से मिलने और डॉक करने की क्षमता का प्रदर्शन किया गया। अंतरिक्ष डॉकिंग कक्षा में दो अंतरिक्ष यान को जोड़ने की प्रक्रिया है। इसमें तेज गति से चलने वाले अंतरिक्ष यान को एक ही कक्षीय प्रक्षेप पथ पर लाना, उन्हें मैन्युअल रूप से या स्वायत्त रूप से एक-दूसरे के करीब लाना और अंत में उन्हें यांत्रिक रूप से एक साथ लॉक करना शामिल है। यह क्षमता जटिल अंतरिक्ष मिशनों के लिए महत्वपूर्ण है, जिसमें अंतरिक्ष स्टेशनों को इकट्ठा करना, चालक दल का आदान-प्रदान और आपूर्ति पहुँचाना शामिल है।

संयुक्त राज्य अमेरिका में (1966) पहली डॉकिंग नासा के जेमिनी ङ्कढ्ढढ्ढ मिशन के दौरान हासिल की गई थी, जहाँ अंतरिक्ष यान एजेना लक्ष्य वाहन के साथ डॉक किया गया था। यूएसएसआर ने कोस्मोस 186 और कोस्मोस 188 के बीच पहली मानवरहित, स्वचालित डॉकिंग का प्रदर्शन किया। इस उपलब्धि ने 1967 में अंतरिक्ष दौड़ के दौरान उनकी इंजीनियरिंग क्षमता को रेखांकित किया। चीन के मानवरहित शेनझोउ 8 अंतरिक्ष यान ने 2011 में तियांगोंग 1 अंतरिक्ष प्रयोगशाला के साथ डॉक किया।

एक साल बाद, देश ने शेनझोउ 9 मिशन के साथ अपनी पहली मानवयुक्त डॉकिंग हासिल की। भारतीय डॉकिंग सिस्टम (बीडीएस) के बारे में 2010 में स्थापित अंतरराष्ट्रीय डॉकिंग सिस्टम मानक (आईडीएसएस) अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) के साथ अंतरिक्ष यान डॉकिंग को नियंत्रित करता है। भारत एक उभयलिंगी डॉकिंग प्रणाली का उपयोग करता है, जिसका अर्थ है कि चेज़र और टारगेट दोनों उपग्रहों पर समान प्रणालियाँ मौजूद हैं। आईडीएसएस के समान लेकिन आईडीएसएस डिज़ाइन में 24 मोटर्स के बजाय दो मोटर्स का उपयोग करता है। उन्नत सेंसर और प्रौद्योगिकी जिसमें सटीक माप के लिए अभिनव सेंसर शामिल हैं, जिनमें शामिल हैं- लेजर रेंज फाइंडर, रेंडेज़वस सेंसर और प्रॉक्सिमिटी और डॉकिंग सेंसर। ये सेंसर सटीक दृष्टिकोण और डॉकिंग प्रक्रियाओं को सुविधाजनक बनाते हैं। इसमें सैटेलाइट नेविगेशन सिस्टम से प्रेरित एक नया प्रोसेसर है। साथ ही, अंतरिक्ष यान की सापेक्ष स्थिति और वेग निर्धारित करता है। यह भविष्य की स्वायत्त डॉकिंग प्रणालियों के अग्रदूत के रूप में कार्य करता है। साथ ही, उपग्रह-आधारित नेविगेशन डेटा पर निर्भर किए बिना डॉकिंग प्राप्त करने का लक्ष्य रखता है। डॉकिंग तकनीक कक्षा में बड़े अंतरिक्ष यान के निर्माण की अनुमति देती है, जो मंगल अन्वेषण जैसे गहरे अंतरिक्ष मिशनों के लिए आवश्यक है। चंद्र मिशनों के लिए समर्थन~ डॉकिंग इसरो के चंद्रयान-4 चंद्र नमूना वापसी मिशन में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है, जिससे अधिक उन्नत और जटिल अंतरिक्ष संचालन संभव हो पाता है। भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए इसरो की योजना कक्षीय पुनःपूर्ति और चालक दल के मिशनों का समर्थन करने के लिए डॉकिंग तकनीक पर निर्भर करती है। स्पैडेक्स मिशन अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में भारत की क्षमताओं को बढ़ाने के लिए इसरो के दूरदर्शी दृष्टिकोण को दर्शाता है, जो अंतरिक्ष अन्वेषण और अंतरग्रहीय मिशनों में महत्त्वाकांक्षी भविष्य के प्रयासों का मार्ग प्रशस्त करता है।

मिशन साबित करता है कि उच्च-स्तरीय अंतरिक्ष प्रौद्योगिकियों को न्यूनतम व्यय के साथ विकसित और प्रदर्शित किया जा सकता है। यह अंतरिक्ष यान के लिए डॉकिंग प्रौद्योगिकियों का विकास और प्रदर्शन करेगा और डॉक किए गए अंतरिक्ष यान के बीच बिजली हस्तांतरण को सक्षम करेगा। अंतरिक्ष यान के परिचालन जीवन को बढ़ाने के लिए डॉक की गई स्थितियों में नियंत्रण क्षमता को बढ़ाएगा। विमान लेजर रेंज फाइंडर और रेंडेज़वस सेंसर जैसे उन्नत सेंसर से लैस है। रिएक्शन व्हील, मैग्नेटोमीटर और थ्रस्टर्स के साथ मज़बूत रवैया और कक्षा नियंत्रण प्रणाली। मोटर चालित कैप्चर, रिट्रैक्शन और रिजिडाइजेशन क्षमताओं के साथ डॉकिंग मैकेनिज्म। स्पैडेक्स मिशन अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में भारत की क्षमताओं को बढ़ाने के लिए इसरो के दूरदर्शी दृष्टिकोण को दर्शाता है, जो अंतरिक्ष अन्वेषण और अंतरग्रहीय मिशनों में महत्त्वाकांक्षी भविष्य के प्रयासों का मार्ग प्रशस्त करता है। अंतरिक्ष में भारत की उपलब्धियों ने एक बड़ी छलांग लगाई है, जब पीएसएलवी-सी60 ने अंतरिक्ष डॉकिंग प्रयोग (स्पाडेक्स) को प्रक्षेपित किया, जिससे स्वायत्त अंतरिक्ष यान डॉकिंग के लिए भारत की उन्नत प्रौद्योगिकी का प्रदर्शन हुआ।

स्पैडेक्स मिशन में दो छोटे अंतरिक्ष यान, एसडीएक्स01 और एसडीएक्स02 शामिल हैं, जो स्वचालित रूप से कक्षा में स्थापित होंगे, जिससे कक्षा में उपग्रह की सर्विसिंग, ईंधन भरने और भविष्य में अंतरिक्ष स्टेशन जैसी बड़े पैमाने की परियोजनाओं के लिए मार्ग प्रशस्त होगा। सार्वजनिक-निजी सहयोग द्वारा समर्थित यह ऐतिहासिक मिशन, अंतरिक्ष में भारत के बढ़ते नेतृत्व की पुष्टि करता है तथा वैश्विक अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में अधिक अंतरग्रहीय और वाणिज्यिक उपक्रमों के लिए उसे तैयार करता है। इसके अलावा, इस मिशन के लिए इस्तेमाल की गई अत्याधुनिक तकनीक अंतरिक्ष अन्वेषण में आत्मनिर्भरता हासिल करने की भारत की प्रतिबद्धता को उजागर करती है। स्पैडेक्स परियोजना न केवल भारत के मौजूदा अंतरिक्ष अन्वेषण लक्ष्यों के लिए बल्कि समग्र रूप से अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था के लिए भी एक महत्त्वपूर्ण क़दम बन गई है।

## भाषाई सौंदर्य की ब्यूटीशियन जैसी एक पुस्तक है मास्टरिंग ट्रांसफार्मेशन ऑफ सेंटेंस



हम जिस भाषा में भी बात करें, जिस तरह की बात होगी वैसी ही भाव-भंगिमाएं हमारे चेहरे पर आएंगी। हमारी आंगिक मुद्राएं भी भाषा को सम्प्रेषक्षित करेंगी। जब फेस एक्सप्रेशन और बॉडी लेंग्वेज भाषा के साथ इतना न्याय करते हैं तो शब्द और वाक्य न्यास में भी ये तासीर होना ज़रूरी है। भाषा के शब्दों और वाक्यों के भावों को सुन्दरता के साथ पेश करना ही बड़ी भाषाई कारीगिरी होती है। लेंग्वेज भी संगीत की तरह विषय अनुरूप उतार-चढ़ाव, आरोह-अवरोह, तीव्रता और कोमलता का सृजन मांगती है। इस हुनर को सीखने के लिए किसी टीचर, मार्गदर्शक, संगी-साथी, इंस्टीट्यूट या वीडियो सिरीज़ से लोग जुड़ते रहे हैं। लेकिन ये पहला मौक़ा है जब शब्द चयन और उसके क़रीने को अंग्रेजी ग्रामर की शुद्धता से सजाने का हुनर सिखाने के लिए एक किताब टीचर बन कर पेश हुई है। यानी शब्दों की दुनियां की बात शब्दों से ही की गई है। इस किताब की लेखिका ने भाषाई ब्यूटीशियन की तरह भाषा को दुल्हन की तरह सजाने के टिप्स दिए हैं।

मास्टरिंग ट्रांसफार्मेशन नाम की ये पुस्तक छात्रों और अंग्रेजी भाषा प्रेमियों के लिए बेहद उपयोगी है। युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं में भी बहुत मददगार होगी ये पुस्तक। अपने शीर्षक के अनुरूप -महारत हासिल करना, उच्च स्तर का कौशल या विशेषज्ञता प्राप्त करने का मार्गदर्शन कराने वाली इस पुस्तक के वरक एक शिक्षक की तरह आपको उच्च कोटि की भाषा की दक्षता का अभ्यास कराते हैं। वक्ता के तौर पर आपको तक़रीर करनी हो या तहरीर लिखनी हो, पत्र, निबंध, भाषण, कविता, नाटक, उपन्यास, आमंत्रण, शोक संदेश, शुभ संदेश, शुभकामनाएं कहानी या लेख लिखना हो। ये पुस्तक आपको भाषा का सौंदर्य सिखाएगी। अभिव्यक्ति को शब्दों से सजाने का सलीका बताएगी। प्रियंका पाठक ने कम उम्र में ऐसी अद्भुत पुस्तक लिखकर एक लेखिका के साथ एक टीचर या गाइड की दोहरी भूमिका निभाई है। मास्टरिंग ट्रांसफार्मेशन ऑफ सेंटेंस अमेजन'' पर आसानी से उपलब्ध है। अद्भुत विषय-वस्तु के कारण भारत के अतिरिक्त विदेशी पाठकों ने भी इस पुस्तक में दिलचस्पी दिखाना शुरू कर दी है।

बता दें कि प्रियंका पाठक के पिता उत्तर प्रदेश के चर्चित पत्रकार और उ.प्र.मान्यता प्राप्त संवाददाता समिति के निर्वाचित सदस्य हैं। भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के अखबार समूह (एसोसिएट जर्नल्स लिमिटेड) के नवजीवन अखबार में सेवानिवृत्त होने के बाद श्री सिन्हा बतौर स्वतंत पत्रकार सक्रिय हैं।



## राशिफल

**मेषः**- योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। मस्त-मौला मन ब्यर्थ के कायरे में समय जाया कर महत्वपूर्ण कायरे के प्रति लापरवाह होगा। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में किया गया परिश्रम तीव्र होगा।

**वृषभः**- नयी घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। नये कायरें के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा।

**मिथुनः**- नये क्षेत्रों मे प्रयास से लाभ संभव। समस्याओं के समाधान से उत्साह में वृद्धि होगी। नये संबंधों के सहयोग से आर्थिक कठिनाइयां दूर होंगी।

**कर्क** :- सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन में निराशा पैदा करेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव। रोजगार में क्षमता का पूर्ण लाभ मिलेगा।

**सिंहः**- कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। आवेश में लिये गये निर्णय से पश्चाताप संभव।

**कन्याः**- मन को सकारात्मक दिशा की ओर केंद्रित करें। भाग्य से प्राप्त अच्छी बुरी सभी स्थितियों के साथ समझौतावादी बने। अपने सुख-दुख छोड़ परिजनों के सुख के बारे में सोचें। आलस्य कतई न करें।

**तुलाः**- पुरानी गलतियों से सीख लेते हुए वर्तमान को सुधारें। अच्छे कायरें से परिजनों के दिल में जगह बनायें। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न बरनें। जीवन साथी के स्वास्य के प्रति सचेत रहें।

**वृश्चिकः**- भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी।

**धनुः**- मूल्यवान समय को व्यर्थ के कायरें में न जाया करें। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ संभव। संवेदनशील शरीर ग्रहों की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकते हैं। जरूरी कायरे की पूर्ति समय से करें।

**मकरः**- सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा। रोजगार में लाभ के नये अवसर मिलेंगे। पिता के स्वास्य के प्रति सचेत रहें।

**कुंभः**- किसी की अस्वस्थता से परिवार में कष्टप्रद माहौल होगा। महत्वपूर्ण कार्यवश घर से दूर जाना पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कायरें के प्रति आलस्य न करें।

**मीनः**- प्रतिभाओं के बावजूद हीन भाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें।

# सत्ता की बैसाखी पर टिके होने से बदल जाते हैं नेताओं के सुर

योगेंद्र योगी



**सत्ता के लिए गठबंधन की मजबूरी से ऐसा करना देश की राजनीति का चरित्र बन गया है। सत्ता में होने पर पार्टी को कुछ गलत नजर नहीं आता और विपक्ष में आते ही मुद्दे और तरीके बदल जाते हैं। बिहार में 13 दिसंबर को विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर बीपीएससी की 70वीं पीटी परीक्षा आयोजित की गई थी। परीक्षा के दिन से ही अभ्यर्थी परीक्षा में गड़बड़ी का आरोप लगाकर इसे रद्द करके फिर से कराने की मांग की। अभ्यर्थियों ने आरोप लगाया कि पटना के बापू एग्जाम सेंटर पर छात्रों को पेपर देरी से मिला था और पेपर की सील पहले से खुली हुई थी।**

बिहार लोक सेवा आयोग की परीक्षा को रद्द करने की मांग को लेकर आंदोलित प्रदेश के युवाओं की मांग पर भारतीय जनता पार्टी की चुप्पी आश्चर्यजनक नहीं है। दरअसल भाजपा न सिर्फ बिहार नीतिश सरकार में शामिल है, बल्कि केंद्र में भी उसी की बैसाखियों पर टिकी है। ऐसे में मुद्दा जनहित का हो या न हो, इससे भाजपा को फर्क नहीं पड़ता। इससे पार्टी के उसूलों पर भी आंच नहीं आती। इसी भाजपा ने राजस्थान में कांग्रेस की अशोक गहलोत सरकार के खिलाफ पेपर लीक प्रकरणों में विरोध प्रदर्शनों में कोई कोर-कसर बाकी नहीं रखी। यह दोहरा चरित्र अकेले भाजपा का हो ऐसा नहीं है। जिस प्रदेश या केंद्र में जिस भी दल की सरकार होती है, वहां की सत्तारुढ़ पार्टी का रवैया ऐसा ही होता है। केंद्र में कांग्रेस शासन के दौरान सहयोगी दलों के घपले-घोटाले इसका प्रमाण रहे हैं।

सत्ता के लिए गठबंधन की मजबूरी से ऐसा करना देश की राजनीति का चरित्र बन गया है। सत्ता में होने पर पार्टी को कुछ गलत नजर नहीं आता और विपक्ष में आते ही मुद्दे और तरीके बदल जाते हैं। बिहार में 13 दिसंबर को विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर बीपीएससी की 70वीं पीटी परीक्षा आयोजित की गई थी। परीक्षा के दिन से ही अभ्यर्थी परीक्षा में गड़बड़ी का आरोप लगाकर इसे रद्द करके फिर से कराने की मांग की। अभ्यर्थियों ने आरोप लगाया कि पटना के बापू एग्जाम सेंटर पर छात्रों को पेपर देरी से मिला था और पेपर की सील पहले से खुली हुई थी। छात्र प्रदर्शनकारियों के पटना के गांधी मैदान से मुख्यमंत्री आवास की ओर मार्च करने पर पुलिस द्वारा किए गए लाठीचार्ज और वाटर कैनन का इस्तेमाल ने छात्रों और उनके संगठनों के आक्रोश को और बढ़ा दिया।

बिहार की तरह राजस्थान भी कांग्रेस शासन के दौरान पेपर लीक प्रकरणों के कारण सुर्खियों में रहा है। राजस्थान की पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में हुई प्रतियोगिता परीक्षाओं में एक के बाद एक पेपर लीक के मामले सामने आए। सब इंस्पेक्टर भर्ती, सीएचओ भर्ती, लाइब्रेरियन भर्ती और वरिष्ठ अध्यापक भर्ती सहित कई परीक्षाओं के पेपर लीक होने के खुलासे हुए। राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से व्याख्याता भर्ती 2022 की परीक्षा का पेपर लीक होने का मामला सामने आया। पेपर लीक मामले में उलझी सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा 2021 को लेकर प्रदेश के लाखों युवाओं में हर ताजा अपडेट का इंतजार है। पेपर लीक और डमी अभ्यर्थियों के जरिए सैंकड़ों युवाओं ने नौकरी हासिल कर ली थी। इस मामले की जांच करने वाली एसओजी ने भी व्यापक स्तर पर पेपर लीक होना माना और इस परीक्षा को रद्द करने की सिफारिश पुलिस मुख्यालय को भेजी थी। पुलिस मुख्यालय और मंत्रिमंडलीय उपसमिति ने भी परीक्षा को रद्द करने की सिफारिश की, लेकिन सरकार ने इस भर्ती परीक्षा को अभी तक रद्द नहीं किया।

राज्य सरकार ने एसआई भर्ती 2021 में चयनित सभी ट्रेनी सब इंस्पेक्टरों के आगामी प्रशिक्षण पर रोक लगा दी। सरकार ने यह निर्णय राजस्थान हाई कोर्ट के निर्देश के बाद लिया। एक साल की लंबी एक्सरसाइज में अभी तक 50 सब इंस्पेक्टर पकड़े गए हैं। आरपीएससी के सदस्य पकड़े गए। आश्चर्य की बात यह है कि राजस्थान में भाजपा सरकार केही एक केबीनेट मंत्री अपनी ही सरकार के फैसलों पर सार्वजनिक रूप से सवाल उठा रहे हैं। कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा ने सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा को रद्द करने की मांग कर रहे हैं, जबकि सत्तारुढ़ भाजपा अभी तक इस पर कोई फैसला नहीं कर सकी। अनुशासित माने जानी वाली भाजपा की मजबूरी है कि मीणा के खिलाफ पार्टी और सरकार की लाइन से अलग हट कर चलने को लेकर कार्रवाई नहीं कर सकी। इसमें भाजपा को मीणा के साथ जुड़े मीणा वोट बैंक के खिसकने का डर है। सत्ता के लिए राजनीतिक दल किस हद तक उसूलों को ताक पर रख देते हैं, मीणा के खिलाफ कार्रवाई नहीं करना इसका उदाहरण है। मीणा मंत्री पद से इस्तीफा तक दे चुकें हैं, हालांकि उन्होंने इस्तीफा लोकसभा चुनाव में भाजपा के खराब प्रदर्शन पर अपनी जिम्मेदारी मानते हुए दिया था। पार्टी ने अनुसूचित जाति में कोई गलत संदेश नहीं जाए, इसलिए मीणा का इस्तीफा स्वीकार नहीं किया। वोट बैंक के लिए समझौते की ऐसी अनोखी मिसाल देश में शायद ही कहीं देखने को मिले।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
मुख्य कार्यालय (*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। मो. नं. 7985738649, आरएनआई न . UPHIN/2013/55887
**स्थानीय संपादक आर.बी. सिंह, संपादकीय कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. : 9554964672, 9305748833, 9451244788**

# सजीव प्रसारण देखने के बाद लोगों को वितरित किये गये घरौनी प्रमाण पत्र

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**




स्वामित्व योजना के अंतर्गत आज घरौनी वितरण कार्यक्रम का आयोजन कलेक्ट्रेट स्थित डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सभागार कक्ष में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राज्यमंत्री महिला कल्याणबाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग उत्तर प्रदेश प्रतिभा शुक्ला रहीं।

इस मौके पर प्रधानमंत्री द्वारा घरौनी के इलेक्ट्रॉनिक वितरण कार्यक्रम का कलेक्ट्रेट सभागार में सजीव प्रसारण देखा गया तथा प्रधानमंत्री द्वारा लाभार्थियों से किए गए संवाद कार्यक्रम का भी अवलोकन किया गया। तत्पश्चात मुख्यमंत्री के घरौनी वितरण कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया इसके पश्चात जनपद के विभिन्न लाभार्थियों को मुख्य अतिथि राज्यमंत्री द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में अपने हाथों से घरौनी वितरित की गई तथा लाभार्थियों को घर के मालिकाना हक मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी।

मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि घर का मालिकाना हक वैध प्रपत्र मिलने से अब किसी प्रकार का झगड़ा आदि नहीं हो सकेगा तथा जरूरत के समय में लोगो को ऋण भी मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने का कार्य कर रही है। इसी क्रम में जल जीवन मिशन के अंतर्गत गांव-गांव

**▶ चार सौ चालिस गांवों की घरौनियों का किया जा चुका है वितरण**

तक नल से जल उपलब्ध कराया जा रहा है। किसानों एमहिलाओं, युवाओ, गरीबों के हित में अनेक योजनाएं लागू की गयीं हैं जिनका लाभ सभी को मिल रहा है। उन्होंने लोगों को आत्मनिर्भर बनने हेतु प्रोत्साहित किया घरौनी वितरण कार्यक्रम के तहत जनपद हमीरपुर के कुल 636 राजस्व ग्रामों के सापेक्ष अब तक 440 ग्रामों में घरौनी निर्माण का कार्य सम्पादित किया गया है। अब तक कुल डिजिटल घरौनी कार्ड निर्माण में जनपद में कुल 127880 प्रापर्टी कार्ड तैयार किये गये हैं जिनमें तहसील हमीरपुर में 33,880 मौदहा में 44,950 राठ में 25,377 तथा सरीला में 23,673 निर्मित किये गये हैं। आज के कार्यक्रम में जनपद के कुल 42 ग्रामों जिनमें तहसील हमीरपुर के 24 ग्राम मौदहा के 09 ग्राम राठ का एक ग्राम तथा तहसील सरीला 08 ग्राम में डिजिटल घरौनी का वितरण किया गया, जिनमें तहसील हमीरपुर में 3833 मौदहा में 1720 राठ में 1,24 तथा सरीला में 1,855 घरौनी इस प्रकार जनपद में कुल 7,532 घरौनियों का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान मंत्री ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत मेधावियों हाई स्कूल तथा इंटरमीडिएट परीक्षा में जनपद की टॉप 10 में आने वाली छात्राओं को पांच पांच हजार रुपये का चेक एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने घरौली वितरण कार्यक्रम में आए हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर अध्यक्ष जिला पंचायत जयंती राजपूत विधायक राठ, मनीषा अनुरागी राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि, अशोक तिवारी सीडीओ, चंद्रशेखर शुक्ला एडीएम वित्त एवं राजस्व, विजय शंकर एडीएम न्यायिक, डॉ. नागेंद्र नाथ यादव एडीएम नमामि गंगे, सुरेश कुमार डिप्टी कलेक्टर, खालिद अंजुम अध्यक्ष नगर पालिका परिषद हमीरपुर, कुलदीप निषाद तथा अन्य संबंधित मौजूद रहे।

# एसबीआई बैंक में लूट का प्रयास बैंक मैनेजर व कैशियर घायल

**घाटमपुर, समृद्धि न्यूज।**



थाना घाटमपुर के पतारा कस्बा स्थित एसबीआई बैंक में एक युवक हथियार लेकर घुस गया। गार्ड से उलझा देखकर बैंक मैनेजर और कैशियर पहुंचे तो युवक ने उन पर चाकू से हमला कर दिया। हालाकि बैंक मैनेजर और कैशियर ने युवक को पकड़कर रस्सी से बांध दिया। इसके बाद बैंक मैनेजर ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने लुट करने घटना की जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

पतारा कस्बा स्थित स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया के बैंक मैनेजर बीरेंद्र ने बताया कि रोज की तरह सुबह बैंक खोली गयी। बैंक में उनके साथ कैशियर प्राण नाथ शुक्ला, सिक्यॉरिटी गार्ड सुनील कुमार, एसोसिएट सपना कुमारी मौजूद थे। तभी बैंक में एक युवक हाथ में देशी तमंचा और चाकू लेकर घुसा। इस दौरान बैंक में तैनात गार्ड ने युवक के हाथ में देशी तमंचा देखा तो उसे पकड़ लिया। इस दौरान लूट करने आए युवक और बैंक के गार्ड के बीच हाथपाई शुरू हो गई। यह देखकर बैंक मैनेजर बीरेंद्र और कैशियर प्राणनाथ शुक्ला ने लुटेरों को दबोच लिया। लुटेरे ने खुद को बचाने के लिए चाकू से बैंक मैनेजर और कैशियर पर हमला बोल दिया। चाकू लगने से बैंक मैनेजर और कैशियर समेत सिक्योरिटी गार्ड घायल हो गया। तीनों ने लुटेरे को पकड़कर रस्सी से बांधने के बाद फोनकर घटना की सूचना पुलिस को दी।

जानकारी मिलते मौके पर पहुंची घाटमपुर पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस से पतारा सीएचसी पहुंचाया। जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर हालत में सिक्योरिटी गार्ड को कानपुर हैलट अस्पताल रेफर कर दिया गया। बैंक मैनेजर और कैशियर कानपुर निजी अस्पताल गए है। घाटमपुर इंस्पेक्टर धनंजय कुमार पाण्डेय ने बताया कि घटना की जांच पड़ताल की जा रही है। लुटेरे को पुलिस अभिरक्षा में घायल अवस्था में अस्पताल पहुंचाया गया है। तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## दोनों हाथों में अवैध तमंचा लेकर युवक ने जारी किया वीडियो

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**




सोशल मीडिया में युवक अपने दोनो हाथों में तमंचा लेकर डान बनने की कोशिश कर रहा है वीडियों वायरल होते ही पुलिस सक्रिय हो गयी है। मौदहा कोतवाली क्षेत्र के छिमौली गांव निवासी छोटू यादव जो वर्तमान समय में क्षेत्र के ही मदारपुर गांव में रहता है जो सोशल मीडिया में अपने दोनों हाथों में अवैध असलहा लेकर खूब सुर्खियां बटोर रहा है। सोशल मीडिया में वायरल वीडियो को संज्ञान में लेकर कोतवाली पुलिस ने उक्त मनचले के विरुद्ध कार्यवाही करने का दम भरा है। हालांकि बात करें तो समय.समय पर कोतवाली पुलिस ऐसे मनचलों के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही तो करती है लेकिन पुलिस के द्वारा की जाने वाली इस कार्यवाही को आसान समझकर क्षेत्र के लोग अवैध असलहा के साथ प्रदर्शन करना मामूली बात समझ रहे हैं और बिना कुछ सोचे.समझे ऐसे खतरनाक वीडियो वायरल कर अपनी जान जोखिम में डाल रहे हैं। वहीं प्रभारी निरीक्षक उमेश कुमार सिंह ने बताया कि अवैध असलहा के साथ युवक की फोटो उनके संज्ञान में है जिसमें कार्यवाही की जायेगी।

# सीसी रोड बनाए जाने पर ग्रामीणों ने की ब्लॉक प्रमुख की सराहना

**पनवाड़ी महोबा, समृद्धि न्यूज।**



विकासखंड पनवाड़ी के ग्राम पंचायत लोधीपुरा की मैन रोड पर वर्षों से कीचड़ एवं गंदा पानी से गांव के लोगों को निकालना दूबर था। जिसकी शिकायतें ग्रामीणों ने खंड विकास कार्यालय से लेकर तहसील दिवस में शिकायतें की थी लेकिन ग्रामीणों की शिकायत रंग लाई और क्षेत्र पंचायत निधि से ब्लॉक प्रमुख अंजना श्री प्रकाश अनुरागी ने ग्राम पंचायत लोधीपुरा पहुंचकर जब मेने रोड की दशा देखी तो वह दंग रह गये और ब्लॉक प्रमुख ने तुरंत इस्टीमेट बनावाया और कार्य को तुरंत लगभग 200 मी सीसी सड़क बनाने का ठेकेदार को आदेश दिया । सीसी

**▶ ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सहित जेई एवं ठेकेदार को फूल माला पहनाकर दिया धन्यवाद**

सड़क दो सप्ताह में बनकर तैयार हुई तो ग्रामीणों ने ब्लाक प्रमुख की बड़ी प्रशंसा की और कहां की ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि श्री प्रकाश वर्मा सहित राजेश वर्मा ठेकेदारी सुख सिंह राजपूत को गांव वालों ने सड़क की खुशी में फूल माला पहनाकर उनकी सराहना की धन्यवाद दिया और कहां की हमारे गांव का जो हमेशा सड़क कीचड़ और गंदगी से पटा रहता था जिससे आने जाने वाले ग्रामीणों से लेकर विद्यालय जाने वाली बच्चों आज खुशी से विद्यालय पहुंच रहे हैं और ग्रामीणों को भी सड़क बनने से खुशी हुई है और प्रशंसा कर उनका फूल माला पहनाकर विकास पुरुष की उपाधि दे डाली ग्रामीण परशुराम नंदू राजेंद्र कुमार सुशील खेबरिया आदि लोधीपुरा के वासिंदो ने ब्लाक प्रमुख की सराहना की ।

## चारे को तरस रहे गौशाला में बंद गोवंश

**मौदहा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** मौदहा विकास खण्ड के अंतर्गत ग्राम पंचायत परछत अस्थाई गौशाला में तिनका बिन बिन कर खाते हुए ऐसी भीषण ठंड में छाया की व्यवस्था न होने कारण से गौबंश दम तोड़ रहे है। आज गौशाला में दो जानवर पड़े मिले एक जानवर को गौशाला के अंदर ही कुत्ते निवाला बना रहे थे। चौकीदार से पूछा तो बोल क्या करें यहां तो आए दिन ही एक दो चार मरते ही रहते हैं इस विषय में अंशिका गौतम प्रधान गौशाला में कोई रुचि नहीं ले रही। गौशाला में जानवरों को खाने की सही व्यवस्था की जाए उनको ठंड की बचाव के लिए आपका की भी व्यवस्था की जाए जिससे बेजुबान जानवर बच सके और इस पर ग्राम प्रधान पर कार्रवाई की जाए।

# विधायक व उपजिलाधिकारी ने वितरित किए स्वामित्व कार्ड

**घाटमपुर, समृद्धि न्यूज़।**



तहसील सभागार कक्ष में मंगलवार को स्वामित्व योजना के तहत तहसील क्षेत्र के ग्रामीणों को भूमि अभिलेख के तहत स्वामित्व कार्ड के वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें घाटमपुर विधायक सरोज कुरील व उपजिलाधिकारी यादुवेंद्र सिंह वैंस ने स्वामित्व योजना के तहत लोगों को स्वामित्व कार्ड वितरित किए।

विधायक सरोज कुरील ने कहा कि इससे स्वामित्व को अपने मालिकाना हक के लिए किसी भी प्रकार से परेशान नहीं होना पड़ेगा। इस कार्ड से होम-लोन आदि लेने में भी मदद मिलेगी। इस मौके पर तहसीलदार, नायब तहसीलदार, ग्राम पंचायत सचिव, ग्राम प्रधान, आदि लोग मौजूद रहे।


## रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

# कुम्भ मेला विशेष रेलगाड़ियां

**कुम्भ मेला–2025** के दौरान रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा नियमित रेलगाड़ियों के अलावा विभिन्न विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जा रहा है। इन विशेष रेलगाड़ियों का तिथिवार विवरण निम्नानुसार हैः–

### 19.01.2025 (रविवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 02418 | दिल्ली जं. | 09:30 | सूबेदारगंज | 19:40 | फतेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा, टूंडला एवं अलीगढ स्टेशन |
| 04111 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:00 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 18:50 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04112 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 21:00 | |
| 04113 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 07:45 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04114 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:45 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 08:00 | |
| 04255 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 05:35 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 21:30 | फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्डौर, सुल्तानपुर, कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, अयोध्या कैंट, सालारपुर, सोहावल, देवराकोट, बड़ागांव, रुदौली, रौजागांव, पटरंगा, दरियाबाद, सैदखानपुर, सफदरगंज, रसौली, बाराबंकी जं., सफेदाबाद, मल्हौर, लखनऊ जं., उतरेटिया, मोहनलालगंज, कनकहा, निगोहां, श्रीराजनगर, बछरावां, कुनिनगंज, हरचंदपुर, गंगागंज, रायबरेली जं., रूपामऊ, फुरसतगंज, जायस, बनी, गौरीगंज, तालाखजुरी, अमेठी, मिसरौली, मां चन्दिका देवी धाम अन्तू, जगेशरगंज, चिलबिला जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., शनिदेव धाम बिशनाथगंज, मऊ आइमा, सेवाइत और फाफामऊ जं. स्टेशन |
| 04210 | प्रयागराज संगम | 11:15 | जौनपुर | 14:00 | प्रयाग, फाफामऊ, फूलपुर, जंघई एवं मड़ियाहूँ स्टेशन |
| 04209 | जौनपुर | 14:15 | प्रयागराज संगम | 17:15 | |
| 09032 | गाजीपुर सिटी | 00:30 | उधना | 12:45 | औंड़िहार जं., जौनपुर, वाराणसी, चुनार, मिर्ज़ापुर, प्रयागराज, फ़तेहपुर, गोविंदपुरी, उरई, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, ललितपुर, बीना, गंज बासौदा, विदिशा, संत हिरदाराम नगर, शुजालपुर, उज्जैन, नागदा, रतलाम, दाहोद, गोधरा, विश्वामित्री एवं भरूच स्टेशन |
| 04251 | प्रयाग जं. | 20:30 | अयोध्या कैंट | 23:55 | फाफामऊ जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04252 | अयोध्या कैंट | 15:45 | प्रयाग जं. | 19:55 | |
| 04253 | फाफामऊ जं. | 11:15 | अयोध्या कैंट | 14:45 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04254 | अयोध्या कैंट | 06:15 | फाफामऊ जं. | 10:15 | |
| 08562 | विशाखपट्णम जं. | 22:20 | गोरखपुर | 20:25 | विजयनगरम जं., श्रीकाकुलम रोड, पलासा, ब्रह्मपुर, छतरपुर, बालुगांव, खोरधा रोड, भुवनेश्वर, नराज मार्थापुर, ढेंकानाल, अनुगुल, बोइण्डा, रेढ़ारवोल, सम्बलपुर शहर, झारसुगुड़ा रोड, रायगढ़, चांपा जं., बिलासपुर, पेन्ड्रा रोड, अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, चुनार, वाराणसी, जौनपुर जं., मऊ जं. और देवरिया सदर स्टेशन |
| 04202 | प्रयागराज संगम | 12:20 | आलमनगर | 17:00 | प्रयाग जं., कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली, बछरावां एवं उतरेटिया स्टेशन |
| 04201 | आलमनगर | 19:15 | प्रयागराज संगम | 23:25 | |
| 04206 | प्रयागराज संगम | 13:30 | अयोध्या कैंट | 17:00 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04205 | अयोध्या कैंट | 08:45 | प्रयागराज संगम | 12:15 | |
| 04526 | बठिण्डा जं. | 04:30 | फाफामऊ जं. | 23:55 | रामपुरा फूल, बरनाला, धूरी, पटियाला, राजपुरा, अम्बाला छावनी, यमुनानगर जगाधरी, सहारनपुर, रूड़की, लक्सर, नजीबाबाद, मुरादाबाद, बरेली जं., शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ एवं रायबरेली जं. स्टेशन |
| 04315 | फाफामऊ जं. | 06:30 | देहरादून | 21:30 | रायबरेली जं., लखनऊ, बरेली जं., मुरादाबाद, नजीबाबाद एवं हरिद्वार स्टेशन |
| 04065 | फाफामऊ जं. | 23:30 | दिल्ली जं. | 13:40 | रायबरेली जं., लखनऊ, हरदोई, शाहजहाँपुर, बरेली जं., रामपुर, मुरादाबाद, अमरोहा, गजरौला, गढ़मुक्तेश्वर, हापुड़ एवं गाजियाबाद स्टेशन। |
| 04662 | अमृतसर | 20:10 | फाफामऊ जं. | 19:00 | ब्यास, जालंधर सिटी, ढंडारी कलां, सरहिंद, राजपुरा, अम्बाला छावनी, यमुनानगर जगाधरी, सहारनपुर, देवबंद, मुजफ्फरनगर, मेरठ सिटी, हापुड़, गढ़मुक्तेश्वर, गजरौला, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली जं., शाहजहाँपुर, लखनऊ एवं रायबरेली जं. स्टेशन। |
| 03410 | प्रयागराज रामबाग | 19:15 | मालदा टाउन | 14:30 | बनारस, वाराणसी, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पटना जं., राजेंद्र नगर, बख्तियारपुर, बाढ़, मोकामा, किऊल जं., अभयपुर, जमालपुर जं., सुल्तानगंज, भागलपुर, कहलगांव, साहिबगंज जं., बरहरवा जं. एवं न्यू फरक्का जं. स्टेशन |

### 20.01.2025 (सोमवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 04111 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:00 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 18:50 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04112 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 21:00 | |
| 04113 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 07:45 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04114 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:45 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 08:00 | |
| 04255 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 05:35 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 21:30 | फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्डौर, सुल्तानपुर, कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, अयोध्या कैंट, सालारपुर, सोहावल, देवराकोट, बड़ागांव, रुदौली, रौजागांव, पटरंगा, दरियाबाद, सैदखानपुर, सफदरगंज, रसौली, बाराबंकी जं., सफेदाबाद, मल्हौर, लखनऊ जं., उतरेटिया, मोहनलालगंज, कनकहा, निगोहां, श्रीराजनगर, बछरावां, कुनिनगंज, हरचंदपुर, गंगागंज, रायबरेली जं., रूपामऊ, फुरसतगंज, जायस, बनी, गौरीगंज, तालाखजुरी, अमेठी, मिसरौली, मां चन्दिका देवी धाम अन्तू, जगेशरगंज, चिलबिला जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., शनिदेव धाम बिशनाथगंज, मऊ आइमा, सेवाइत और फाफामऊ जं. स्टेशन |
| 04210 | प्रयागराज संगम | 11:15 | जौनपुर | 14:00 | प्रयाग, फाफामऊ, फूलपुर, जंघई एवं मड़ियाहूँ स्टेशन |
| 04209 | जौनपुर | 14:15 | प्रयागराज संगम | 17:15 | |
| 04202 | प्रयागराज संगम | 12:20 | आलमनगर | 17:00 | प्रयाग जं., कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली, बछरावां एवं उतरेटिया स्टेशन |
| 04201 | आलमनगर | 19:15 | प्रयागराज संगम | 23:25 | |
| 04206 | प्रयागराज संगम | 13:30 | अयोध्या कैंट | 17:00 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04205 | अयोध्या कैंट | 08:45 | प्रयागराज संगम | 12:15 | |
| 04525 | फाफामऊ जं. | 06:30 | बठिण्डा जं. | 01:10 | रायबरेली जं., लखनऊ, हरदोई, शाहजहाँपुर जं., बरेली जं., मुरादाबाद जं., नजीबाबाद जं., लक्सर जं., रूड़की, सहारनपुर जं., यमुनानगर जगाधरी, अंबाला कैंट जं., राजपुरा जं., पटियाला, धुरी जं., बरनाला और रामपुरा फूल स्टेशन |
| 04251 | प्रयाग जं. | 20:30 | अयोध्या कैंट | 23:55 | फाफामऊ जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04252 | अयोध्या कैंट | 15:45 | प्रयाग जं. | 19:55 | |
| 04253 | फाफामऊ जं. | 11:15 | अयोध्या कैंट | 14:45 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04254 | अयोध्या कैंट | 06:15 | फाफामऊ जं. | 10:15 | |
| 04528 | अम्ब अन्दौरा | 22:05 | फाफामऊ जं. | 18:00 | ऊना हिमाचल, नंगल डैम, आनंदपुर साहिब, रूपनगर, मोरिंडा जं., चंडीगढ़ जं., अम्बाला कैंट जं., यमुनानगर जगाधरी, सहारनपुर जं., रूड़की, नजीबाबाद जं., मुरादाबाद जं., बरेली जं., शाहजहाँपुर, लखनऊ और रायबरेली जं. स्टेशन |

### 21.01.2025 (मंगलवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 04111 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:00 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 18:50 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04112 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 21:00 | |
| 04113 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 07:45 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04114 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:45 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 08:00 | |
| 04255 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 05:35 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 21:30 | फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्डौर, सुल्तानपुर, कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, अयोध्या कैंट, सालारपुर, सोहावल, देवराकोट, बड़ागांव, रुदौली, रौजागांव, पटरंगा, दरियाबाद, सैदखानपुर, सफदरगंज, रसौली, बाराबंकी जं., सफेदाबाद, मल्हौर, लखनऊ जं., उतरेटिया, मोहनलालगंज, कनकहा, निगोहां, श्रीराजनगर, बछरावां, कुनिनगंज, हरचंदपुर, गंगागंज, रायबरेली जं., रूपामऊ, फुरसतगंज, जायस, बनी, गौरीगंज, तालाखजुरी, अमेठी, मिसरौली, मां चन्दिका देवी धाम अन्तू, जगेशरगंज, चिलबिला जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., शनिदेव धाम बिशनाथगंज, मऊ आइमा, सेवाइत और फाफामऊ जं. स्टेशन |
| 04210 | प्रयागराज संगम | 11:15 | जौनपुर | 14:00 | प्रयाग, फाफामऊ, फूलपुर, जंघई एवं मड़ियाहूँ स्टेशन |
| 04209 | जौनपुर | 14:15 | प्रयागराज संगम | 17:15 | |
| 04202 | प्रयागराज संगम | 12:20 | आलमनगर | 17:00 | प्रयाग जं., कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली, बछरावां एवं उतरेटिया स्टेशन |
| 04201 | आलमनगर | 19:15 | प्रयागराज संगम | 23:25 | |
| 04206 | प्रयागराज संगम | 13:30 | अयोध्या कैंट | 17:00 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04205 | अयोध्या कैंट | 08:45 | प्रयागराज संगम | 12:15 | |
| 04251 | प्रयाग जं. | 20:30 | अयोध्या कैंट | 23:55 | फाफामऊ जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04252 | अयोध्या कैंट | 15:45 | प्रयाग जं. | 19:55 | |
| 04253 | फाफामऊ जं. | 11:15 | अयोध्या कैंट | 14:45 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04254 | अयोध्या कैंट | 06:15 | फाफामऊ जं. | 10:15 | |
| 04527 | फाफामऊ जं. | 22:30 | अम्ब अन्दौरा | 17:50 | रायबरेली जं., लखनऊ, शाहजहाँपुर, बरेली जं., मुरादाबाद जं., नजीबाबाद जं., रूड़की, सहारनपुर जं., यमुनानगर जगाधरी, अम्बाला छावनी जं., चंडीगढ़, मोरिंडा, रूप नगर, आनन्दपुर साहिब, नंगल डैम, ऊना हिमाचल स्टेशन |
| 04316 | देहरादून | 08:10 | फाफामऊ जं. | 23:50 | हरिद्वार, नजीबाबाद जं., मुरादाबाद जं., बरेली जं., लखनऊ एवं रायबरेली जं. स्टेशन |
| 04661 | फाफामऊ जं. | 06:30 | अमृतसर | 04:15 | राय बरेली जं., लखनऊ जं., शाहजहानपुर, बरेली जं., रामपुर जं., मुरादाबाद जं., अमरोहा, गजरौला जं., गढ़मुक्तेश्वर, हापुड जं., मेरठ शहर, मुजफ्फर नगर, देवबन्द जं., सहारनपुर जं., यमुनानगर जगाधरी, अंबाला कैंट जं., राजपुरा जं., सरिहंद जं., ढंढारी कलां, जलंधर शहर और ब्यास स्टेशन |
| 06020 | वाराणसी जं. | 18:20 | मंगलूरू सेन्ट्रल | 02:30 | चुनार, मिर्जापुर, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, पिपररिया, इटारसी जं., नागपुर जं., चन्द्रपुर, बल्हारशाह, सिरपुर कागजनगर, रामगुंडम, वारंगल, खम्मम, विजयवाड़ा जं., तेनाली जं., चिराला, ओंगोल, नेल्लूर, गुडुर जं., पेराबूर, अरक्कोणम जं, कटपडी जं., जोलारपेटै जं., सेलम जं., इरोड जं., तिरुप्पूर, कोयंबटूर जं., पालक्काड जंक्शन, ओट्टापल्लम, शोरानूर जं., तिरुर, फेरोक, कोषिक्कोड, वडकरा, तलश्शेरी, कण्णुर, पय्यानूर, नीलेश्वर और कसारगोड स्टेशन |
| 06072 | गोमती नगर | 03:45 | पुरट्चि तलैवर डॉ. एम.जी.रामचंद्रन सेन्ट्रल | 23:55 | अयोध्या धाम जं, वाराणसी जं., चुनार, मिर्जापुर, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नैनपुर जं., बालाघाट जं., गोंदिया जं., बल्हारशाह, सिरपुर कागजनगर, वारंगल, खम्मम, विजयवाड़ा जं., न्यू गुंटूर, तेनाली जं., चिराला, ओंगोल, नेल्लूर और गुडुर जं. स्टेशन |
| 09403 | अहमदाबाद जं. | 21:15 | जंघई जं. | 03:00 | आणंद जं., छायापुरी, गोधरा जं., दाहोद, रतलाम जं., नागदा जं., भवानी मंडी, रामगंज मंडी, कोटा जं., सवाई माधोपुर जं., गंगापुर सिटी, बयाना जं., आगरा फोर्ट, टूंडला जं., इटावा जं., गोविंदपुरी, फतेहपुर और प्रयागराज जं. स्टेशन |

**रेल यात्रा के दौरान ज्वलनशील वस्तुएं जैसे पटाखे, पेट्रोल, मिट्टी का तेल एवं गैस सिलेंडर आदि लेकर कभी यात्रा न करें।**

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

**उत्तर रेलवे**

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

# स्वामित्व योजना से पारिवारिक विवाद होंगे खत्म : राज्यपाल



बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।

स्वामित्व योजना के तहत शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 65 लाख से अधिक संपत्ति कार्ड वितरित कर इतिहास रच दिया। यह कार्यक्रम 10 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों में आयोजित हुआ। जिसके क्रम में जिले में सर्वप्रथम प्रधानमंत्री द्वारा स्वामित्व कार्ड के वितरण कार्यक्रम का लाइव प्रसारण शहर के जीआईसी ऑडिटोरियम सहित सभी तहसील सभागार में किया गया। मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन ने बताया कि जनपद के समस्त विकासखंडों की सभी पंचायतो में स्वामित्व कार्ड वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। शहर स्थित जीआईसी ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा स्वामित्व योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले उन लोगों को सशक्त बनाना है, जिनके पास अपने घरों का कोई कानूनी दस्तावेज नहीं है। यह योजना न केवल गरीब परिवारों को दबंगों के कब्जे और भूमि विवादों से सुरक्षा प्रदान करती है, बल्कि उन्हें बैंक ऋण और अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में भी सक्षम बनाती है। इस योजना से भाई-भाई के बीच पारिवारिक विवाद खत्म हो जाएंगे। खाद एवं रसद राज्य मंत्री सतीश शर्मा ने कहा कि स्वामित्व योजना के तहत संपत्ति कार्ड वितरित कर आज सरकार ने लाखों विवादों को एक झटके में खत्म कर दिया है। इस कार्य की जितनी भी सराहना की जाए वह कम है। डीएम शशांक त्रिपाठी ने बताया शनिवार को जिले के सभी 15 ब्लॉकों में एक साथ घरौनी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के जीवन में एक नई आशा की किरण लेकर आई है। जिले में दो लाख 57 हजार से अधिक घरौनी वितरण की जानी है। जिसके क्रम में जीआईसी ऑडिटोरियम में 500 लाभार्थियों को घरौनी का वितरण किया गया है। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम के दौरान स्वामित्व योजना, मेरी पंचायत ऐप घरौनी एवं स्वामित्व कार्ड सहित एम फॉर्म ऐप पर समस्त कार्यक्रम की सूचना अपलोड के संबंध में जानकारी दी गई। कार्यक्रम के समापन से पूर्व महामहिम राज्यपाल ने सभी को नशे से दूर रहने और अपने आस-पास स्वच्छता बनाए रखने की शपथ दिलाई। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत, एमएलसी अंगद सिंह, विधायक कुर्सी साकेन्द्र प्रताप वर्मा, विधायक हैदरगढ़ दिनेश रावत, जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी, मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन, जॉइन मजिस्ट्रेट आर जगत साईं, एडीएम इन्द्रसेन, पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह, परियोजना निदेशक मनीष कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक ओपी त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता आशीष पाठक ने किया।

**जिले में वितरित किए जाएंगे दो लाख 57 हजार स्वामित्व पत्र**

# तहसील सभागार में बांटी गई घरौनी

## कार्यक्रम में 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 50 हजार गांव हुए शामिल



हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।

तहसील सभागार में शनिवार को स्वामित्व कार्ड घरौनी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि रूप में मौजूद ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि एवं जिला पंचायत सदस्य रामदेव सिंह द्वारा स्वामित्व कार्ड का वितरण किया गया।

स्वामित्व कार्ड घरौनी पाने के लिए हैदरगढ़ विकास क्षेत्र के विभिन्न गांव से सैकड़ों की संख्या में एकत्रित हुए ग्रामीणों, एसडीएम शम्स तबरेज खान, बीडीओ संजीव कुमार गुप्ता, भाजपा के नवनियुक्त मंडल मंडल अध्यक्ष रजत मिश्रा मोहित के साथ मुख्य अतिथि ने सभागार में मौजूद रहकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उद्बोधन सुना। इस अवसर पर श्री सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बीते 5 सालों में करीब डेढ़ करोड़ लोगों को संपत्ति कार्ड सौंपे जा चुके हैं यह दिन ग्रामीण भारत और वहां की अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए 65 लाख संपत्ति कार्ड का वितरण किया इस कार्यक्रम में 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 50000 गांव शामिल हुए। प्रधानमंत्री की इस पहल से ग्रामीण किसान गरीब खुशहाल हो रहे हैं।

# बैजनाथ रावत ने की सीएम से मिलकर पक्का पुल बनवाने की मांग



हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।

उप्र एससी एसटी आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत ने शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर मुलाकात की और एक पत्र सौंपकर विधानसभा क्षेत्र हैदरगढ़ अन्तर्गत गोमती नदी के गोसियामऊ घाट (मेन्ढुआ पलौली) और गोमती नदी के मौलाबाद घाट पर पक्के पुल के निर्माण कराए जाने की मांग की। इसके अलावा झूंसी (प्रयागराज) में पासी नेता मनोज पासी को स्थानीय पुलिस द्वारा निर्दयतापूर्वक पीटे जाने की घटना की उच्च स्तरीय जांच कराकर दोषी पुलिस कर्मियों पर मुकदमा दर्ज कर दण्डित करने एवं पीड़ित पासी नेता मनोज पासी पर पुलिस द्वारा लिखे गये फर्जी मुकदमा को समाप्त किए जाने की भी मांग की।

# सरकारी योजनाओं का लाभ जनता तक पहुंचाना रहेगी प्राथमिकता: शशांक त्रिपाठी



बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।

नवागत जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने शनिवार की प्रातः कार्यभार ग्रहण किया। कलेक्ट्रेट परिसर पहुँचने पर नवागत जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी का जिले के अधिकारियों ने बुके देकर स्वागत किया।

इसके उपरांत उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके उपरांत नवागत जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने ट्रेजरी पहुँचकर अधिकारियों की उपस्थिति में कार्यभार ग्रहण किया। कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत नवागत जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने बताया कि राज्य सरकार और मुख्यमंत्री जी की जो भी प्राथमिकताएं है, उन सभी योजनाओं का लाभ जनता तक पहुँचाना हमारी प्राथमिकता रहेगी। बाराबंकी में स्वास्थ्य के क्षेत्र में और किसानों के लिये अच्छे से अच्छा कार्य किया जाए। उन्होंने कहा कि भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जो भी योजनाएं चलाई जा रही उनका इम्प्लीमेंटेशन अच्छे से किया जाएगा जिससे जिन लोगों के लिये यह योजनाएं चलाई जा रही है उनका लाभ उनतक बिना किसी दिक्कत के पहुँच सकें। बाराबंकी का एग्रीकल्चर बहुत अच्छा है। हार्टिकल्चर में भी बड़ा अच्छा काम हो रहा है। इन सभी क्षेत्रों में और बेहतर कार्य करने का प्रयास किया जायेगा। इस अवसर पर एडीएम इन्द्रसेन, जॉइंट मजिस्ट्रेट आर जगत साईं, वरिष्ठ लेखाधिकारी अमित कुमार, डिप्टी कलेक्टर केडी शर्मा, एसडीएम अनुराग सिंह सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# अवैध मार्फीन के साथ युवक गिरफ्तार

**जैदपुर बाराबंकी।** जैदपुर पुलिस ने एक युवक को शक के आधार पर घेराबंदी कर गिरफ्तार किया। जिसकी तलाशी लेने पर 150 ग्राम अवैध मार्फीन बरामद कर आरोपी को जेल भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार उप निरीक्षक हलीम बाबू सहयोगी पुलिस के जवान विनोद सिंह,सुधीर सिंह के साथ विनावर देखभाल क्षेत्र, रोकथाम जुर्म जरायम व रात्रि चेकिंग में रवाना होकर जैदपुर सफदरगंज मार्ज पर एक व्यक्ति ग्राम शहजादपुर से आता हुआ दिखाई दिया। शंका होने पर अटवा चौराहा से 300 मीटर शहजादपुर गाँव की तरफ पकड़ लिया गया। पकड़े गये युवक ने अपना नाम सईद पुत्र अकील अहमद निवासी मोहल्ला बाजार रसौली थाना सफदरगंज बताया। जिसकी तलाशी लेने पर 150 ग्राम अवैध मार्फीन बरामद कर आरोपी को जेल भेज दिया गया। इस संबंध में दरोगा हलीम बाबू ने बताया कि शक होने पर एक युवक को गिरफ्तार कर अवैध मार्फीन बरामद कर संबंधित धाराओं मे मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा गया है।



# डीएम ने लोधेश्वर महादेव मंदिर में जलाभिषेक कर विधि विधान से किया पूजा-अर्चना

**बाराबंकी।** नवागत जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने सुप्रसिद्ध तीर्थ स्थल लोधेश्वर महादेवा में आदि देव महादेव की चौखट पर माथा टेका और आशीर्वाद प्राप्त किया। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने जिले का कार्यभार ग्रहण करने के बाद शनिवार को लोधेश्वर महादेव मंदिर पहुंचे। जहाँ पर पंडित अनिल व आदित्य के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच डीएम ने जलाभिषेक कर विधि विधान से पूजा अर्चना किया और विश्व कल्याण की कामना की। इस अवसर पर एसडीएम रामनगर पवन कुमार व तहसीलदार भूपेंद्र विक्रम सिंह ने नवागत जिला अधिकारी शशांक त्रिपाठी को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। ग्राम प्रधान राजन तिवारी ने अंग वस्त्र व शिवलिंग का प्रतीक चिन्ह भेंट किया। इस मौके पर पुलिस क्षेत्राधिकारी सौरभ श्रीवास्तव, थाना प्रभारी निरीक्षक अजय त्रिपाठी मौजूद रहे।

# खबरें एक नजर में

## परशुराम सेवा समिति की बैठक 19 जनवरी को

**इकदिल, इटावा।** परशुराम सेवा समिति उ.प्र. की एक आवश्यक बैठक 19 जनवरी दिन रविवार को दोपहर 12 बजे से आदर्श प्राथमिक विद्यालय मोहल्ला कायस्थान इकदिल में होगी। परशुराम सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष डॉ.सुशील सम्राट ने बताया कि बैठक में वार्षिक सदस्यता अभियान पर विचार विमर्श, प्रदेश कार्यकारिणी के गठन सहित आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की जायेगी द्य उन्होंने परशुराम सेवा समिति के समस्त सदस्यों से बैठक में निर्धारित समय पर अनिवार्य रूप से उपस्थित होने का अनुरोध किया है।

## नहीं थम रही सुबेहा में अवैध कटान

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** जिम्मेदार लोगों की लापरवाही के चलते सुबेहा क्षेत्र में अवैध कटान रुकने का नाम नहीं ले रही है। वन विभाग द्वारा कार्यवाही किए जाने के बावजूद वन माफिया हरियाली पर आरा चलाने में मशगूल है। इसी क्रम में थाना एवं रेंज क्षेत्र के तेजी का पुरवा वार्ड में वन माफिया द्वारा जामुन के एक पेड़ को धाराशायी किया जा रहा था। जिसकी सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे वन दरोगा अनुज सिंह द्वारा ठेकेदार मो0 फुरकान के विरुद्ध उत्तर प्रदेश ग्रामीण वृक्ष संरक्षण अधिनियम 1976 की धारा 4/10 व अन्य वनोपज अभिवहन नियमावली 1978की धारा 3/28 के अंतर्गत जुर्माना की कार्यवाही की गयी।

## समाजसेवी ने 300 गरीबो को बांटे कम्बल

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** विकासखंड हैदरगढ़ के ग्राम पंचायत करौंदी मानपुर गांव में भीषण ठंड से राहत पहुंचाने हेतु समाजसेवी शक्ति सिंह द्वारा 300 ग्रामीणों के बीच कंबल वितरित किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी शक्ति सिंह ने कहा कि गरीब और असहाय लोगों की मदद करना ही हम सब का धर्म है। ठंड में असहाय लोगों की सेवा करना ही मानवता की सेवा है मानव सेवा करना ही हमारा परम धर्म है इस अवसर पर करीब तीन सैकड़ा ग्रामीणों के बीच कंबल वितरण किया गया। इस अवसर पर करौंदी ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सोनू सिंह पिंकू सिंह मोहित सिंह यशवीर सिंह कल्लू पाल आदि मौजूद रहे।

## नवोदय ज्ञान परीक्षा का आयोजन

**फतेहपुर, बाराबंकी।** तहसील क्षेत्र अन्तर्गत शनिवार को कस्बा फतेहपुर के दो प्रमुख विद्यालयो को परीक्षा केंद्र बनाकर नवोदय ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया गया। मालूम हो कस्बा फतेहपुर मे शनिवार 18 जनवरी को नेशनल इंटर कालेज फतेहपुर को परीक्षा केंद्र व राजकीय बालिका इंटर कालेज फतेहपुर को परीक्षा केंद्र बनाकर बच्चो की नवोदय ज्ञान परीक्षा कराई गई जिसमे नेशनल इंटर कालेज मे कुल 434 पंजीकृत विधार्थियों मे से 294 छात्रों ने परीक्षा दी इसमें 140 विधार्थी अनुपस्थित रहे। वही राजकीय बालिका इंटर कालेज मे 408 पंजीकृत विधार्थियो मे से 271 ने परीक्षा मे भाग लिया और 137 छात्र अनुपस्थित रहे बीईओ आराधना अवस्थी ने दोनो परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया उन्होंने बताया कि परीक्षा के दौरान सभी निरीक्षक अपने अपने कक्षों में मौजूद थे।

## पॉक्सो एक्ट के वांछित दो आरोपी पुलिस ने पकड़े

**कोंच,जालौन।** पॉक्सो एक्ट के 2 वांछित आरोपियों को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामले के मुताबिक बीते वर्ष 2024 में एक मामले में कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अंडा निवासी गोपीकिशन कुशवाहा और एक दूसरे मामले में आकाश गोस्वामी निवासी ग्राम सौजना थाना पंडोखर जिला दतिया एमपी के विरुद्ध दफा 323, 363, 366, 376(2), 5एल, 6 पॉक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज कराया गया था। उक्त दोनों लगातार फरार चल रहे थे। गोपीकिशन को सुरई चौकी प्रभारी संदीप दीक्षित ने शनिवार की सुबह एट तिराहे से गिरफ्तार कर लिया जबकि आकाश को सागर चौकी प्रभारी अविनीश कुमार ने बीती देर रात मुंसिफी के समीप से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दोनों वांछित आरोपियों को जेल भेज दिया है।

# बच्चों की लड़ाई में हुई मारपीट, केस दर्ज

जैदपुर बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।

बच्चो की लड़ाई में महिला को गालियां देते हुए मारापीटा। पीड़िता ने थाना जैदपुर मे शिकायत की है। पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है।जानकारी के अनुसार प्रार्थीनी बब्ली पत्नी स्व कुर्बान अली निवासिनी ग्राम बीबीपुर थाना जैदपुर ने जैदपुर थाने में शिकायती पत्र देते हुए बताया कि 17-1-2025 को समय करीब 3.30 बजे बच्चो के झगडे को लेकर ननकऊ पुत्र छोटे प्रार्थीनी को गंदी-2 गाली देने लगे। प्रार्थीनी ने गाली देने से मना किया तो ननकऊ प्रार्थीनी को थप्पड़ जड़ दिया।जिसको देखकर बचाने दौडे मन्ते पुत्र स्व कुर्बान अली तो उसको भी लाठी डंडी से मारना शुरु कर दिया।जिससे लाठी मन्ते के माथे पर लगी और माथा फट गया और खून बहने लगा।प्रार्थीनी व मन्ते अपने घर में घुस गये तो ननकऊ पुत्र छोटे व गुण्यान पुत्र ननकऊ जबरन निशा पत्नी ननकऊ सभी लोग प्रार्थीनी के घर में घुस आये और प्रार्थीनी को लात घूसो से काफी मारापीटा, प्रार्थीनी चिल्लाने लगी तो शोर सुनकर मोहल्ले के तमाम लोग इकठ्ठा हो गये।विपक्षियो ने जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# विद्यालय का ताला तोड़कर हजारों का सामान चोरी

**बाराबंकी।** अज्ञात चोरो ने रात मे विद्यालय का ताला तोड़कर बच्चो का खाने बनाने वाला चुल्हा,थाली सहित लगभग बीस हजार का सामान चोरी कर ले गये। सुबह होने पर जानकारी हुई जिसकी शिकायत थाना जैदपुर मे करने पर जैदपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार कम्पोजिट विद्यालय ककरहा विकास खण्ड बनीकोडर जनपद बाराबंकी मे दिनांक 16-1-2025 को सुबह जब विद्यालय खुला तो देखा गया कि 15/16 की रात को अज्ञात व्यक्ति द्वारा विद्यालय के ताले तोडे गये है। जिसमे विद्यालय के शिक्षको और बच्चो के खाने की थाली और एक 22 लीटर का कूकर तथा एक गैस चूल्हा तथा स्वच्छता किट का सामान विद्यालय से गायब है सामान की कीमत लगभग 20,000 रुपया के आसपास है हरिता वर्मा की शिकायत के आधार पर जैदपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# रोजगार मेले में 123 लोगों को मिली नौकरी



हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।

दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल विकास योजना के तहत उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन जिला सेवायोजन कार्यालय एवं राष्ट्रीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बाराबंकी के संयुक्त तथा ध्यान में शनिवार को त्रिवेदीगंज विकासखंड मुख्यालय पर ब्लॉक केसरी रोजगार मेला का आयोजन किया गया।

इस दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश एससी एसटी आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत द्वारा सैकड़ो ग्रामीणों के बीच स्वामित्व कार्ड घरौनी का वितरण भी किया गया। सुबह 10 बजे से शाम तक चले रोजगार मेले में हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, आईटीआई/डिप्लोमा, ग्रेजुएट/पोस्ट ग्रेजुएट एवं कौशल विकास मिशन से उत्तीर्ण योगी बेरोजगार युवाओं ने हिस्सा लिया। इस मेले में निजी क्षेत्र की 8 विभिन्न कंपनियों ने सच्चा कार्य के माध्यम से तकनीकी एवं गैर तकनीकी पदों के लिए कल 482 अभ्यर्थियों में से 123 का चयन किया। मेला के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश एससी एसटी आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत, बीडीओ प्रियंका सिंह द्वारा रोजगार मेले में प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागियों के उज्जवल भविष्य की कामना की गयी। मेले में प्रतिभाग करने वाली कम्पनियो में स्टार ग्रुप ऑफ मैन पॉवर सर्विसेज, एनजेडी इण्टरप्राइजेज, सिस्का इलैक्ट्रीकल्स एण्ड मैनेजमेण्ट इण्टरप्राइजेज, ब्राइट फ्यूचर आर्गेनिक हर्बल आयुर्वेदिक प्रालि, बुसा नैचुरल्स, निमसन हर्बल, एलएनजे स्किल एण्ड टेक्नोलॉजी। एवं गनेशा कन्सलटेण्ट एण्ड मैनपॉवर सर्विसेज शामिल रही।

इस अवसर पर राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सेवायोजन एवं कौशल विकास मिशन से जुड़े आशुतोष कुमार, सुग्रीव चंद्रा,अखिलेश वर्मा, प्रीतम सिंह, अशुतोष यादव, कृष्ण कुमार तिवारी, अंजेश शुक्ला एवं बृजेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# कोल्ड स्टोरेज के संचालन से व्यापार को मिलेगी मदद : अशोक राठौर



उरई,जालौन समृद्धि न्यूज़।

जनपद के कोल्ड स्टोरेज व्यवसाय से जुड़े उद्यमियों की एक बैठक शिक्षक एवं व्यापारी नेता अशोक कुमार राठौर के जेल रोड स्थित आवास पर संपन्न हुई जिसमें जिले के कोल्ड स्टोरेज के उद्यमी शामिल हुए। बैठक में समस्त स्टोरेज संचालक इस बात से सहमत रहे कि जनपद में कृषि एवं व्यापार की उन्नति हेतु कोल्ड स्टोरेज की महत्वपूर्ण भूमिका है। बैठक को संबोधित करते हुए अशोक राठौर ने कहा कि जनपद के किसानों एवं व्यापारियों को उनकी फसल का उचित मूल्य प्राप्त हो इसके लिए कोल्ड स्टोरेज पूरी मदद करेंगे। बैठक में जय माँ कोल्ड स्टोरेज से अशोक राठौर, धर्मेन्द्र सिंह जादौन, मिथला कोल्ड स्टोरेज से उदयन त्रिवेदी, राजा गढ़गुवां, आकिल रायल कोल्ड स्टोरेज से अकील अहमद, पुण्डरीक कोल्ड स्टोरेज से रमेशचंद्र नगाइच, अमित शुक्ला, माही कोल्ड स्टोरेज गौरव राठौर, शांति कोल्ड स्टोरेज से बालजी गुर्जर, श्री कृष्णा कोल्ड स्टोरेज से भूपेन्द्र सिंह यादव, दीपेन्द्र यादव, बेतवा कोल्ड स्टोरेज से लक्ष्य तिवारी, जालौन कोल्ड एंड प्रोसेस स्टोरेज से विपुल महेश्वरी, ब्रह्मानंद कोल्ड स्टोरेज से जयपाल सिंह सहित दो दर्जन व्यापारी उपस्थित रहे।

# छापामार कर अवैध खनन करते जेसीबी सहित 4 ट्रैक्टर पकड़े

**प्रशासन की बड़ी कार्रवाई से कारोबारियों में हड़कंप**



कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज़।

प्रशासन की तमाम प्रयासों के बाद भी अवैध खनन का मामला कम होता नजर नहीं आ रहा है। क्षेत्रीय लेखपाल के साथ नायब तहसीलदार चंद्र मोहन शुक्ला ने कालपी तहसील के ग्राम भदरेखी में औचक तरीके से छापा मारकर मिट्टी के अवैध खनन का मामला पकड़ा लिया। टीम ने मौके से एक जेसीबी मशीन सहित चार ट्रैक्टर पकड़कर सीज करने की कार्रवाई की है। मालूम हो कि कालपी तहसील के ग्राम भदरेखी में अवैध मिट्टी खनन के मामले की सूचना मिलने पर नायब तहसीलदार चंद्र मोहन शुक्ला के नेतृत्व में क्षेत्रीय लेखपाल एसके महान एवं राजस्व कर्मचारी की टीम के द्वारा भदरेखी की में छापा मारा गया, छापे के दौरान जेसीबी मशीन तथा ट्रैक्टरों से अवैध खनन किया जा रहा था। टीम को देख करके अवैध खनन कारोबारियों में हड़कम्प मच गया तथा वह मौके से भाग जाने में सफल रहे। नायब तहसीलदार की सूचना पर संबंधित थाना पुलिस को मौके पर बुलाया गया। छापेमारी के दौरान राजस्व एवं पुलिस टीम ने मौके से अवैध मिट्टी के खनन में लिप्त जेसीबी मशीन नंबर यूपी-92-एटी-7542 को पकड़ लिया। इसके अलावा मिट्टी खनन में शामिल चार ट्रैक्टर नंबर यूपी-71-एस-5117 व यूपी-92-पी-6543 तथा दो बिना नंबरों के ट्रैक्टर शामिल थे। जेसीबी तथा चारों ट्रैक्टरों को आटा थाने में पुलिस अभिरक्षा में खड़ा कर सीज करने की कार्यवाही की है। इस मामले को लेकर सम्बन्धित जिला खनिज अधिकारी तथा अन्य विभागों के जिम्मेदारों को आवश्यक कार्यवाही करने के लिये सूचना भेजी जा चुकी है।

समझा जाता है कि प्रशासन कि इस कार्रवाई से मिट्टी का अवैध खनन करने वाले लोगों को भी चिन्हित कर कार्यवाही हो सकती है।

# पीड़िता ने एसडीएम से की ससुरालीजनों की शिकायत

**कोंच,जालौन।** पीड़ित बहू ने ससुराल के लोगों की शिकायत कर कार्यवाही किए जाने की मांग की। एसडीएम ज्योति सिंह को शिकायती पत्र देकर महिला लक्ष्मी पत्नी मलखान निवासी ग्राम परैथा ने बताया कि उसकी शादी करीब 7 माह पूर्व हुई थी। वह अपने पति के साथ बाहर रहकर मजदूरी करती है। गत दिन पहले पति के साथ वह गाँव स्थित घर आयी हुई थी। शनिवार की सुबह पति सहित सास, ससुर और ननद ने एकराय होकर उसके साथ गाली गलौज कर मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर घर से बाहर निकाल दिया। उक्त लोगों ने दहेज के रूप में 50 हजार रुपये न लाने पर कभी घर वापस न आने की धमकी दी।

# 120 लोगों को किया गया घरौनी का वितरण: विधायक



इटावा, समृद्धि न्यूज़।

प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री द्वारा स्वामित्व योजनांतर्गत घरौनी वितरण कार्यक्रम का सजीव प्रसारण व जनपद स्तर पर विधायक सदर सरिता भदौरिया की अध्यक्षता में घरौनी वितरण कार्यक्रम प्रदर्शनी पंडाल में आयोजित किया गया।

प्रधानमंत्री के द्वारा स्वामित्व योजना के तहत देशभर में 50000 से अधिक गांव में 65 लाख प्रॉपर्टी कार्डो का वितरण एवं योजना के लाभार्थियों के साथ संवाद किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सदर विधायक सरिता भदौरिया द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम मैंसदर विधायक ने अपने उद्बोधन में कहा कि जो भी गरीब लोग हैं आज उनको यहां प्रदर्शनी पंडाल में घरौनी वितरण की जा रही है इसी तरह गरीब लोगों को सभी योजनाओं का लाभ अवश्य देना चाहिए। उन्होंने कहा कि 15 गांव के 120 लोगों को घरौनी वितरण की जा रही है। कार्यक्रम के दौरान जिला अध्यक्ष संजीव राजपूत , महामंत्री शिवाकांत चौधरी ,पूर्व सांसद रघुराज शाक्य, जिलाधिकारी अवनीश राय ,सिटी मजिस्ट्रेट दिग्विजय प्रताप सिंह, उप जिलाधिकारी सदर विक्रम सिंह राघव, जिला पंचायत राज अधिकारी बनवारी सिंह सहित जनप्रतिनिधि व सम्बन्धित लाभार्थी उपस्थित रहे।

# दिव्यांग, विधवा पेंशन राशि पांच हजार रुपये प्रतिमाह की जाए

उरई,जालौन समृद्धि न्यूज़।

दिव्यांग, वृद्धा व विधवा पेंशन की धनराशि को बढ़ाकर पांच हजार रुपये प्रतिमाह किए जाने के लिए समाजसेवी ने राष्ट्रपति को पत्र लिखा। समाजसेवी देवीदयाल वर्मा ने राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू को पत्र भेजकर लिखा कि भारत के लगभग सभी राज्यों में वृद्धजनों, दिव्यांगों एवं विधवा महिलाओं को उनके भरण पोषण के लिए पेंशन दिए जाने का प्रावधान है। लेकिन वर्तमान में जो पेंशन की धनराशि दी जा रही है। वह एक तरह से मजाक ही है। प्रदेश सरकार ने पेंशन धनराशि को एक हजार रुपये दिए जाने का प्रावधान किया है। लेकिन आज के मंहगाई वाले युग में एक हजार रुपये में भरण पोषण होना मुश्किल है। इस मंहगाई के दौरान में कोई निराश्रित, बुजुर्ग अथवा विधवा कैसे एक हजार रुपये प्रतिमाह में अपना जीवन यापन कर सकता है यह सोचनीय है। इसलिए, यह जरूरी है कि तार्किक रूप से भरण पोषण लायक पेंशन का प्रावधान किया जाए। ताकि पेंशनधारक आसानी से अपना भरण पोषण कर सकें। उन्होंने राजनैतिक पेंशन के समान ही अथवा कम से कम पांच हजार रुपये प्रतिमाह पेंशन दिलाए जाने की मांग राष्ट्रपति से की है।

# नवनिर्मित न्यायालय भवन का न्यायमूर्ति ने किया लोकार्पण



मुहम्मदाबाद, गाजीपुर समृद्धि न्यूज़।

जनपद के वाह्य न्यायालय मुहम्मदाबाद में नवनिर्मित चार कक्षीय न्यायालय भवन का भव्य लोकार्पण माननीय प्रशासनिक न्यायमूर्ति प्रकाश पाडिया उच्च न्यायालय इलाहाबाद एवं जनपद न्यायाधीश धर्मेंद्र कुमार पांडेय की गरिमामय उपस्थिति मे शनिवार को पूरे विधि विधान से पूजन अर्चन करने के बाद पत्नी संग पहुंचे न्यायमूर्ति पाडिया ने भवन के मुख्य द्वार पर लगे सिलापट का अनावरण किया तत्पश्चात न्यायालय परिसर में वृक्षारोपण किया तत्पश्चात सिविल बार एवं सेंट्रल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रेम प्रकाश राय एवं विमल राय की तरफ से चार सूत्रीय मांग पत्र वरिष्ठ अधिवक्ता आलोक कुमार राय ने न्यायमूर्ति को प्रदान किया। जिस पर उन्होंने कार्रवाई का आश्वासन दिया। उपस्थित अधिवक्ताओं ने इसे न्याय व्यवस्था में सुधार और जनता के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए माननीय न्यायमूर्ति एवं जनपद न्यायाधीश सहित अन्य तमाम वरिष्ठ जनों का आभार जताया । इस दौरान प्रभारी निरीक्षक शैलेश कुमार पांडेय द्वारा सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए थे मौके पर जनपद के अपर जिला जज शक्ति सिंह मुख्य दंडाधिकारी स्वप्न आनंद सिविल जज हरेंद्र सिंह , मोहम्मद फरहान अभिषेक सिंह , पुलिस अधीक्षक ईराज राजा, उप जिलाधिकारी मनोज पाठक, क्षेत्राधिकारी शेखर सिंगर सहित अन्य कर्मचारी एवं अधिकारी व अधिवक्ता गण मौजूद रहे।

समृद्धि न्यूज़
लखनऊ, रविवार 19 जनवरी, 2025


# स्वामित्व योजना के तहत वितरित किए संपत्ति कार्ड

- 47 ग्रामों के 9066 को संपत्ति कार्ड वितरित
- जनपद में अब तक 129468 सम्पत्ति कार्ड हो चुका है वितरण

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**


महिला को संपत्ति कार्ड देती विधायिका अर्चना पाण्डेय व डीएम

प्रधानमंत्री ने महिलाओं को प्रत्येक क्षेत्र में बराबर सम्मान देने का कार्य किया है। पहली ऐसी सरकार है जो अन्तिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को योजनाओ का लाभ देने का कार्य कर रही है। यह बात विधायिका अर्चना पाण्डेय ने कही। स्वामित्व योजना के अन्तर्गत तैयार घरौनी सम्पत्ति कार्ड का वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायिका अर्चना पाण्डेय, जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का सजीव प्रसारण देखा गया। आयोजित कार्यक्रम में ग्राम गढिया कछपुरा के निवासी रेखा, राजकुमार एवं ग्राम उदैतापुर के निवासी रमाकान्त, शशी व ग्राम मूसरि के निवासी रमेश तोमर, विजय सिंह और ग्राम मिश्रीपुर के सर्वेश, अर्जुन तथा ग्राम गौरियापुर के निवासी संजीव दिलीप कुमार सहित तहसील कन्नौज के 08 ग्राम के 2042 घरौनी ;सम्पत्ति कार्ड का वितरण किया गया। इसी प्रकार तहसील छिबरामऊ में 28 ग्रामो के 4586 घरौनी एवं तिर्वा में 11 ग्रामो के 2438 घरौनी ;सम्पत्ति कार्ड वितरित किया गया। जनपद में कुल 47 ग्रामो के 9066 को घरौनी सम्पत्ति कार्ड का वितरण किया गया। इससे पूर्व जनपद में अब तक 129468 घरौनी, सम्पत्ति कार्ड का वितरण किया जा चुका है। जिलाधिकारी ने कहा की प्रधानमंत्री ने गांव के लोगों को उनके घरों का मालिकाना हक का दस्तावेज देने के उद्देश्य से स्वामित्व योजना की शुरुआत की है। इस योजना के तहत घरौनी बनाये जाने हेतु व्यापक स्तर पर सरंचना बनायी गयी। ड्रोन से सर्वे किया गया लेटेस्ट टेक्नालॉजी का उपयोग कर घरौनी के दस्तावेज तैयार किये गये हैं। उन्होने कहा कि घरौनी अभिलेख होने से मकान की सीमाओं को लेकर होने वाले विवादो से निजात मिलेगी।

भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया ने कहा कि प्रधानमंत्री ने स्वामित्व योजना के अन्तर्गत गांव के लोगो को घरों का मालिकाना हक दिलाने का कार्य किया है। दस्तावेज न होने के कारण भूमाफिआओं द्वारा अवैध रुप से कब्जा कर लिया जाता था। अब दस्तावेज होने से ऐसे सभी प्रकरणो पर निजात मिलेगी।

# आपदा से निपटने के लिए मॉकड्रिल कर बताएं उपाय

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**


मॉक ड्रिल कर बचाव की जानकारी देती टीम

राज्य आपदा मोचन बल ने मेसर्स हरीहर रेफ्रिजरेशन एण्ड एग्रो प्रोडक्ट प्रा. लि. कोल्ट स्टोर, गैस एजेन्सी रोड, कन्नौज में गैस, रसायन के रिसाव एवं बॉयलर फटने से होने वाली घटनाओं से बचाव, न्यून किए जाने हेतु मॉक एक्सरसाइज का आयोजन किया गया।

एसडीआरएफ टीम के जवानों ने गैस रसायन के रिसाव एवं बॉयलर फटने जैसी आपदा के दौरान और बाद में रेस्क्यू के तरीकों को उदाहरण के रूप में प्रदर्शन कर उद्यमियों को दिखाया। गैस रसायन के रिसाव एवं बॉयलर फटने के समय बचाव के तरीकोंए प्राथमिक उपचार तथा राहत कार्य की जानकारी दी। टीम ने रासायनिक आपदा से निपटने के लिए मॉक ड्रिल कर बचाव के उपाय बताए। साथ ही विभिन्न आपदा प्रबंधन से संबंधित उपकरणों से भी लोगों को अवगत करवाया। इस अवसर पर रेस्क्यू के बारे में भी बताया गया दुर्घटना के समय घायल व्यक्ति को तत्काल उपचार कराने तत्काल ऑक्सीजन देने के बचाव के उपाय बताए गए। इस दौरान एसडीआर एफ कमांडर शिव गौड, जितेन्द्र सिंह, क्षेत्राधिकारी छिबरामऊ ओमकार नाथ शर्मा जिला उद्यान अधिकारी सीपी अवस्थी, जिला आपदा विशेषज्ञ जय लक्ष्मी पांडेय, सहित इत्र कारखानों व कोल्ड स्टोरज के उद्यमी रहे।

# सवा तीन लाख के गांजे के साथ दो गिरफ्तार

- तीन से चार हजार रूपये किलो के हिसाब से लाते हैं गांजा

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



उड़ीसा से ट्रेन के माध्यम से गांजा लाकर अपराधी जनपद में फुटकर विक्रय किया करते थे। दोंनो शातिर अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने कब्जे से 28 किलोग्राम अवैध गांजा, एक मारूति सुजुकी कार, दो अदद मोबाइल फोन सहित 15 हजार रूपये नगदी बरामद की। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कपिल दुबे, निरीक्षक त्रदीप सिंह प्रभारी सर्विलांस सेल और उपनिरीक्षक कमल भाटी प्रभारी एसओजी की संयुक्त टीम ने ईदगाह से पनवारा रोड पर संदिग्ध व्यक्ति, वाहन चेकिंग के दौरान देवेंद्र सिंह पुत्र अमर सिंह निवासी जोगनी पुरवा थाना इंदरगढ़ और बदन सिंह यादव पुत्र रामसिंह निवासी मंगलीपुर्वा रुदौली थाना कोतवाली कन्नौज को गिरफ्तार किया। कब्जे से 28 किलो गांजा कीमत लगभग 3 लाख 25 हजार, एक मारूति सुजुकी कार, दो अदद मोबाइल फोन सहित 15 हजार रूपये नगदी बरामद की। जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली कन्नौज पर अभियुक्त के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त देवेन्द सिंह व बदन सिंह को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया। एसपी विनोद कुमार ने खुलासा करते हुए बताया कि उड़ीसा से ट्रेन के माध्यम से गांजा लाकर जनपद में फुटकर सप्लाई किया करते थे। दोनों शातिर किस्म के अपराधी है। इन पर पहले से गैंगेस्टर सहित आदि मामलों में मुकदमें पंजीकृत है। अभियुक्तगण ने पूछताछ में बताया कि हम लोग उडीसा से ट्रेन के माध्यम से गांजा 03-04 हजार रूपये किलो के हिसाब से लाते हैं। और यहां आकर 12-14 हजार रूपये किलो फुटकर में बेच देते हैं।



## यातायात पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** शहर में सड़क सुरक्षा माह के तहत विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत यातायात प्रभारी आफ़ाक़ खां ने यातायात वॉलिंटियर्स के साथ मिलकर शहर के प्रमुख चौराहों एवं तिराहों पर पीए सिस्टम के माध्यम से वाहन चालकों को महत्वपूर्ण सड़क सुरक्षा जानकारी प्रदान की। यातायात प्रभारी ने वाहन चालकों को हेलमेट पहनने और सीट बेल्ट लगाने के महत्व को समझाया। और बताया कि यह दोनों सुरक्षा उपाय दुर्घटनाओं में जानलेवा चोटों से बचने के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण हैं। साथ ही चालकों को कोहरे के दौरान गाड़ी चलाने और रॉन्ग साइड वाहन चलाने के खतरे से अवगत कराया गया। इसके अतिरिक्तए यातायात पुलिस ने 03 सवारी और शराब पीकर वाहन चलाने के खतरों के बारे में भी जानकारी दी गई।

# चकबंदी प्रक्रिया के विरुद्ध किसानों ने खोला अपना मोर्चा

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



छिबरामऊ तहसील अंतर्गत ग्राम सरदामई में आज सभी ग्रामवासियों ने वहां चल रही चकबंदी प्रक्रिया के विरुद्ध मोर्चा खोला इसी दौरान ग्रामीणों ने भारतीय किसान यूनियन किसान के जिलाध्यक्ष राजा शुक्ला से मदद मांगी। जिलाध्यक्ष ने ग्राम सरदामई में विशाल किसान पंचायत का आयोजन किया गया जिसमें ग्रामसभा में में चल रही चकबंदी प्रक्रिया के विरुद्ध किसानों ने अपना मोर्चा खोल किसानों ने बताया कि वहां भ्रष्टाचार चरम सीमा पर चल रहा है बिना पैसे के किसी का कोई काम नहीं किया जा रहा है पूरी तरह से भ्रष्ट अधिकारी कर्मचारी इसमें संलिप्त हैं। धनवान व्यक्तियों को लाभ पहुंचाया जा रहा गरीबों का हक छीना जा रहा है। जिलाध्यक्ष राजा शुक्ला ने कहा है कि प्रशासन अपनी कार्यशैली सुधारे अन्यथा किसानों ने अगर सुधारने का जिम्मा ले लिया तो आफत में पड़ जाओगे। चकबंदी प्रक्रिया में हो रहे भ्रष्टाचार को अगर नहीं बंद किया गया तो जल्द ग्रामसभा के किसानों को साथ लेकर कलेक्ट्रेट का घेराव कर अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन किया जाएगा। फिर इसके बाद इनको शायद पूरी चकबंदी प्रक्रिया ही क्यों न रद्द करनी पड़े और इसके जिम्मेदार संबंधित अधिकारी और कर्मचारी होंगे। लेकिन भ्रष्ट अधिकारी और कर्मचारी ये न सोचे कि वो बच जाएंगे हम उनकी भी संपत्ति की जांच करवा के जो उन्होंने भ्रष्टाचार के माध्यम से धन अर्जित किया है उसके भी खुलासे करवाएंगे और सरकार से मांग करेंगे कि इनके घरों पर भी बुलडोजर चलाएं। अभी भी समय है सुधार जाएं। अन्यथा की स्थिति में इसका जिम्मेदार छिबरामऊ तहसील प्रशासन होगा। इस दौरान संगठन के दर्जनों पदाधिकारियों के साथ सैकड़ों स्थानीय किसान उपस्थित रहे।

# जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा में 400 परीक्षार्थी हुए शामिल


**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

18 जनवरी 2025 को जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा-2025 का आयोजन सिटी चिल्ड्रन्स एकेडमी, छिबरामऊ, में संपन्न हुआ। इस केंद्र पर कुल 703 परीक्षार्थियों को नामांकित किया गया था, जिनमें से 400 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा में उपस्थिति दर्ज कराई। परीक्षार्थियों को सुबह 10:30 बजे तक परीक्षा केंद्र पर उपस्थित होना अनिवार्य था। परीक्षा ठीक 11:30 बजे शुरू हुई और 1:30 बजे संपन्न हुई। परीक्षा के दौरान 24 विद्यार्थियों के लिए एक कक्ष और एक पर्यवेक्षक की व्यवस्था की गई थी। परीक्षा केंद्र के अधीक्षक बलराज कपूर ने पूरी प्रक्रिया की निगरानी की। केंद्र स्तर अधिकारी (ष्टस्) के रूप में आर.एस. श्रीवास्तव और प्रीति यादव ने अपनी भूमिका निभाई।क्षेत्रीय मजिस्ट्रेट (सेक्टर मजिस्ट्रेट) के रूप में अनीस सिद्दीकी ने केंद्र का निरीक्षण किया और परीक्षा की प्रक्रिया को सुचारू बनाने में योगदान दिया। इसके अतिरिक्त, खंड शिक्षा अधिकारी आनंद द्विवेदी ने परीक्षा व्यवस्था का समन्वय किया। परीक्षा केंद्र पर अनुशासन और सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा गया। सभी परीक्षार्थियों ने समय पर परीक्षा में हिस्सा लिया और यह सुनिश्चित किया गया कि परीक्षा प्रक्रिया निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ संपन्न हो।

# गायत्री साधक के देह को मेडिकल कॉलेज को दिया दान

- देहदान संस्था के पदाधिकारी कानपुर से देह लेकर आए मेडिकल कॉलेज
- एनॉटामी विभाग के वरिष्ठ चिकित्सकों को सौंपी देह

**तिर्वा, समृद्धि न्यूज।**



परिजनों को देह दान का प्रमाण पत्र सौंपते संस्था के पदाधिकारी

कानपुर शहर में गायत्री परिवार से जुड़े बरिष्ठ कार्यकर्ता ओमप्रकाश सिंह (80) के शुक्रवार की शाम उनके निधन के बाद उनके परिवार ने उनकी देह का दान राजकीय मेडिकल कॉलेज कन्नौज को किया है। शनिवार की दोपहर उनके परिजन व देह दान संस्था से जुड़े पदाधिकारी मेडिकल कॉलेज पहुंचे। यहां उन्होने एनाटॉमी विभाग को ओमप्रकाश सिंह का शव सौंप दिया। देहदान संस्था के प्रमुख मनोज सेंगर व महासचिव माधवी सेंगर ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि कानपुर शहर के ई-ब्लाक पनकी निवासी ओमप्रकाश सिंह जीवन भर गायत्री परिवार से जुड़े रहे एवं सामाजिक कुरीतियों से भी संघर्ष करते रहे। शुक्रवार की शाम उनका बीमारी के चलते घर पर ही निधन हो गया। उनके परिजनों ने उनकी संस्था को फोन कर देहदान करने की जानकारी दी। इसपर उनका शव कन्नौज मेडिकल कॉलेज ले आए। इसके पूर्व कानपुर में गायत्री परिवार के लोगों की मौजूदगी में हवन-पूजन के बाद ओमप्रकाश के पार्थिव देह को विदा किया गया। राजकीय मेडिकल कॉलेज कन्नौज में एनॉटामी विभाग के डॉ.श्याम विनय शर्मा, डॉ.उदित गंगवार, डॉ.मेधा सिंह चैहान, डॉ.अश्वनी पाल एवं डॉ.मनीष कुमार ने देह को पुष्पाजंलि अर्पित करते हुए सम्मान सहित उसे स्वीकार किया। इस मौके पर उनके पुत्र आनन्द, विवेक पुत्री रागिनी व प्रज्ञा के अलावा अन्य परिजन मौजूद रहे।



## एसपी ने थाना छिबरामऊ का किया निरीक्षण

**छिबरामऊ कन्नौज।** पुलिस अधीक्षक कन्नौज विनोद कुमार द्वारा थाना छिबरामऊ का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान महिला हेल्प डेस्क, थाना कार्यालय, मालखाना, कंप्यूटर कार्यालय, मेस, आरक्षी बैरक एवं सम्पूर्ण थाना परिसर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। थाना कार्यालय के अभिलेखों की जांच की गई और उन्हें सुव्यवस्थित एवं अद्यावधिक रखने हेतु समस्त सम्बंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए । लंबित विवेचनाओं का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया । इस दौरान क्षेत्राधिकारी छिबरामऊ ओमकार नाथ शर्मा मौके पर मौजूद रहे।

# खबरें एक नजर में

## सट्टा पर्ची सहित युवक को किया गिरफ्तार

**गुरसहायगंज कन्नौज।** कोतवाली पुलिस ने छापेमारी करते हुए युवक को सटटा पर्ची व नगदी के साथ हिरासत में ले लिया। उपनिरीक्षक ज्ञानेंद्र सिंह ने मुखबिर की सूचना पर बीती शुक्रवार की रात लगभग 09 बजे पीडब्लूडी बंगला के सामने छापेमारी की। जहां पुलिस ने नगर के मोहल्ला दिलशाद नगर निवासी यूनुस खान पुत्र असलम खान को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने तलाशी के दौरान युवक के पास से सट्टा पर्ची व 660 रुपये बरामद किए है। इसके बाद रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की है।


## कच्ची शराब सहित युवक को दबोचा

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** कोतवाली पुलिस ने छापेमारी करते हुए युवक को अवैध शराब सहित हिरासत में ले लिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की है। कोतवाली के उपनिरीक्षक मोहनलाल ने मुखबिर की सूचना पर शुक्रवार की शाम लगभग 06 बजे छापेमारी की। जिसमें पुलिस ने ग्राम डिल्लियाभूड़ तिराहे के पास से 05 लीटर अवैध शराब सहित ग्राम डिल्लियाभूड़ निवासी हरीराम पुत्र मांगू लाल को हिरासत में ले लिया। कोतवाली पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की है।

## ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** ट्रैक्टर के चालक ने सामने से आ रही बाइक में तेज गति से चलाते हुए टक्कर मार दी। इससे बाइक सवार घायल हो गया। घायल के रिश्तेदार ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम चियासर निवासी वीरेंद्र राजपूत पुत्र वेद राम ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया है कि जनपद हरदोई के थाना मल्लावां ग्राम हरीगंज निवासी उसका साला आलोक पुत्र रामखिलावन 30 दिसंबर 2024 की शाम लगभग 7.30 बजे संयोगिता मार्ग से सद्दूपुर बांगर कोल्ड स्टोरेज के पास बाइक से चियासर आ रहा था। तभी विपरीत दिशा से तेज रफ्तार ट्रैक्टर के चालक ग्राम भवानीपुर निवासी संजू पुत्र जगन्नाथ ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। इससे बाइक सवार युवक गंभीर रूप घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। कोतवाली पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## रैली निकाल यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक


रैली निकाल जागरूक करती छात्राएं

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।** सड़क सुरक्षा माह अभियान के तहत छात्र– छात्राओं ने रैली निकाल सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक किया। गुगरापुर क्षेत्र के चांदापुर स्थित अविका डिग्री कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में छात्राओं ने अपनी विभिन्न गतिविधियों के द्वारा पोस्टर, स्लोगन, यातायात नियम संबंधी मॉडल आदि तैयार कर महाविद्यालय के आसपास क्षेत्रों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता किया ।जिसमें छात्राओं ने सड़क सुरक्षा–जीवन रक्षा एवं वाहन धीमे चलाएं–जीवन कीमती बचाए इत्यादि नारों के साथ रैली निकाली ।छात्राओं द्वारा दुपहिया वाहन चलाने वालों को हेलमेट पहनने और चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाने के लिए जागरूक किया। प्राचार्य डॉ हरिओम ने छात्राओं को सड़क पर हो रही दुर्घटनाओं से अवगत कराते हुए सुरक्षा के नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पल्लवी यादव ने किया।

# विशिष्ट आलू मंडी में कम आमद के साथ रेट में आई गिरावट

**ठठिया, समृद्धि न्यूज़।**

विशिष्ट आलू मंडी में कम आमद के साथ रेट में गिरावट आ गयी है। पिछले माह दिसम्बर से लेकर 10 जनवरी तक आलू की मंडी ठीक रही। वही मूल्य की बात करें तो लाल आलू के दाम 1000 रूपये से गिरकर 700 तक और सफ़ेद आलू का भाव 600 से लेकर 700 तक रेट रहा। वही वीते दिन 10 जनवरी से 18 तक आमद कम हो गई। वही भाव में भी गिरावट पायी गई जिसमे सिंदूरी, लाल आलू 600 से लेकर 700 तक रेट रहा सफ़ेद आलू 530 से लेकर 631 तक भाव रहा। वही मंडी में किसान को उचित रेट नहीं मिल पा रहा। मंडी में बैंक को बने एक वर्ष पूर्ण हो चुका है। और मंडी को चलते 2 वर्ष हो गए। लेकिन अभी तक बैंक चालू नहीं हो पाई। जिससे कैश को लेकर आढतियों को बहुत दिक्क़ते उठानी पड़ रही है। बैंक के शुरू न होने से बाहरी व्यापारी आसानी से आढतियों का लाखों रूपए गबन कर लेते है।

वही मंडी मे कुछ अड़ती बड़ी मोटी रकम फास कर नीलामित दुकानों पर व्यापार कर रहे। वही कुछ बिना अलाट दुकान के भी मंडी प्रसाशन की मिली भगत से व्यापार कर रहे है। वही आढतियों ने बैंक के शुरू होने बाकी मांग की।

# विधायक ने छह गांव के 120 लोगों को बांटी घरौनी

- घरौनी मिलने से ग्रामीण क्षेत्रों में खत्म होगें संपत्ति के विवाद


ग्रामीणों को घरौनी का अधिकार पत्र सौंपते विधायक कैलाश राजपूत

**तिर्वा, समृद्धि न्यूज।**

तहसील सभागार में शनिवार की दोपहर आयोजित एक कार्यक्रम में तिर्वा के भाजपा विधायक कैलाश राजपूत व एसडीएम अशोक कुमार ने संयुक्त रूप से उमर्दा विकास खण्ड के छह गांव के 120 लोगों को घरौनी का अधिकार पत्र वितरित किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा विधायक कैलाश राजपूत ने कहा कि यह भाजपा सरकार की महत्वपूर्ण योजना है। घरौनी के जरिए उन्हे अपनी भूमि व मकान का स्वामित्व हासिल होता है। अभी तक पुश्तैनी जमीन का कोई रिकार्ड नहीं था। जिस बजह से तमाम घरेलू विवाद उत्पन्न होते थे। अफसर भी जल्द उनका निराकरण नहीं कर पाते थे। घरौनी मिलने के बाद इस तरह के विवाद अब अदालत में नहीं आएगें। इसके अलावा उन्होने बैंको से भी ऋण आदि मिलने में सुविधा हासिल होगी। इस दौरान विधायक ने उमर्दा विकास खण्ड के फुलवारी, चंदियापुर, करीमनगर, मुडरवागंज, टूसावरी व खैरनगर गांवो से आए 120 ग्रामीणों को घरौनी का अधिकार पत्र सौंपा। इस मौके पर एसडीएम अशोक कुमार, तहसीलदार अवनीश सिंह, नायब तहसीलदार के अलावा क्षेत्रीय लेखपाल व राजस्व निरीक्षक मौजूद रहे।

## दस लीटर कच्ची शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार



**छिबरामऊ कन्नौज।** तालग्राम कन्नौज पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार द्वारा अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के मार्ग निर्देशन में, क्षेत्राधिकारी सदर कमलेश कुमार के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष शशिकान्त कन्नौजिया के कुशल नेतृत्व में अभियान के तहत थाना तालग्राम पुलिस उ.नि. दिनेश चन्द्र का. राघव यादव का. संतोष सिंह द्वारा अभियुक्त संजीव गिहार पुत्र दिनेश गिहार निवासी निकवा थाना तालग्राम जनपद कन्नौज को कुशलपुर्वा प्रतिक्षालय से मय 10 लीटर कच्ची शराब सहित गिरफ्तार किया गया।

# गैस सिलेंडर लीक होने से लोगों में हड़कंप

**आग से लकड़ी की गुमटी में रखा सामान जलकर हुआ राख**

**गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**


सिलेंडर से लगी आग में जली दुकान व सामान।

नगर के मोहल्ला रामगंज स्थित निजी अस्पताल के निकट रखी लकड़ी की गुमटी में सिलेंडर लीक होने से अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने बिकराल रूप ले लिया। आग की लपटों को देख दुकान सहित आसपास के लोगों ने भाग कर जान बचाई।

लेकिन तब तक दुकान सहित उसमें रखा हजारों रूपये का सामान जलकर राख हो गया। सिलेंडर में आग लगने की जानकारी होने पर आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। शनिवार की सुबह लगभग सात बजे नगर के पश्चिमी बाईपास स्थित सेवा अस्पताल के बाहर रखी शिवम की लकड़ी की गुमटी में गैसे चूल्हे से चाय बना रहा था। तभी अचानक सिलेंडर लीक हो जाने आग लग गई। इससे पहले कि दुकानदार कुछ समझ पाता सिलेंडर की आग ने विकराल रूप ले लिया। देखते ही देखते आग पूरी दुकान में फैल गई। दुकानदार सहित आसपास के लोगों ने किसी तरह भाग कर जान बचाई। सिलेंडर में आग लगने की घटना की जानकारी होने पर आसपास के लोगों में हडकंप मच गया। दुकानदार ने बताया कि आग लगने से दुकान पर रखा मोबाइल फेन, सामान व लकड़ी की गुमटी जल गई। इससे उसे हजारों रूपये का नुकसान हो गया।

# लोकतंत्र सेनानी को मिला गार्ड ऑफ ऑनर

- एसडीएम ने परिजनों को बंधाया ढांढस

**गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**


लोकतंत्र सेनानी को सलामी देते कोतवाल व एसआई।

लंबी बीमारी के चलते लोकतंत्र सेनानी का शुक्रवार की दोपहर निधन हो गया था। जिसको लेकर पुलिस प्रशासन की ओर से उन्हें जलेसर स्थित गंगा घाट पर गार्ड ऑफ ऑनर के बाद अंतिम संस्कार किया गया।

शुक्रवार को ग्राम पंचायत ऊंचा के ग्राम कुडरीपुर्वा निवासी लोकतंत्र सेनानी कार्मेंद्र प्रसाद त्रिपाठी (70) का लंबी बीमारी के चलते निधन हो गया था। जिसके चलते क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई थी। लोकतंत्र सेनानी के निधन की खबर मिलते ही उप जिलाधिकारी छिबरामऊ ज्ञानेंद्र द्विवेदी, तहसीलदार अभिनव कुमार वर्मा ने उनके आवास पर पहुंचकर परिजनों को शोक संवेदना व्यक्त की। सुबह कोतवाली प्रभारी आलोक कुमार दुबे व बनियानी चौकी प्रभारी राघवेंद्र कुमार ने जलेसर घाट पर पुलिस बल के साथ पहुंचकर गार्ड ऑफऑनर दिया। इसके बाद शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

# घरौनी योजनाः दो दर्जन से अधिक ग्रामीणों को वितरित किये गये प्रापर्टी कार्ड

- 326 ग्राम पंचायतों में 74 हजार को वितरित किये जा चुके कार्ड

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

घरौनी योजना के तहत ग्रामीणों को प्रापर्टी कार्ड वितरित किये गये। जिससे ग्रामीणों के रोजगार का रास्ता खुलेगा। जानकारी के अनुसार थाना कादरीगेट अंतर्गत माघ मेला रामनगरिया के सांस्कृतिक पंडाल में घरौनी योजना के तहत स्वामित्व प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के वर्चुअल शुभारंभ के बाद ग्राम पंचायत के लोगो को घरौनी कार्ड वितरित किये गये। मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा ने बताया अब घरौनी कार्ड मिलने के बाद ग्रामीणों के रोजगार का रास्ता खुल गया है। घरौनी में सम्पति का विवरण और


प्रापर्टी कार्ड मिलने के बाद मौजूद ग्रामीणस, जनप्रतिनिधि व अधिकारी

जिस जमीन में मकान बना हुआ उसकी कीमत होगी दर्ज। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ग्रामीणों को रोजगार की यह सौगात दी है। इससे ग्रामीण बैंक से ऋण लेकर रोजगार और छोटे-छोटे कुटीर उद्योग लगाकर रोजगार पा सकते हैं। उन्होंने कहा कि माइक्रो फाइनेंस में एक आधार की जरूरत होती है, जो ग्रामीणों को मिल गया है। सीडीओ ने बताया कि 326 ग्राम पंचायत के 74 हजार परिवार को घरौनी का लाभ मिला है। इस मौके पर भाजपा विधायक सुशील शाक्य, अपर जिलाधिकारी सुभाष चंद्र प्रजापति, सिओ सिटी ऐश्वर्या उपाध्याय, भाजपा जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता, भाजपा नेता वीरेंद्र सिंह राठौर आदि मौजूद रहे।

# गैंगेस्टर के मामले में दो अभियुक्तों पर दोष सिद्ध

- सजा के बिन्दु पर 23 जनवरी की तिथि नियत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अपर जिला जज विशेष गैंगेस्टर एक्ट न्यायाधीश रीतिका त्यागी ने रणधीर उर्फ टाइगर यादव पुत्र रामस्वरूप व राजू पुत्र जयनारायन यादव निवासीगण रम्पुरा फतेहगढ़ को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिन्दु पर 23 जनवरी की तिथि नियत की गयी है।

बीते 30 वर्षों पूर्व कोतवाली फतेहगढ़ के तत्कालीन प्रभारी इंद्रजीत सिंह चौहान ने रम्पुरा निवासीगण रणधीर सिंह उर्फ टाइगर यादव, रामस्वरूप, राजू के विरूद्ध गैंगेस्टर एक्ट का मुकदमा सूचना पर समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा वर्ष 1986 में दर्ज करवाया गया था। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता शैलेश सिंह परमार की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश रीतिका त्यागी ने रणधीर उर्फ टाइगर यादव, राजू यादव को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिन्दु पर 23 जनवरी की तिथि नियत है। मुकदमा विचारण के दौरान रामस्वरूप की मृत्यु हो गयी।



जनपद न्यायालय फर्रुखाबाद

## किशोरी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** किशोरी ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के गांव सादिकपुर बरझाला में शुक्रवार की रात शेर सिंह की 14 वर्षीय पुत्री बबली ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वहीं चर्चा के अनुसार पिता की डांट से क्षुब्ध होकर किशोरी ने उक्त घटना को अंजाम दिया। वहीं जब परिजनों से जानकारी चाही गयी, तो उन्होंने कोई भी जानकारी देने से साफ इन्कार कर दिया। कोतवाली के दरोगा सुरजीत सिंह ने देर रात शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# स्वामित्व योजना के तहत प्रमाण पत्र वितरित


कार्यक्रम के दौरान मौजूद ग्रामीण

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कल्याणकारी योजना स्वामित्व (घरौनी) के तहत कार्ड वितरण का आयोजन आज सभागार में किया गया। जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आए हुए किसानों को लाइव प्रसारण दिखाया गया। एसडीएम अतुल कुमार सिंह ने बताया कि यह स्वामित्व योजना एक महत्वपूर्ण कदम है। जो ग्रामीण क्षेत्रों में संपत्ति के मालिकों को उनकी संपत्ति के अधिकारों को प्रदान करने के लिए किया जाता है। यह योजना भारत सरकार द्वारा शुरू की गई है और इसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में संपत्ति के विवादों को कम करना और संपत्ति के मालिकों को उनके अधिकारों को प्रदान करना है। स्वामित्व योजना के तहत कार्ड वितरण का आयोजन आमतौर पर ग्राम पंचायत स्तर पर किया जाता है। इस आयोजन में स्थानीय अधिकारी, राजस्व अधिकारी और अन्य संबंधित अधिकारी भाग लेते हैं। कार्ड वितरण के दौरान संपत्ति के मालिकों को उनकी संपत्ति के अधिकारों को प्रदान करने के लिए यह कार्ड वितरित किए गए हैं। इस स्वामित्व योजना के तहत मिले कार्ड से मालिकों को उनकी संपत्ति के अधिकारों को प्रमाणित करने में मदद करेगा और संपत्ति के विवादों को कम करने में मदद होगी। उन्होंने कहा की इस स्वामित्व योजना के तहत कार्ड वितरण का आयोजन किया गया है।

यह एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके तहत ग्रामीण क्षेत्रों में संपत्ति के मालिकों को उनके अधिकारों को प्रदान करने में मदद करेगा। वहीं बताया कि आज सभागार में 10 गांव के 300 ग्रामीणों को स्वामित्व योजना के कार्ड वितरण किए गए हैं तथा नशा मुक्ति, स्वच्छता के तहत शपथ भी दिलाई गई। वहीं इस अवसर पर तहसीलदार कर्मवीर सिंह, नायब तहसीलदार अनवर हुसैन, जिला पंचायत सदस्य देवेंद्र प्रताप सिंह, जिला पंचायत सदस्य राहुल कुशवाहा, लेखपाल, कानूनगो आदि मौजूद रहे।

# संतों ने मेले में अव्यवस्थाओं को लेकर ली बैठक, खुद संभालेंगे व्यवस्थाएं

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**

ढाईघाट शमशाबाद जहां एक लंबे समय से माघ मेले का आयोजन जारी है। वर्तमान में मेला शबाब पर है। प्रशासन द्वारा व्यवस्थाओं के नाम पर घोर लापरवाही बरती जा रही जिससे संतों में आक्रोश देखा जा रहा है। संतों को कहना है प्रशासनिक स्तर पर व्यवस्थाओं को सुनिश्चित कराए जाने का जिम्मा ग्राम प्रधान पुत्र तथा ठेकेदार पर है। मगर वो भी अपनी जिम्मेदारियों से बच रहे हैं। परिणामस्वरूप अव्यवस्थाओं का बोलबाला साफ दिखाई दे रहा है। संतों का आरोप है कि मेले में हर तरफ गंदगी का अम्बार है और लाइट की अव्यवस्था कल्पवासियों को मुंह चिढ़ा रही है। अव्यवस्था को व्यवस्था में बदलने के


मेले में बैठक करते संतगण

लिए संत समाज ने प्रशासनिक अधिकारियों की लापरवाही पर आक्रोश जताते हुए कहा कि अब मेला परिसर में व्यवस्थाओं का जिम्मा वह खुद संभालेंगे और अपने स्तर पर समस्याओं का समाधान भी करेंगे। इस संबंध में श्री श्री 108 श्री नरेश मुनि महाराज रामनगरिया मेला मंत्री की अध्यक्षता में बैठक कर समस्याओं का समाधान कराए जाने की बात कही गई है। मालूम रहे ढाईघाट शमशाबाद जहां हर वर्ष माघ के मेले में रामनगरिया का मेला लगता है। यहां जनपद से ही नहीं अंतर्जनपदीय इलाकों तथा तथा अन्य राज्यों से बड़ी तादाद में श्रद्धालु साधु संत, व्यापारी, किसान आते हैं और एक महीने तक कल्पवास करते है। संत समाज यहां कल्पवास कर आनंद के गोते लगाते श्रद्धालु मेले का आनंद लेते हैं।

इसके अलावा किसान अपने-अपने पशुओं का क्रय विक्रय करते हैं। वहीं व्यापारी व्यापारिक प्रक्रिया को अंजाम देते हैं, अफसोस हर बार जिम्मेदारियों का जिम्मा ग्राम प्रधान तथा ठेकेदार के कंधों पर डाला जाता है। जिससे मेले में अव्यवस्थाओं का आलम बना रहता है। बताते हैं यहां लाइट की समस्या बनी हुई है। साथ गंगा नदी पर चारों ओर गंदगी का नजारा देखा जा रहा है। साफ-सफाई की भी व्यवस्था जीरो है। परिणाम संत समाज के लोगों में आक्रोश व्याप्त है।

# शिकायत लेकर पहुंचे ग्रामीणों को नायब तहसीलदार ने दी जेल भेजने की धमकी

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली क्षेत्र के गाँव कुआंखेड़ा बजीर आलम के मजरा दोषपुर के लगभग आधा सैकड़ा महिलाएं एवं पुरुष एकत्र होकर तहसील में अपनी समस्याओं को लेकर उपजिलाधिकारी रवीन्द्र सिंह के पास पहुंचे, लेकिन रास्ते में नायब तहसीलदार सृजन कुमार ने रोक लिया और फरियादियों को जमीन पर बिठाकर कड़े शब्दों में फरियादियों को जेल भेजने को धमकी देने लगे। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। ग्रामीणों का कहना है की चकरोड पर दबंग लोग कब्जा किए हुए हैं। यह शिकायत तहसील प्रशासन के पास लेकर गए थे। मगर अधिकारियों ने धमकी भरा संदेश देकर फरियादियों को चिंतित कर दिया। आए दिन चकरोडों पर अवैध कब्जों की शिकायत होती रहती है। मगर अधिकारी शिकायतों का निस्तारण नहीं करते हैं। उल्टा फरियादियों को जेल भेजने की धमकी देते हैं।

यह घोर निंदनीय हैं तथा महिलाओं एवं पुरुषों का अपमान है। दोषपुर के ग्रामीण दबंग के खिलाफ कई बार तहसील प्रशासन से शिकायत कर चुके हैं और कोई दबंग के खिलाफ कार्रवाई नहीं हो रही है।

# तंबुओं के शहर मेला रामनगरिया में दुकानदारों से हो रही अवैध वसूली

- दस फिट की दुकान के जबरदस्ती वसूले जा रहे 15 हजार रुपये
- पिछले सात सालों से नहीं हुआ मेले में होने वाली आय का आडिट

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अपरा काशी के पांचाल घाट पर आबाद तंबुओं का शहर मेला श्री रामनगरिया में अव्यवस्थायें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। हालांकि बीते दिन आक्रोशित संत समाज ने मेला व्यवस्थापक को दो तीन का समय दिया था, लेकिन ऐसा लगता है कि संतों की आवाज नक्कारखाने में तूती की आवाज बनकर रह जायेगी और समस्यायें जस की तस बनी रहेंगी। जानकारी के अनुसार अधिकारियों की सांठगांठ के चलते बीते करीब 25-30 सालों से मेला व्यवस्थापक संदीप दीक्षित ही बनते चले आ


मेला व्यवस्थापक के पांडाल के पास खराब पड़ा हैंडपंप

रहे हैं, जबकि उनके पास मूल पद अमीन का है। मेले में दुकानदारों से मनमाने तरीके से वसूली की जाती है। दुकानदार सादित, मोहम्मद, शहनवाज मेले में दुकान लगाये हैं। उनका कहना है कि उनसे 15 हजार रुपये 10 फिट एरिया (दुकान) के हिसाब से पैसे वसूले जा रहे हैं। जबकि मेला व्यवस्थापक के चहेतों को 10 हजार रुपये फिट (दुकान) के हिसाब से पैसे लिये जा रहे हैं। जैसा दुकानदार वैसी वसूली। इसके अलावा मेले में अव्यवस्थायें हावी हैं। महाराज मोहनदास का कहना है कि व्यवस्थाओं के नाम पर खानापूर्ति की जा रही है। कुछ न कुछ कमियां हमेशा बनी रहती हैं। जबकि संत होहल्ला करते हैं, लेकिन मेला व्यवस्थापक की अधिकारियों से अच्छी सांठगांठ के चलते उन पर कोई कार्यवाही नहीं होती है न ही अधिकारी उनसे सख्ती से कोई काम करवा पाते हैं, क्योंकि वह अधिकारियों को चढ़ावा चढ़ाते रहते हैं। जिससे अधिकारी भी खुश रहते हैं। जबकि हाल खराब संतों व कल्पवासियों का होता है। दूरदराज से आने वाले कल्पवासी कहते हैं कि पहले मेले में व्यवस्थायें काफी हद तक ठीक होती हैं, लेकिन धीरे-धीरे व्यवस्थायें कम होती जा रही हैं। कुल मिलाकर मेले से होने वाली आय में 25 प्रतिशत खर्च कर 75 प्रतिशत बचत का कोई अता पता नहीं है। ऐसे में मेले में चाक चौबंद व्यवस्थाओं की उम्मीद करना बेमानी होगी।

# मेला रामनगरिया में सेल्फी प्वाइंट का हुआ शुभारंभ




**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मेला रामनगरिया में सेल्फी प्वाइंट का आज शुभारंभ किया गया। दौरान दर्जनों युवतियों व युवकों ने अपनी सेल्फी ली।पांचाल घाट स्थित मेला रामनगरिया में शनिवार को सेल्फी प्वाइंड का शुभारंभ किया गया। इस दौरान सेल्फी लेने के लिए लोगों में होड़ मच गयी। कई युवतियों ने पहुंचकर सेल्फी ली। रचना गुप्ता, निशू, विकास, जान्हवी आदि ने पहुंचकर सेल्फी ली। बताते चलें कि मेला पूरे शबाब पर पहुंच गया है। मनोरंजन के साधन भी 20 से 21 जनवरी तक चालू हो जायेंगे। जिससे बच्चे झूले, जादू, सर्कस का आनन्द ले सकेंगे। मेले में दोपहर के बाद धूप निकलने से मेले में रौनक देखी गयी। दुकानदारों का कहना है कि धूप निकलने से उनकी भी बिक्री होती है और लोग भी घरों से निकलते हैं।

## खबरें एक नजर में

### मार्ग दुर्घटना में युवक की मौत के मामले में मुकदमा दर्ज

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।** मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव बरखिरिया निवासी प्रवीन कुमार पुत्र सुजान सिंह ने अचरा चौकी क्षेत्र के गांव रुखैया खालिगदादपुर निवासी ट्रैक्टर चालक प्रवेश कुमार के विरुद्ध मार्ग दुर्घटना का मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर के अनुसार 11 दिसम्बर 2024 समय 7:15 बजे हमारा पुत्र आदर्श कुमार अपने चचेरे भाई के साथ मेरापुर से भैंस की दवा लेकर वापस घर आ रहा था। रास्ते में साधन सहकारी समिति मेरापुर के पास बाइक खड़ी कर दीपक लघुशंका करने लगा। आदर्श बाइक के पास खड़ा था उसी समय सराय अगहत की ओर से अचरा की तरफ आ रहे मैसी ट्रैक्टर चालक प्रवेश कुमार ने तेजी व लापरवाही से चलाते हुए बाइक व आदर्श के जोरदार टक्कर मार दी। जिससे आदर्श गम्भीर रूप से घायल हो गया और बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना मिलने पर फर्रुखाबाद के एक अस्पताल में ले जाया गया। जहां से चिकित्सक ने कानपुर हैलट के लिए रेफर कर दिया। उपचार के दौरान आदर्श की मौत हो गई। मेरापुर पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मुकदमे की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### नाना के घर आई किशोरी लापता, मुकदमा दर्ज

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।** मेरापुर थाना क्षेत्र की अचरा चौकी के एक गांव निवासी नाना ने किशोरी धेवतिन (पुत्री की बेटी) के लापता हो जाने का मुकदमा दर्ज कराया है। नाना द्वारा दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि मेरी पुत्री मध्य प्रदेश के इंदौर क्षेत्र के एक नगर में अपने परिवार के साथ निवास करती है। इसी पुत्री की मझली 15 वर्षीय बेटी मेरे घर पर 4 महीने पूर्व से रह रही थी। वह दिनांक 7 जनवरी रात्रि 11 बजे अपनी नानी से शौच करने की बात कहकर चली गई। उसके बाद से वह वापस नहीं आई। मैंने अपनी रिस्तेदारी व दामाद तथा पुत्री से जानकारी की, परंतु वह किसी के घर नहीं पंहुची और ना ही उसका कोई पता चल रहा है। जाते समय मेरा मोबाइल भी अपने साथ ले गई। किशोरी ने हाईस्कूल तक शिक्षा पाई है। मेरापुर पुलिस ने तहरीर के आधार पर किशोरी के लापता हो जाने का मुकदमा दर्ज कर मुकदमे की जांच अचरा चौकी प्रभारी आनंद शर्मा के सुपुर्द कर दी है।

### बाइकर्स लुटेरों ने युवक का छीना मोबाइल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बाइकर्स लुटेरे युवक का मोबाइल छीनकर रफूचक्कर हो गये। पीड़ित ने आवास विकास चौकी में पहुंचकर घटना के संबंध में तहरीर दी है। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरु कर दी है। जानकारी के अनुसार बीती रात करीब 10:30 बजे अतुल दुबे पुत्र हरीमोहन दुबे निवासी गंगा नगर कालोनी थाना कादरीगेट पैदल-पैदल अपना मोबाइल चलाते हुए अपने घर जा रहा था। जब वह सरदारबाग बढ़पुर के सामने पहुंचा, तभी दो बाइकर्स लुटेरे फतेहगढ़ की तरफ आये और उन्होंने झपट्टा मारकर उपरोक्त अतुल दुबे से मोबाइन छीन लिया और बस अड्डे की तरफ बाइक भगा ले गये। पीड़ित अतुल दुबे ने चीख पुकार मचायी, मगर किसी ने उसकी बात को नहीं सुना। उसने आवास विकास चौकी प्रभारी अनिल कुमार लिखित प्रार्थना पत्र दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच कर कार्यवाही करने का भरोसा दिया है। बताते चलें कि अभी तक थाना कादरीगेट क्षेत्र में दर्जनों लोगों के मोबाइल छीने जा चुके हैं, लेकिन पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठी है। वह कोई भी कार्यवाही करने से बच रही है।

नवागंतुक डीएम ने लिया चार्ज, बोले....

# विकास, समस्यायें, पात्रों को योजनाओं का लाभ पहुंचाना पहली प्राथमिकता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

नवागंतुक जिलाधिकारी आशुतोष द्विवेदी नें कलक्ट्रेट के कोषागार कार्यालय में पदभार ग्रहण किया। इसके बाद उन्होंने कलक्ट्रेट स्थित विभिन्न पटलों की जानकारी ली।

शनिवार शाम जनपद पहुंचे जिलाधिकारी ने कोषागार में कार्यभार ग्रहण किया। इसके बाद जिलाधिकारी ने विभिन्न पटलों की जानकारी ली तथा अधिकारियों से परिचय प्राप्त किये। जिलाधिकारी ने कहा कि उनकी प्राथमिकता जिले के विकास के साथ-साथ आम जनता की समस्या एवं सरकार की योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि जो भी फरियादी उनके पास अपनी शिकायत लेकर आयेगा, उसका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जायेगा। उनके दरवाजे जनता के लिए हमेशा खुले रहेंगे। शस्त्र लाइसेंस के संदर्भ में बोले जो भी शासन के मानक होंगे, उनके अनुसार शस्त्र दिया जायेगा। स्वास्थ्य विभाग के संदर्भ में बोले कि स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर बनाने का प्रयास किया जायेगा। रामसेतु पांचाल घाट पुल के संदर्भ में बोले की संबंधित अधिकारी को बुलाकर जानकारी करेंगे कि मेले से पहले उसे दुरुस्त क्यों नहीं कराया गया। श्री मेला रामनगरिया को सबके सहयोग से बेहतर करने की बात कही। फर्रुखाबाद आगमन के दौरान जिलाधिकारी ने बाबा नीबकरोरी धाम पहुंचकर माथा टेंका और पूजा अर्चना की। चार्ज लेने के उपरांत पत्रकारों से भी रुबरु हुए और उसके पश्चात विभागीय अधिकारियों के साथ परिचय बैठक कर विभागों की जानकारी ली। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी अरविन्द मिश्रा, एडीएम सुभाषचंद्र प्रजापति, एसडीएम सदर आदि अधिकारी मौजूद रहे।


चार्ज ग्रहण करते नवागंतुक डीएम

## अज्ञात वाहन की टक्कर से दो घायल

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।** बेटी की शादी के लिए गेहूं पिसाने जा रहे पिता व चाचा को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे दोनों लोग घायल हो गये। उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गांव गिरिरामपुर निवासी महेश चंद्र की पुत्री प्रियंका की शादी 21 जनवरी को होनी है। शादी में रसोई के लिए गेहूं पिसाने के लिए ऑटो से मोहम्मदाबाद जा रहे थे। ऑटो महेश चंद्र का चचेरा भाई अंकित पुत्र छोटे लाल चला रहा था। अलावलपुर मोड़ के पास अज्ञात वाहन ने ऑटो में टक्कर मार दी। जिससे दोनों लोग गंभीर रुप से घायल हो गये। मौके पर मौजूद राहगीरों ने सूचना १०८ एंबुलेंस को दी। मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां ड्यूटी पर तैनात डॉ0 जितेंद्र यादव ने प्राथमिक उपचार के बाद लोहिया रेफर कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की।

# चोरों का आतंक जारी, ग्रामीण भयभीत, पुलिस की गस्त पर उठे सवाल

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।**

चोरों के आतंक से कोतवाली क्षेत्र की जनता भयभीत है, क्योंकि सर्दी में चोर आसानी से दुकानों को अपना निशाना बना रहे हैं। जिससे दुकानदार परेशान है। इटावा बरेली हाईवे पर कोतवाली के गेट से 50 कदम की दूरी पर चोरों ने चाय की दुकान को निशाना बनाया।

रैसेपुर निवासी जितेंद्र पुत्र जबर सिंह ने तहरीर दी है कि बीती रात्रि चोरों ने चाय के खोखे को तोड़कर उसमें से 1200 रुपए नगद व 500 रुपए रेज़गारी तथा 15 डिब्बी सिगरेट जिसकी कीमत लगभग 1200 रुपए है। लगभग 1200 रुपए के पान मसाला आदि दुकान का ताला तोड़कर लगभग 4100 रुपए का सामान चोरी कर ले गये। उसी दुकान के लगभग


चोरी के बाद खोखे में बिखरा पड़ा सामान

10 कदम पर दूरी पर आदेश चतुर्वेदी की बक्शे की दुकान है जिसकी कतरन लगभग एक कुंतल होगी। आदेश चतुर्वेदी ने बताया बक्शे बनाते टीन की कतरन छत पर डाल देते है जो अज्ञात चोरों द्वारा चुरा ली गई। जिसकी कीमत लगभग 2500 रुपए होगी। चोर बड़ी घटना को भी अंजाम दे सकते हैं। वहीं आदेश चतुर्वेदी ने बताया कोतवाली में तहरीर नहीं दी है। बताया अगल बगल की दुकानों में हुई चोरी का आज तक पता नहीं चल पाया। न ही उसकी शिकायत दर्ज की गई। जिसके चलते उन्होंने तहरीर देने से मना कर दिया। उसी लाइन में 5 माह पूर्व परचून की दुकान लाखों की चोरी हुई थी जिसकी शिकायत दर्ज नहीं की गई। उसी के पास बनी मोबाईल की दुकान से लाखों की चोरी हुई थी जिसकी भी शिकायत पुलिस ने दर्ज नहीं की थी। थाने से 50 कदम की दूरी पर बनी दुकानें सुरक्षित नहीं हैं। जिससे दुकानदारों में भय है। पुलिस की गस्त पर भी दुकानदार सवाल उठा रही है कि पुलिस गश्त होती भी या नहीं। ये सभी दुकानें कोतवाली के गेट से 50 कदम की दूरी पर है। कोतवाली की नाक के नीचे से हुई चोरी नगर में चर्चा का विषय बनी हुई है। कोतवाली क्षेत्र के ताजपुर रोड पर स्थित एच.एस. कोल्ड स्टोरेज में लगे ट्रांसफार्मर से अज्ञात चोरों ने तेल को चोरी कर लिया। जिसकी तहरीर कोतवाली में करथिया निवासी वीरेंद्र सिंह चंदेल पुत्र स्वर्गवासी हुकुम सिंह चंदेल ने दी।

# मेले के स्वास्थ्य कैंप में दर्जनों मरीजों ने कराया परीक्षण, लीं दवायें


मरीजों के दवा देते चिकित्सक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मेला रामनगरिया में स्वास्थ्य कैंप लगाकर कल्पवासियों को दवायें वितरित की गयीं। इस दौरान खांसी, जुकाम, बुखार के मरीज ज्यादा पहुंचे। जिन्होंने चेकअप करवाकर दवायें लीं। जानकारी के अनुसार मेला रामनगरिया में शनिवार को स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया गया। फार्मासिस्ट दीपक राजपूत, राजेश सपोर्टेड स्टाफ, वार्डब्याय गुलाब, आयुर्वेदिक चिकित्सक शिवम गुप्ता, डॉ0 प्रबल शुक्ला ने कैंप में आये मरीजों का परीक्षण किया। जिसमें ज्यादातर मरीज खांसी, जुकान, बुखार, बदन दर्द आदि के आये। जिन्हें दवायें वितरित की गयीं। तकरीबन सुबह से शाम तक 200 से 250 मरीजों को देखा गया। वहीं कल्पवास कर रही जनपद कासगंज की महिला दवा लेने पहुंची, तो उसकी खराब हालत देख चिकित्सकों ने उसे लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। चिकित्सकों ने बताया कि उसे सर्दी लग गयी थी। जसके चलते उसे लोहिया अस्पताल के लिए रेफर किया गया है। बताते चलें कि सर्दी के चलते कल्पवासियों को दिक्कतें हो रही हैं। मरीजों में फूलमती, कान्ती देवी, विनोद, राजवीर, शिवसरन, मीरा, गौरा देवी आदि मरीज मौके पर दवा लेते मिले।

# श्रेष्ठ कर्म वर्तमान और भविष्य दोनों को बनाता है श्रेष्ठ : बीके शोभा बहन

**सेवा केंद्र पर मनाया गया ब्रह्माबाबा का पुण्य स्मृति दिवस**

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरी विश्व विद्यालय ओमनिवास जटवारा जदीद सेवा केंद्र पर ब्रह्माकुमारी संस्थान के साकार संस्थापक पिता ब्रह्मा बाबा का 56वां पुण्य स्मृति दिवस विश्व शांति दिवस के रूप में मनाया गया। ब्रह्माकुमारी शोभा बहन ने आदि देव ब्रह्मा बाबा की विशेषताएं बताते हुए कहा कि हम सबको सदैव श्रेष्ठ कर्म करने चाहिए, क्योंकि श्रेष्ठ कर्म वर्तमान और भविष्य दोनों को श्रेष्ठ बना देता है। 18 जनवरी 1969 का एक ऐसा दिन था जिस दिन प्रजापिता ब्रह्मा ने अपनी संपूर्ण अवस्था को प्राप्त किया। वह मिट्टी का देश छोड़कर फरिश्ता बन गए। बाबा ने सारी बागडोर बहनों के हाथ में रखे सर्वात्मा को एक कठपुतली की तरह चलाता रहता था और बाबा कहते थे कि अगर किसी प्रकार का बोझ है तो आप को दे दो ना ब्रह्मा बाप ने सबकी अच्छाई को देखा तो मुझे भी सबकी अच्छाई गुणो को देखना है। जीवन की सभी समस्याओं का समाधान है सकारात्मक विचार इसी सोच से भारत फिर से एक विश्व गुरु बनेगा।

डॉ0 गंगा सिंह ने कहा कि दादा लेखराज से प्रजापिता ब्रह्मा नाम शिवबाबा ने दिया और साथ-साथ सर्व शक्तियां भी उनमें भर दी थी, वह एक हीरो के महान व्यापारी थे। अभिलाख सिंह ने कहा कि ब्रह्माकुमारी संस्था से ही होगा युगपरिवर्तन त्याग तपस्या और सेवा भाव रखना अपने आप में एक तपस्या है। जिससे जीवन के सारे दुख दूर होते है। पूनम बहन ने कहा कि ब्रह्मा बाबा रोज सवेरे अपने बच्चों को खत लिखना था हर बच्चे का जवाब देता था। कु0 खुशी ने कहा कि सबके प्रति प्रेम ही जीवन में वाह वाह का आधार है। एकता बहन ने कहा कि हमें अपना आपसी व्यवहार ब्रह्मा बाप समान रखना चाहिए क्योंकि व्यवहार से ही भावनाओं का विशेष महत्व होता है। कु0 आकांक्षा ने कहा कि ब्रह्माबाबा सब बच्चों का बहुत ध्यान रखते थे और हर चीज बाबा ने अपने बच्चों को करके सिखाया। इस मौके पर सभी भाई बहनों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये। ब्रह्मा बाबा की विशेषताओं को सभी ने विभिन्न प्रकार से उजागर किया और उन पर चलने का संकल्प लेते हुए भावपूर्वक श्रद्धांजलि अर्पित की।



बाबा का पुण्य स्मृति दिवस मनाती बीके शोभा बहन व अन्य

# सड़क सुरक्षा जागरुकता रैली निकालकर लोगों को किया जागरुक

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

दुर्गा नारायण महाविद्यालय फतेहगढ़ में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं रोड सेफ्टी क्लब के तत्वाधान में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता अभियान के अन्तर्गत रैली निकाली गई। सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम रोड सेफ्टी क्लब के प्रभारी डॉ0 राम नरेश सिंह एवं एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 मो0 अमीन के दिशा-निर्देशन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला नोडल अधिकारी रोड सेफ्टी डॉ0 आलोक बिहारी लाल शुक्ला ने सभी छात्र/छात्राओं को सड़क सुरक्षा के नियमों के प्रति जानकारी देकर जागरुक किया। साथ ही महाविद्यालय से छात्र-छात्राओं के साथ जागरुकता रैली निकाली गई और लोगों को जागरुक किया गया। सभी को डॉ. सत्येन्द्र मिश्रा ने सड़क सुरक्षा जागरुकता की शपथ दिलायी गई। इस अवसर पर शिक्षक डॉ0 वीके तिवारी, डॉ0 एचएसएन गुप्ता एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारीगण रणवीर सिंह, देवेन्द्र कुमार शर्मा, प्रशान्त कुमार उपस्थित रहे।

**डीएन कॉलेज द्वारा निकाली गई रैली**




सड़क सुरक्षा जागरुकता रैली में भाग लेते शिक्षक व विद्यार्थी

# आमद बढ़ने से 100 रुपये कुंटल आलू बिक्री में आयी गिरावट

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

आलू मण्डी सातनपुर में धूप निकलते ही 20 मोटर से बढ़कर 100 मोटर की आमदनी हुई। शनिवार को चारगुनी आमद बढ़ने से भाव में 100 रुपये कुंटल की गिरावट रही। आमद बढ़ने से जहां व्यापारियों एवं किसानों के चेहरे खिले तो वहीं 100 रुपये कुंटल की गिरावट के चलते कुछ आलू किसान मायूस दिखे।

दो दिन से लगातार धूप निकलने से खेतों में आलू की खुदाई पहले की तरह होने लगी है। जिससे मण्डी में आलू की आमद बढ़ी और 100 रुपये कुंटल आलू सस्ता बिका। बाहर की मण्डियों में भी आलू के भाव में गिरावट है। पर्याप्त मात्रा में आलू पहुंचने से भाव में गिरावट जारी है। जनपद का आलू प्रयागराज महाकुम्भ मेले में भी पहुंच जा रहा है। यहां के आलू की मांग कुंभ मेले में है। प्रतिदिन कई मोटर कानपुर के अलावा प्रयागराज की मण्डी में पहुंच रहे है। मण्डी में खुली बोली के बाद आलू बिका, जो 1101 रुपये से लेकर 1151 रुपये प्रति कुंटल की बिकवाली हुई। ज्यादातर व्यापारियों ने आलू किसानों के आलू बोरों में भरकर लाने के लिए कहा था, जो किसान लाये। एक दो दिन तक मौसम साफ रहने का अनुमान है। जिससे मण्डी में पुनः रौनक लौट आयी है।



बोरों में पैक हो रहा मण्डी में आलू

# वैदिक क्षेत्र चरित्र निर्माण शिविर का उद्घाटन आज

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

मेला रामनगरिया में जिला आर्य प्रतिनिधि सभा के तत्वावधान में आयोजित चरित्र-निर्माण शिविर के शुभारंभ रविवार 19 जनवरी को होगा। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मेला श्रीराम नगरिया पांचालघाट के वैदिक क्षेत्र में जिला आर्य प्रतिनिधि सभा एवं वेद प्रचार मण्डल आर्यावर्त्त के संयुक्त तत्वावधान में भव्य चरित्र निर्माण शिविर का आयोजन होगा। शिविर के संयोजक व जिला आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रधान आचार्य चंद्रदेव शास्त्री ने बताया कि शिविर में प्रतिदिन प्रातः 10:30 से 11:30 तक यज्ञ एवं मध्यान्ह 2 से 3 बजे तक भजन उपदेश व विविध सम्मेलनों का आयोजन होगा। इसके अतिरिक्त संत सम्मेलन, महिला सम्मेलन, कवि सम्मेलन व संस्कृत, संस्कृतिक, युवा, शिक्षा आदि विषयों पर विविध सम्मेलन व विद्वित गोष्ठियों का आयोजन भी होगा। दूरस्थ अंचलों से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए भोजन व आवास की सुविधा निःशुल्क उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में निकट्वर्ती जनपदों के साथ-साथ अनेक प्रान्तों से आर्य विद्वान, सन्यासी, गुरुकुलों के आचार्य, ब्रह्मचारी कार्यकर्ता सम्मलित होंगे। कल्पवासियों को वैदिक ज्ञान से लाभान्वित किया जायेगा। आचार्य संदीप आर्य ने कहा कि आर्य समाज का उद्देश्य महऋषि दयानंद सरस्वती के विचारों व वेद ज्ञान को जन-जन तक पहुंचाना है। इसी उद्देश्य के साथ मेले में शिविर का आयोजन किया जाता है।

# भाजपा जिलाध्यक्ष के पद के लिए प्रबल दावेदार है संदीप शाक्य

**पैनल लीक होना बड़ी अनियमितता संदीप शाक्य**

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

भारतीय जनता पार्टी में जिलाध्यक्ष पद को लेकर पैनल लीक होने के बाद घमासान मचा हुआ है। इस तरह की अनियमितता होने से वरिष्ठ नेताओं पर प्रश्न चिन्ह लगने लगा है। पर्यवेक्षक की मौजूदगी में सांसद, विधायक के हस्ताक्षर के साथ पांच नामों का पैनल बनाया गया था। साथ ही दूसरा पैनल भी बनाकर पर्यवेक्षक को सौंपा गया था। पैनल में पहला नाम जिला महामंत्री फतेहचन्द्र वर्मा का, दूसरा नाम विधायक सुशील शाक्य के पुत्र पूर्व जिला महामंत्री संदीप शाक्य का, साथ ही तीसरा नाम वर्तमान जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता का, चौथा नाम जितेन्द्र सिंह का और पांचवां नाम पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. भूदेव राजपूत का है। इन पांच नामों का पैनल लीक होने के बाद अन्य दावेदारों में खलबली मच गयी और लखनऊ तक इसकी शिकायत की गई है। जबकि पिछड़े वर्ग की दावेदारी प्रमुख मानी जा रही है। जिसमें विधायक सुशील शाक्य के पुत्र संदीप शाक्य व फतेहचन्द्र वर्मा का नाम है।

किसके नाम पर मोहर लगेगी यह प्रदेश नेतृत्व तय करेगा। इस संबंध में जब संदीप शाक्य से बात हुई तो उन्होंने कहा कि मेरी दावेदारी प्रबल है। अंतिम रिपोर्ट पर्यवेक्षक की मान्य होगी और प्रदेश नेतृत्व जिलाध्यक्ष के नाम तय करेगा, लेकिन पैनल लीक होने पर जो अनियमितता आयी है वह ठीक नहीं है। वहीं समर्थकों में भी उत्साह दिखा कि संदीप शाक्य या भूदेव राजपूत का जिलाध्यक्ष बनना प्रबल माना जा रहा है।



जानकारी देते संदीप शाक्य

# फर्रुखाबाद विकास मंच ने जरूरतमंदो को बांटे कंबल

**बुजुर्गों और गरीबों की सेवा ही सच्ची सेवा है: मोहन अग्रवाल**

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

फर्रुखाबाद विकास मंच ने शनिवार को ठंड से राहत पाने के लिए गरीबों को कम्बल वितरित किये। लगातार समाजिक कार्यों में सक्रिय रहने वाला फर्रुखाबाद विकास मंच गर्मियों में शहर में सैकड़ो ठंडे पानी के ड्रम रखवाने, पशुओं के लिए नांद रखवाने का कार्य करता है। साथ ही सर्दियों में कम्बल वितरण का आयोजन किया है। बीते दिन जनता की सुरक्षा के लिए चाइनीज मांझे के बिक्री के खिलाफ आंदोलन किया है। लोगों के हित और उनकी सुरक्षा, देखभाल की बात आये तो फर्रुखाबाद विकास मंच सबसे आगे रहता है। इसी के तहत शनिवार को लगभग एक सैकड़ा से ज्यादा गरीब जरुरतमंदों को कम्बल वितरित किये गये। शनिवार को माधोपुर स्थित धारा नगरी जैन वाटिका में कम्बल बांटे गये। कम्बल पाकर जरुरतमंदों के चेहरे खिल उठे और बुजुर्गों ने आशीर्वाद दिया। फर्रुखाबाद विकास मंच के संस्थापक मोहन अग्रवाल ने 110 वृद्ध लोगों को कम्बल बांटे। कादरीगेट थानाध्यक्ष आमोद कुमार व संगठन के जिलाध्यक्ष भईयन मिश्रा ने कम्बल वितरण कराया।

मोहन अग्रवाल ने कहा कि बुजुर्गों और गरीबों की सेवा करने वालों पर हमेशा ईश्वर की कृपा बनी रहती है। सेवा भाव रखने से मन शुद्ध रहता है और आत्मा भी पवित्र रहती है। हर व्यक्ति को अपनी समर्थ के अनुसार किसी जरूरतमंद की सेवा अवश्य करनी चाहिए। थाना अध्यक्ष आमोद कुमार सिंह ने कहा सर्दी के समय में बड़ी संख्या में ऐसे लोग हैं जो आर्थिक समस्याओं के चलते गर्म कपड़े, कंबल नहीं आदि नहीं ले पाते है। फर्रुखाबाद विकास मंच की जरूरतमंदों के लिए कंबल वितरण की पहल सराहनीय है।

जिलाध्यक्ष भईयन मिश्रा ने कहा कि फर्रुखाबाद विकास मंच हमेशा जनता के हितों के लिए समर्पित है। जनता के लिए तन मन धन से संगठन कार्य करता है। आने वाले समय में भी संगठन लगातार जनता के लिए समर्पित रहेगा। जिला महामंत्री कोमल पांडे ने कहा कि गरीबों की सेवा ही सच्ची भगवत सेवा है। कार्यक्रम का संयोजन नगर अध्यक्ष राहुल जैन, अमन जैन ने किया।



कम्बल वितरित करते मोहन अग्रवाल व भईयन मिश्रा

# हिन्दुत्व के सम्मान में चेतना जागृत करने का उठाया वीणा

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

राष्ट्रीय परशुराम सेना ब्रह्मवाहिनी के तत्वाधान में मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर हिंदू संवाद समारोह का आयोजन किया गया। पंचालघाट रोड पर स्थित एक सभागार में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. प्रभात अवस्थी व विशिष्ट अतिथि देवेश नारायण अवस्थी, हिंदूमहसभा के युवा प्रदेश अध्यक्ष विमलेश मिश्रा मौजूद रहे। विपिन अवस्थी व संजीव कुमार दुबे ने अतिथियों का स्वागत किया। साथ ही हिन्दुत्व के सम्मान में हिन्दू चेतना को जागृत करने का वीणा उठाया। मुख्य अतिथि ने कहा कि आज युवाओं को लाचार बनने का समय नहीं है, युवा ही जब खाने की पंक्ति में खड़ा दिखाई देगा तो देश का विकास कैसे संभव होगा। युवा तो अपने पौरुष से समाज की दिशा और दशा दोनों को बदलने का कार्य करे, तब कहीं भविष्य में नए आयाम स्थापित होंगे।

देवेश नारायण अवस्थी ने कहा कि हमें अपने कार्य को ही धर्म मानना होगा, धर्म कोई वस्तु नहीं है, बल्कि धर्म वह है जिससे कि सनातन का गौरव बढ़े और युवाओं को ही यदि अपने धर्म की जानकारी नहीं होगी तो नवनिर्माण कैसे संभव होगा। कथाव्यास संजीव दुबे ने संगठित होने की बात कही और जिलाध्यक्ष के साथ सदैव खड़े रहकर कार्य करने हेतु आश्वस्त किया। अंतर्राष्ट्रीय हिंदू रक्षा मंच के जिलाध्यक्ष विपिन अवस्थी ने संगठन के लिए सदैव साथ खड़े होने और सहयोग की बात कही। परशुराम सेना ब्रह्मवाहिनी के जिलाध्यक्ष अनमोल पांडे, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार दीक्षित के द्वारा किए गए कार्यों की सभी ने प्रशंसा की। अनमोल पांडे व अमित दीक्षित ने विचार रखे। इस मौके पर अतुल अग्निहोत्री, विपिन सिंह चौहान, सूरज पांडेय, अभिषेक शुक्ला, अर्पित शुक्ला, प्रणव पंडित, वैभव दीक्षित आदि मौजूद रहे। संचालन वैभव सोमवंशी ने किया।



कार्यक्रम में सम्मानित होते अतिथि

# विद्यालयों में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति बढ़ाने के निर्देश

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

सह जिला विद्यालय निरीक्षक ने राजकीय व अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को पत्र भेजकर अवगत कराया है कि विद्यालयों में संचालिक मध्यान्ह भोजन योजना के अन्तर्गत पंजीकृत छात्र-छात्राओं की उपस्थिति शत-प्रतिशत सुनिश्चित की जाये। जिलाधिकारी के निर्देशानुसार सीएम डैस बोर्ड के माध्यम से छात्र-छात्राओं की उपस्थिति की समीक्षा प्रत्येक माह की जाती है।

माह अगस्त 2024 की समीक्षा के दौरान छात्र-छात्राओं की उपस्थिति का औसत न्यून रहा है। उपस्थिति बढ़ाये जाने का निर्देश दिया गया है। शीघ्र ही प्रधानाचार्य विद्यालय में सुधार करें। कार्यों में गति लाये और माध्यमिक विद्यालयों में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति बढ़ाये। पूर्व की रैंकिंग पर प्रभाव पड़ा है। सीडीओ द्वारा घोर असंतोष व्यक्त किया गया है। शत-प्रतिशत पालन किया जाये और उपस्थिति बढ़ायी जाये।

# सड़क पर आवारा कुत्तों के झुंड से बच्चों में डर का माहौल

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

धूप निकलते ही शहर के मुख्य मार्ग घुमना पर आवारा कुत्तों का झुंड दिखायी दिया। बड़ी संख्या में कुत्तों का झुंड देखकर लोग डरे-डरे दिखे। नगर पालिका की लापरवाही के चलते बड़ी संख्या में आवारा कुत्ते सड़कों पर दिखे।

बच्चे आदि दहशत में रहते है। बंदरों व आवारा पशुओं के अलावा कुत्तों का भी झुंड गली मोहल्लों के अलावा सड़कों पर लगा रहता है। आम जन मानस इस तरह के झुंड को देखकर सहम जाता है और कुत्तों के काटने का खतरा बना रहता है। बड़ी संख्या में एक जगह पर कुत्तों का एकत्र होना डर का माहौल उत्पन्न होता है। ऐसे में आवारा कुत्तों को भी पकड़ा जाये, जिससे बच्चों के साथ कोई अनहोनी न हो सके।



सड़क पर लगा आवारा कुत्तों का झुंड

# दो सैकड़ा से अधिक लोगों को बांटे गए घरौनी के प्रमाण पत्र

**ग्राम पंचायत में बने मकानों की घरौनी मिलने के बाद ग्रामीणों के खिले चेहरे**

कमालगंज, समृद्धि न्यूज।

प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के वर्चुअल शुभारंभ के बाद ग्राम पंचायत के लोगों को घरौनी के प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

विकास खण्ड परिसर में प्रधानमंत्री तथा मुख्यमंत्री के वर्चुअल शुभारंभ के बाद 10 ग्राम पंचायत से आए हुए 225 ग्रामीणों को घरौनी के तहत प्रमाण पत्र वितरित किये गये। हर ग्राम पंचायत में 25 ग्रामीणों को घरौनी का प्रमाण पत्र देना था। मौके पर 250 ग्रामीण पहुंचे। जिन्हे ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि शील चंद्र राजपूत व खंड विकास अधिकारी त्रिलोक चंद्र शर्मा, एडियो को-ऑपरेटिव योगेंद्र प्रताप सिंह, मंडल अध्यक्ष राजेश राजपूत द्वारा घरौनी के तहत प्रमाण पत्र दिये गये। वहीं कुछ ग्रामीणों ने बताया कि खंड विकास परिसर में एक सूचना लगानी चाहिए थी, जिससे यह पता चल जाए की कौन सी ग्राम पंचायत में कितने लोगों को घरोंनी दी जाएगी। तथा कौन सा लेखपाल हमको प्रमाण पत्र देगा। लेकिन विकास खण्ड परिसर में ऐसा कोई सूचना नहीं लगायी गई। जिसके चलते ग्रामीण इधर-उधर भटकते रहे। इस मौके पर अधिकारी व ग्रामीण आदि मौजूद रहे।



ग्रामीण को घरौनी प्रमाण पत्र वितरित करते बीडीओ

# आईटीआई कालेज में रोजगार 20 जनवरी को

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ठंडी सड़क में 20 जनवरी सोमवार को रोजगार मेले का आयोजन होगा। 8 कम्पनियां रोजगार मेले में 400 रिक्तियों हेतु अभ्यार्थियों का साक्षात्कार लेगी। इच्छुक अभ्यार्थी अपने प्रपत्रों के साथ प्रातः 10 बजे सोमवार को आईटीआई कालेज पहुंचकर भाग लें। यह जानकारी प्रधानाचार्य राजवीर सिंह ने दी है।

## सूचना

मेरे सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरी पुत्री का नाम Kushampreet Kaur दर्ज हो गया है। जबकि मेरी पुत्री का वास्तविक नाम Kusampreet Kaur है। Gurnam Singh, Army No-4480651N, रैंक-हवलदार, सिखलाई रेजीमेंट सेन्टर फतेहगढ़, निवासी-हरपुरा, पोस्ट-धनोई, जिला-गुरदासपुर, राज्य-पंजाब-143505. द्वारा शपथ पत्र नंबर-44AA160299, दिनांक-18.01.2025 कोर्ट फतेहगढ़।

## सूचना

मेरे पति के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम Sukhvir Kaur दर्ज हो गया है। जबकि मेरा वास्तविक नाम Sukhveer Kaur है। Sukhveer Kaur, Army No-4487759N, रैंक-सिपाही, बलजीत सिंह, 11 सिखलाई रेजीमेंट सेन्टर फतेहगढ़, निवासी-इस्लामवाला, पोस्ट-इस्लामवाला, जिला-फाजिल्का, राज्य-पंजाब-152124. द्वारा शपथ पत्र नंबर- IN-PB97350218106038X, दिनांक-15.01.2025, नोटेरी पब्लिक फाजिल्का।

# एसडीएम ने ग्रामीणों को दिये स्वामित्व कार्ड



ग्रामीण को स्वामित्व कार्ड देते एसडीएम मौजूद अन्य

कायमगंज, समृद्धि न्यूज।

स्वामित्व योजनान्तर्गत सम्पत्ति कार्ड वितरण कार्यक्रम तहसील सभागार में सम्पन्न हुआ। प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी के ऑन लाइन आयोजित कार्यक्रम के लाइव प्रसारण को तहसील सभागार में देखा एव सुना गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष, उपजिलाधिकारी रवीन्द्र सिंह ने लाभार्थियो को घरौनी संपत्ति कार्ड का वितरण किया। उपजिलाधिकारी रवीन्द्र सिंह ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार समाज के अंतिम पायदान पर खड़ व्यक्ति को विकास कि मुख्य धारा से जोड़ने का कार्य कर रही है, इसी क्रम में किसानों, महिलाओं, युवाओं, गरीबों के हित में अनेक योजनाए लागू की गई है। लाभार्थियों व ग्रामीणों को स्वच्छता एवं नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गयी। स्वामित्व कार्ड पाकर ग्रामीणों के चेहरे खिल उठे। उपजिला अधिकारी रविंद्र सिंह ने बताया की जो लोग कई सालों से नवीन परती एवं ग्राम समाज की जमीन पर रह रहे हैं उनके लिए यह स्वामित्व कार्ड योजना चलाई गई, घरौनी कार्ड मिलने के बाद बैंको से लोन प्राप्त करने में आसानी होगी। जिससे वह अपना स्वरोजगार व्यवसाय एवं आवश्यक कार्य कर सकेंगे। अक्सर लोग जानकारी के अभाव में एक ही जमीन का भू-माफिया कई लोगों को रजिस्ट्री कर देते थे, अब स्वामित्व योजना के अन्तर्गत तैयार किए गए भूलेख का डिजिट्राइजेशन हो जाने से इस प्रकार के विवादों में कमी आएगी। इस मौके पर तहसीलदार विक्रम सिंह, नायव तहसीलदार मनीष वर्मा आदि मौजूद रहे।

## डॉक्टर को एक सप्ताह में स्वयं निर्माण ध्वस्त करने का आदेश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** स्वीकृत मानचित्र के विपरीत बनाये गये निर्माण को नियत प्राधिकारी/नगर मजिस्ट्रेट विनियमित क्षेत्र ने नोटिस जारी कर सात दिन के अंदर स्वयं गिराने के आदेश दिये है। अन्यथा की स्थिति में गिराने में जो भी व्यय होगा वह वसूला जायेगा। नियत प्राधिकारी/ नगर मजिस्ट्रेट विनियमित क्षेत्र ने डॉ. कमलेश कुमार शर्मा पुत्र मिजाजीलाल निवासी क्वाटर नं0-02 डॉ राम मनोहर लोहिया कैम्पस आवास विकास के विरुद्ध नोटिस जारी किया है। बाग लकूला स्थित भूखण्ड स्वीकृत मानचित्र के विपरीत सैटबैक कवर्ड करते हुये निर्माण किया गया है। 23 जनवरी 2023 आदि को नोटिस कारण बताने का अवसर दिया गया था। जिसके बाद उक्त द्वारा कोई भी पर्याप्त कारण नहीं बताया गया। उत्तर प्रदेश नर्माण कार्य विनियमन अधिनियम 1958 की धारा-10 के अधीन भवन गिराने का प्रावधान है। नियत प्राधिकारी/नगर मजिस्ट्रेट विनियमित क्षेत्र ने ध्वस्तीकरण के आदेश १७ फरवरी 2023 के क्रम में नोटिस जारी कर एक सप्ताह के अंदर भवन को स्वयं गिरा देने के आदेश दिये है। अन्यथा की स्थिति में गिराने में जो भी व्यय होगा वह वसूला जायेगा।

# दो सैकड़ा लाभार्थियों को वितरित किये गये स्वामित्व कार्ड




ग्रामीण को स्वामित्व कार्ड वितरित करते बीडीओ

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।

विकासखंड कार्यालय सभागार परिसर में स्वामित्व कार्ड वितरण योजना के तहत लाभार्थियों को स्वामित्व कार्ड वितरित किये गये।

विकासखंड कार्यालय सभागार परिसर में विकास खण्ड अधिकारी सुनील श्रीवास्तव व जिला पंचायत अध्यक्ष ने ग्राम पंचायतों से आये लाभार्थियों को स्वामित्व कार्ड वितरित किये गये। जिला पंचायत अध्यक्ष के द्वारा 10 लाभार्थियों को स्वामित्व कार्ड वितरण योजना का लाभ दिलाया गया। वहीं बीडीओ के द्वारा दो सैकड़ा से अधिक लोगों को स्वामित्व कार्ड वितरण किए गए।

इस मौके पर एडीओ पंचायत कृष्णपाल सिंह, एडीओ आईएसबी सुखदेव सिंह, कार्यालय के वरिष्ठ लिपिक आलोक दीक्षित, कनिष्ठ सहायक राज भारती, अकाउंटेंट इंदल बाबू, रविंद्र सिंह, एपीओ मनरेगा गौरव सिंह, राहुल चंदेल, आलोक पाठक, ग्राम सचिव प्रमोद शुक्ला, अनुपम बाजपेई, बृजेश यादव, बृजनंदन लाल, जगवीर सिंह, सुनील गौतम, मोतीलाल यादव, कुलदीप राजपूत, आकांक्षा सक्सेना आदि मौजूद रहे।

## न्यायालय उप जिलाधिकारी (न्यायिक) अमृतपुर जनपद फर्रुखाबाद।

वाद संख्या:-टी202403240303862/2024 — अन्तर्गत धारा-116 उ0प्र0रा0सं0 2006
फरीकेन:- मातादीन बनाम रामदास आदि
मौजा-हमीरपुर सोमवंशी परगना व तहसील अमृतपुर, जनपद-फर्रुखाबाद (उत्तर प्रदेश)

प्रतिवादी

1. रामदास पुत्र रामभजन
2. सोनपाल पुत्र पातीराम
3. अमरपाल पुत्र जौहरी

(1–3) समस्त निवासीगण ग्राम हमीरपुर सोमवंशी परगना व तहसील अमृतपुर जनपद फर्रुखाबाद।

4. मूर्ती पत्नी बेंचेलाल पुत्र देवीदीन निवासी ग्राम इकडरिया परगना भोजपुर तहसील सदर जनपद फर्रुखाबाद।
5. ग्राम पंचायत हमीरपुर सोमवंशी परगना व तहसील अमृतपुर जनपद फर्रुखाबाद द्वारा ग्राम प्रधान हमीरपुर सोमवंशी।

अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में प्रतिवादीगणों के विरुद्ध मातादीन पुत्र रामभरोसे निवासी ग्राम हमीरपुर सोमवंशी परगना व तहसील अमृतपुर जनपद फर्रुखाबाद के द्वारा वाद दायर किया गया। प्रश्नगत वाद में सुनवाई हेतु दिनांक 22/01/2025 नियत है। आप स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपरोक्त दिनांक समय 10:00 बजे पूर्वान्ह अद्योहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित होकर उपरोक्त वाद में पैरवी करें, अन्यथा की स्थिति में आपके विरुद्ध एक पक्षीय कार्यवाही कर दी जायेगी।

आज्ञा से
उप जिलाधिकारी, (न्यायिक)
तहसील अमृतपुर
जनपद-फर्रुखाबाद।

# स्वामित्व प्रमाण पत्र से गांव होगा मजबूत

### स्वामित्व प्रमाण पत्र से बढ़ेंगे प्रगति के आसार, प्रमाण पत्र से जमीनी मालिकाना हक की होगी जानकारी





**समृद्धि न्यूज**

**महराजगंज।** स्वामित्व योजना के अन्तर्गत आज शनिवार को तहसील सभागार में आयोजित एक समारोह कार्यक्रम के तहत लोगों को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए प्रधानमंत्री का उद्बोधन सुनाया गया और दिखाया गया उसके पश्चात लोगों में स्वामित्व प्रमाण पत्र वितरित किया गया।

इस आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि फरेन्दा विधायक वीरेंद्र चौधरी व विशिष्ठ अतिथि पूर्व चेयरमैन व चेयरमैन प्रतिनिधि राजेश जायसवाल रहे। स्वामित्व प्रमाण पत्र वितरित करने एवं स्वच्छता मिशन और नशा मुक्ति का शपथ दिलाने के पश्चात विधायक फरेंदा वीरेंद्र चौधरी ने कहा कि स्वामित्व प्रमाण पत्र से गांव का विकास होगा और गांव भी मजबूत होगा, जब गांव मजबूत होगा तो देश विकसित होगा। इसी क्रम में क्षेत्र पंचायत सभागार फरेंदा में भी इसी तरह से आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व प्रमुख रामप्रकाश सिंह रहे उन्होंने लगभग 35 लोगों में स्वामित्व प्रमाण पत्र वितरित किया। उसके पश्चात उन्होंने कहा कि स्वामित्व प्रमाण पत्र से लोगों के प्रगति का आसार बढ़ेगा। पूर्व चेयरमैन व चेयरमैन प्रतिनिधि राजेश जायसवाल ने कहा कि स्वामित्व प्रमाण पत्र से लोगों को जमीनी मालिकाना हक की जानकारी होगी।

उपजिलाधिकारी फरेंदा मुकेश कुमार सिंह ने कहा कि सरकार की मंशा है कि स्वामित्व प्रमाण पत्र से गांव देहात मजबूत होगा।

तहसीलदार मजिस्ट्रेट फरेंदा अमित कुमार सिंह ने कहा कि स्वामित्व प्रमाण पत्र एक मजबूत अभिलेख भी है साथ ही साथ इससे व्यक्ति अपनी प्रगति कर सकता है। इस दौरान हृदय पाण्डेय, राजेश मौर्य,राहुल शर्मा, कानूनगो रामजतन यादव, उपेन्द्र तिवारी, दीपेन्द्र सिंह, आशीष कुमार सिंह, पेशकार आलोक सिंह, साहिल गांव देहात के किसान मौजूद रहे।

## महिलाओं ने विधि-विधान से भगवान लंबोदर की पूजा की

**मिर्जापुर।** महिलाओं नेशुक्रवार को पूरेदिन निर्जला व्रत रख देर रात को चंद्रोदय के बाद विघ्न विनाशक भगवान लंबोदरकी पूजा की। वहीं गणेश चतुर्थी के व्रत व पूजा के मद्देनजर बाजारों मेंफल और पूजा के अन्य सामानों की लोगों नेजमकरखरीदारी की। गणेश मंदिरों मेंभी शाम को दर्शन पूजन के लिए लोगों की भीड़ जुटी रही। भगवान गणेश का दर्शन पूजन कर लोगधन्य हो गए।माघ माह के चतुर्थी तिथि शुक्रवार को भगवान गणेश की पूजा व व्रत का प्राविधान है। महिलाओं नेपुत्र व परिवार की कुशल मंगलकामना के लिए शुक्रवार को सुबह सेही निर्जला व्रत रखा। इसके बाद घर की साफ-सफाई कर शाम को भगवान गणेश की पूजा कीतैयारी मेंजुट गई। गणेश पूजा के मद्देनजर बाजारों मेंभी फल और अन्य सामानों की खरीदारी के लिए महिलाओं की दुकानों परभीड़ जुटी रही। भगवान गणेश की पूजा के लिए महिलाओं नेकेला, सेब,नारियल, बेर, सिघाड़ा आदि खरीदा।

## तहसीलदार को सौंपा तीन सूत्रीय मांग पत्र




**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** स्थानीय ब्लॉक परिसर में शनिवार को प्रधान संघ अध्यक्ष शिव बाबू सेठ की अगुवाई में नायब तहसीलदार राजीव यादव को तीन सुत्री मांगों का पत्रक सौंपा है जिसमें कहा है कि स्वामित्व योजना के तहत चयन के समय प्रधान व संमानित व्यक्तियों को सर्वे के समय ड्रोन उड़ाते समय शामिल किया जाए। ड्रोन कैमरा को गांव में आने के पुर्व गांव में मुनादी कराया जाए। कानूनगो, लेखपाल, प्रधान व जनता के साथ पंचायत भवन पर खुली बैठक में जानकारी देते हुए चस्पा कराये जाने संबन्धित पत्रक दिया है। इस मौके पर प्रधान राजेश मौर्य, सूरज मौर्या, रमेश मौर्य, बहुरता देवी, सरला मिश्रा, निशा, रमाकांत, प्रतिमा सिंह, उपासना सिंह, लालबहादुर पाल, भूपेंद्र सिंह, लाले, सुरेन्द्र कुमार आदि प्रधान मौजूद रहे।

# छह और न्यू बार्न स्टेबलाइजेशन यूनिट को मंजूरी

**शिशुओं की तबीयत बिगड़ने पर मिलेगा त्वरित इलाज**

**समृद्धि न्यूज**



**महराजगंज।** जिले मे छह और न्यू बार्न स्टेबलाइजेशन यूनिट (एनबीएसयू) खुलेगा। सभी नये एनबीएसयू जल्द ही संचालित हो जाएंगे। आठ बेड के एनबीएसयू वार्ड बनाने के लिए स्थान चिन्हित कर लिया गया है। जो अस्पताल परिसर में ही होगा। एनबीएसयू के लिए उपकरणों की खरीदारी हो चुकी है। इससे नवजात शिशुओं की तबीयत बिगड़ने पर उनके इलाज में स्थानीय स्तर पर ही त्वरित इलाज मिल सकेगा। शीघ्र इलाज के लिए दूरस्थ अस्पतालों में ले जाने वाला समय बचेगा, जिससे नवजात शिशु के जीवन के जोखिम को कम किया जा सकेगा।

उक्त जानकारी देते हुए अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने बताया कि यह सभी एनबीएसयू ब्लॉक स्तर पर खोले जाएंगे। वर्तमान समय में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र परतावल, निचलौल, लक्ष्मीपुर तथा फरेंदा सीएचसी पर एनबीएसयू कार्य कर रहे हैं। इनमें से निचलौल एनबीएसयू को एसएनसीयू में तब्दील कर दिया गया है।

इनके अलावा छह ब्लॉक में नये एनबीएसयू बनाये जाएंगे। जिन ब्लाकों में नए एनबीएसयू संचालित किए जाने हैं, उनमें सदर, घुघली, रतनपुर, धानी, पनियरा और बृजमनगंज ब्लॉक के नाम हैं। सभी एनबीएसयू आठ बेड के बनेंगे। एनबीएसयू संचालित हो जाने के बाद इन एनबीएसयू वाले ब्लॉक क्षेत्र के अस्पतालों में जन्म लेने वाले नवजात शिशु या फिर डिस्चार्ज होकर घर जा चुके नवजात शिशु का स्वास्थ्य खराब होने पर 102 नंबर एम्बुलेंस की मदद से उन्हें एनबीएसयू तक लाया जा सकेगा। इस तरह सामान्य स्वास्थ्य समस्याओं के लिए नवजात को जिला संयुक्त चिकित्सालय महराजगंज और बीआरडी मेडिकल कॉलेज गोरखपुर ले जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

एसीएमओ डॉ. प्रसाद ने बताया कि नये एनबीएसयू को स्थानीय व्यवस्था से सक्रिय कर दिया जाएगा। जन्म से लेकर 28 दिन तक बच्चे की अवस्था को नवजात कहा जाता है और बीमारियों व संक्रमण की दृष्टि से यह अवस्था बेहद संवेदनशील होती है । इस अवस्था में अगर बच्चे में किसी भी प्रकार की बीमारी हो और त्वरित चिकित्सा मिल जाए तो उसके जीवन की रक्षा हो जाती है। इससे शिशु मृत्यु दर में भी कमी आती है। इस कार्य में एनबीएसयू अहम भूमिका निभा रहे हैं।

# जनपद को टीबी मुक्त बनाने के लिए संघन टी.बी. अभियान संचालित

**समृद्धि न्यूज**

**चुनार (मिर्जापुर)।** पीएचसी चुनार पर उपस्थित क्षेत्र की समस्त आशाओं को प्रशिक्षण देने का कार्यक्रम प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ राकेश कुमार पटेल की उपस्थिति में आयोजित किया गया।आयोजित प्रशिक्षण में डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर सतीश शंकर यादव द्वारा टीबी रोग के समस्त लक्षणों से परिचित कराते हुए सरकारी स्तर की सभी उपलब्ध सुविधाओ की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा गया कि आप सभी अपने अधीनस्थों के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरूक कराते हुए टीबी रोगियों को खोज कर इलाज से जोड़ने का कार्य करें।

श्री यादव द्वारा कहा गया कि उपरोक्त अभियान में स्वस्थ हुए टीबी मरीजों के बीच से टीबी चौंपियन का चयन करते हुए उन्हें अभियान से



जोड़ने का दायित्व भी निभाएं। जिससे कि जनपद 2025 तक टीबी मुक्त जनपद के श्रेणी में आ सके और देश के प्रधानमंत्री का टीबी मुक्त देश का संकल्प साकार होता नजर आ सके।

यादव द्वारा यह भी महत्वपूर्ण बात बताई गई की नवंबर 2025 से अब टीबी के मरीजों को प्रतिमाह 500 के स्थान पर 1000 खाते में दिया जा रहा है जो पूरे इलाज अवधि तक दिया जाएगा। आयोजित कार्यक्रम के दौरान अखिलेश कुमार यादव, इफ्तिखार अहमद, सर्वेश कुमार आदि स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

## फाइनल में एईसी फॉक्सिस को चार विकेट से हराकर डीसीएफ इलेविन बनी चैम्पियन

**मैनपुरी।** मैनपुरी क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में नगर के क्रिश्चियन मैदान पर चल रहे स्व0 सुरेशचन्द्र दीक्षित मैमोरियल सुपर प्रीमियर लीग के फाइनल मैच में एईसी फॉक्सिस को 4 विकेट से हराकर डीसीएफइलेविन चैम्पियन बनी है। पूर्व केबिनेट मंत्री एवं विधायक भोगांव रामनरेश अग्निहोत्री ने खिलाड़ियों को पुरुस्कृत किया। डीसीएफ इलेविन के कप्तान आकिल मंसूरी ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुये एईसी फॉक्सिस ने निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 152 रन बनाये। मानिक बैरी ने 57, रितिक शर्मा ने 26 और मयंक तिवारी ने 25 रन बनाये। डीसीएफके आकिल और आकाश पाल ने 3-3 विकेट लिऐ। जीत के लिए लक्ष्य का पीछा करने उतरी डीसीएफइलेविन ने 19.3 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 153 रन बनाकर मैच जीतकर विजेता कप अपने नाम किया।

# किआ इंडिया ने भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में पेश की नई ईवी 6

**समृद्धि न्यूज**



**नई दिल्ली।** भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में किआ इंडिया ने अपनी नई ईवी6 का अनावरण किया। कंपनी ने घोषणा की है कि इस इलेक्ट्रिक वाहन की बुकिंग आज से शुरू हो गई है। यह वाहन किआ की इलेक्ट्रिक मोबिलिटी यात्रा का एक और महत्वपूर्ण कदम है।

नई किआ ईवी-6 सुरक्षा के नए मानक स्थापित करती है। यह वाहन कंपनी के एडीएएस 2.0 पैकेज से लैस है, जिसमें 27 उन्नत सुरक्षा और ड्राइवर असिस्टेंस फीचर्स शामिल हैं। पिछले मॉडल की तुलना में इसमें 5 नई सुविधाएं जोड़ी गई हैं, जो इसे और भी बेहतर बनाती हैं। नई किआ ईवी6 में ये उन्नत सुरक्षा फीचर्स दिए गए हैं- इनमें फ्रंट कोलिजन अवॉइडेंस असिस्ट शहर, पैदल यात्री, साइकिल चालक और जंक्शन टर्निंग के लिए; फॉरवर्ड कोलिजन अवॉइडेंस-ऱ जंक्शन क्रॉसिंग और लेन चेंज असिस्ट के साथ, लेन फॉलो असिस्ट वाहन को लेन में बनाए रखने के लिए, इवेसिव स्टीयरिंग असिस्ट-ऱ टक्कर से बचने के लिए शामिल हैं। ये सभी फीचर्स कंपनी के प्रमुख मॉडल श्ङ्क9 से प्रेरित हैं और टक्कर सुरक्षा, संरचनात्मक मजबूती, और यात्रियों की सुरक्षा को और बेहतर बनाते हैं। किआ की फ्लैगशिप इलेक्ट्रिक एसयूवी ईवी9 ऑटोमोटिव इंडस्ट्री में तकनीक और नवाचार के नए मानक स्थापित कर रही है। इस वाहन ने (वर्ल्ड कार ऑफ द ईयर) का खिताब जीतने के साथ ही अपनी जगह और मजबूत कर ली है।

# सुधेश मोहन मनोनीत हुए अपराध निरोधक समिति के जिला उपाध्यक्ष

**समृद्धि न्यूज**



**आनन्दनगर, महराजगंज।** उत्तर प्रदेशीय अपराध निरोधक समिति के चेयरमैन कमलेश श्रीवास्तव ने समिति के आजीवन सदस्य सुधेश मोहन श्रीवास्तव को जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया है।

मनोनायन पर आजीवन सदस्य संजय पाण्डेय, कृष्ण कुमार पाण्डेय, विनय श्रीवास्तव, गोपाल वांगला, प्रेम चंद गुप्त, वीरेन्द्र पारावाले, विनोद गुप्ता, सुधीर मिश्रा, रमेश चंद श्रीवास्तव अधिवक्ता ओम प्रकाश पाण्डेय, प्रेम कुमार सिंह, शैलेन्द्र श्रीवास्तव, उदय शंकर चौरसिया व राम नारायण विश्वकर्मा, अन्तर्राष्ट्रीय पत्रकार यशोदा श्रीवास्तव, श्रमजीवी पत्रकार यूनियन उत्तर प्रदेश के तहसील इकाई फरेंदा के अध्यक्ष विशुनदेव त्रिपाठी, प्रदीप आग्रहरी, केशव मिश्र, रविन्द्र श्रीवास्तव, राकेश सहानी, उमाकांत विश्वकर्मा, सुनील पाण्डेय, रवि श्रीवास्तव, देवानंद यादय, राहुल प्रताप सिंह, हरि नारायण यादव, गौतम श्रीवास्तव, राहुल पाण्डेय, रमेश कुमार यादव, डॉ अनिल श्रीवास्तव शुमम् श्रीवास्तव अधिवक्ता अभिषेक अग्रहरि, विश्वामित्र मिश्र, बीएल मौर्य व शिवदयाल गिरि सहित अधिवक्ताओं, पत्रकारों ने बधाई देते हुये कहा है की कमेटी का काम संगठन की मजबूती से गतिशील होंगी।

## ऑपरेशन मुस्कान के तहत किशोर पिता को सौंपा

**कुरावली।** जवाहर नवोदय विद्यालय सलेक्शन टेस्ट देने आया किशोर परीक्षा समाप्ति के बाद परीक्षा केंद्र के बहार इंतजार कर रहे पिता को नही मिला। परेशान पिता ने किशोर के लापता होने की शिकायत थाना मे दी। पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत लापता किशोर को परिजनों के सुपुर्द किया। क्षेत्र के ग्राम धरेंदा निवासी अतुल कुमार अपने 11 बर्षीय पुत्र आर्यन को मलिखान सिंह इंटर कॉलेज मे परीक्षा दिलवाने के लिए लाया था। परीक्षा खत्म होने के बाद कॉलेज के गेट पर इंतजार कर अतुल को पुत्र नही मिला। काफी तलाशने के बाद जब किशोर के बारे मे कोई जानकारी नही मिली तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत टीम तैयार कर लापता किशोर को घिरोर रोड़ स्थित ग्राम बिसुनपुर से किशोर को ढूढ़कर सकुशल परिजनों को सुपुर्द किया। किशोर के मिलने पर परिजनों मे खुशी की लहर दौड़ गई।

# 40 लाभार्थियों को बांटा गया घरौनी प्रमाण पत्र

**समृद्धि न्यूज**

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय ब्लॉक सभागार में शनिवार किया दोपहर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल के माध्यम से बटन दबाकर स्वामित्व योजना का शुभारम्भ किया गया और लाभार्थियों को प्रधानमंत्री के लाईव प्रसारण कार्यक्रम ब्लॉक सभागार में मुख्य अतिथि भाजपा जिला उपाध्याय विपुल सिंह की अध्यक्षता में दीप प्रज्ज्वलित कर प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लाभार्थियों व ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के लाईव प्रसारण को सुना। जिसके बाद नायब तहसीलदार हलिया राजीव यादव ने अपने उद्बोधन में सरकार की योजनाओं को बताते हुए कहा श्रेणी 6 की भूमि पर घर बना कर रहने वाले विकास खंड के चालीस लोगों को प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना के तहत घरौनी प्रमाण पत्र दिया गया।

भाजपा जिलाउपाध्याय विपुल सिंह ने बताया कि यह स्वामित्व



योजना अपने आप में बहुत बड़ी योजना है पांच वर्ष पूर्व शुरू हुई इस योजना का उद्देश्य गांव में रहने वालों को कानूनी अधिकार देने का कार्य सरकार कर रही है। जिस पर जिला सहकारी बैंक से तीन प्रतिशत दर पर लोन लेना आशान हो गया है। अपना दल के नेता शशिकांत पटेल ने कहा कि इस योजना से गांव सशक्त बनेगा। विधायक प्रतिनिधि जनार्दन कोल ने कहा कि गरीब असहाय लोगों को अपने घर का प्रमाण पत्र मिलने से विकास की कडी में जोड़ने का कार्य सरकार ने किया है। अंत में खंड विकास अधिकारी डॉक्टर राजीव कुमार शर्मा ने अतिथियों का आभार ब्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन एडीओ पंचायत रूपेश श्रीवास्तव ने किया। इस मौके पर एडीओ एजी नरेंद्र कानपुरिया, सचिव कौशलेन्द्र राय, चंद्रप्रकाश श्रीवास्तव, जनार्दन दूबे आदि सहित पांच गाँव के लाभार्थी मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर ने किया एनईवी पोर्टफोलियो का विस्तार



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने दो नए मॉडलों के लांच के साथ ऐक्सैसिबल लक्ज़री के नए युग में कदम रखा है। ये नए मॉडल हैं- भारत की पहली ऑल-इलेक्ट्रिक रोडस्टर एमजी साइबरस्टर और भारत की पहली इलेक्ट्रिक थ्री-रो प्रेसिडेंशियल लिमोज़ीन एमजी एम9; इन्हें इस साल लॉन्च किया जाना है। भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में प्रस्तुत किए गए नए लक्जरी ब्रांड चैनल एमजी सिलेक्ट के तहत डेब्यू करते हुए ये नए मॉडल भारत में मोबिलिटी के एक नए युग की शुरुआत करने के कंपनी के विज़न को दर्शाते हैं - जो इंटेलीजेंट, सस्टेनेबल और ग्राहक-केंद्रित है। एमजी साइबरस्टर और एम9 के लिए प्री-रिजर्वेशन आज से शुरू हो रहे हैं और ग्राहक लॉग इन करके इन दोनों कारों को प्री-बुक कर सकते हैं। इन दो नए मॉडलों के साथ, ब्रांड के पास जल्द ही विभिन्न सैगमेंट्स में पांच अलग-अलग मॉडलों के साथ सबसे बड़ा इलेक्ट्रिक वाहन पोर्टफोलियो होगा, जिसमें एमजी विंडसर भी शामिल रहेगी जो अपने लॉन्च के बाद से सबसे ज्यादा बिकने वाली इलेक्ट्रिक कार है, इसके अलावा शामिल होंगे- एमजी कॉमेट और एमजी ज़ेडएस। जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया के निदेशक, पार्थ जिंदल ने कहा, जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया विरासत और आधुनिकता को एकजुट करने वाले दो शानदार विशुद्ध इलेक्ट्रिक वाहनों का अनावरण करके देश में ऐक्सैसिबल लक्ज़री के कॉन्सेप्ट को नए सिरे से परिभाषित कर रही है।

### नवोदय प्रवेश परीक्षा में 99 छात्र रहे अनुपस्थित

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के पंवारी कला गांव स्थित शिव प्रताप सिंह इंटर कॉलेज में शनिवार को कडी सुरक्षा व्यवस्था में नवोदय विद्यालय में कक्षा छह में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा आयोजित किया गया जिसमें कुल 319 छात्र छात्राओं के सापेक्ष 220 छात्र छात्राये परीक्षा में सम्मिलित हुए व 99 छात्र छात्राये अनुपस्थित रहे परीक्षा में विद्यालय के कर्मचारी निगरानी करते रहे। उपनिरीक्षक उदय शंकर सिंह मय हमराह कांस्टेबल व महिला कांस्टेबल पूजा चौहान डटे रहे। इस संबंध प्रधानाचार्य अरविंद कुमार ने बताया कि नवोदय प्रवेश परीक्षा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में सम्पन्न हुआ है। कुल 319 छात्र छात्राओं के सापेक्ष में 220 छात्र छात्राओं ने परीक्षा दिया और 99 छात्र छात्राएं परीक्षा में अनुपस्थित रहे।

### हत्या में दोषी को आजीवन कारावास

**मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश संतोष कुमार गौतम की कोर्ट नेहत्या व हत्या के प्रयास में दोषी कोआजीवन कारावास की सजा सुनाई है। उन्होंने दोषी पर एक लाख रुपये जुर्माना भी ठोका है। अभियोजन की तरफ से मुकदमा की पैरवी सहायक शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) श्रीधर पाल नेकी। अभियोजन के मुताबिक शहर कोतवाली के धुनियानी टोला निवासी सौरभ कुमार ने 13 जनवरी 2019 को तहरीर दी कि बड़े भाई सुनील पान की दुकान में बैठा था। सड़क के किनारे लोहंदी कलां निवासी त्रिलोकी फूल-माला की टोकरी लगाकर बैठे थे। उसी दौरान छोटी गुदगुरी निवासी संजय सिंह व उसका भाई बच्चा सिंह हाथ में असलहा लिए हुए त्रिलोकी से मुकदमें के विवाद के कारण सुनील व त्रिलोकी को जान सेमारनेकी नियत सेगोली मार दिए। जिससे त्रिलोकी की मौत हो गई। जबकि सुनील जख्मी हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर अभियुक्तों को जेल भेज दिया। केस की सुनवाई करते हुए न्यायालय ने टॉप-10 अपराधी छोटी गुदगुरी निवासी बच्चा सिंह उर्फ शोभा को आजीवन सश्रम कारावास व एक लाख रुपए के जुर्मानेसे दंडित किया है।

### मासूम बच्ची का शव नदी किनारेमिला

**मड़िहान (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के लौरिया गांव मेंतीन दिन सेगायब मासूम बच्ची का शव नदी के अंदर झाड़ी में फंसा मिला। पुलिसनेशव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गांव निवासी भगवान दास का घर नदी किनारेहै। बताया कि पुत्री वनसत्ती बुधवार को घरके सामनेखेल रही थी। उसी समय अचानक गायब हो गई। तीसरेदिन घर के पास स्थित नदी सेशव बरामद हुआ। परिजनों कीसूचना पर पहुंची पुलिस नेशव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### 30 करोड़ की मूर्ति के साथ चार चोर गिरफ्तार

**मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज।** जिले की पड़री थाना क्षेत्र के श्री राम जानकी मंदिर से चोरी अष्टधातु की तीन मूर्तियों को पुलिस एसओजी टीम ने बरामद कर लिया है। मामले में आश्रम के ही बंसी बाबा समेत चार लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामले का खुलासा एसपी ऑपरेशन ओपी सिंह ने पुलिस लाइन स्थित सभागार में पत्रकार वार्ता के दौरान किया।

### ऑटो पार्ट्स की दुकान में लगी आग, लाखों का नुकसान

**भोगांव, समृद्धि न्यूज।** बताते है कि कस्बा आलीपुर खेड़ा में डीएवी इण्टर कॉलेज के गेट पर फईम पुत्र गुलशेर अली की मोटरसाइकिल के ऑटो पार्ट्स की दुकान है। शुक्रवार की रात्रि 9 बजे अज्ञात कारणों से आग लग गई जिससे दुकान में रखी बैटरियां, सिलेंडर किट, चैन सेट, टाइमिंग चौनें, फाइवर का सामान, सीटें, कबर व मोटरसाइकिल के कल पुर्जे जलकर राख हो गये।

# घरौनियों से ग्रामीणों का बढ़ेगा आत्मविश्वास

**समृद्धि न्यूज**



**मैनपुरी ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा ग्रामीण आवासीय अभिलेख घरौनियों के वर्चुअल मोड पर वितरण के उपरांत संबोधन एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के संबोधन के सजीव प्रसारण के उपरांत उ.प्र. के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह, पूर्व मंत्री, विधायक भोगांव रामनरेश अग्निहोत्री, जिलाध्यक्ष राहुल चतुर्वेदी, पैक्स फेड के अध्यक्ष प्रेम सिंह शाक्य, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष आलोक गुप्ता, अनुजेश यादव, जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद शाहा, मुख्य विकास अधिकारी नेहा बंधु ने ग्रामीणों को घरौनियां प्रदान कीं।

कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री ने स्वामित्व योजना में सबसे बेहतर कार्य करने पर उप जिलाधिकारी भोगांव एवं उनकी पूरी राजस्व टीम को बधाई देते हुए कहा कि ग्रामीणों के पास अपने आवासीय भूखंड का कानूनी अधिकार मिलने के फ्लस्वरुप राजस्व संबंधी तमाम विवादों से निजात मिलेगी, भूमि का स्वामित्व न होने के फ्लस्वरूप होने वाले वाद-विवादों से भी छुटकारा मिलेगा वहीं दूसरी ओर घरौनियां होने पर बैंकों की योजनाओं का लाभ भी मिलेगा, जिससे ग्रामीणों की आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। उन्होंने कहा कि इस महत्वाकांक्षी योजनाओं की शुरुआत देश के यशस्वी प्रधानमंत्री ने 05 वर्ष पूर्व की थी, आज धरातल पर सरकार हो रही है, जनपद के प्रत्येक राजस्व गांव के निवासियों को तहसीलों पर कैंप आयोजित कराकर घरौनियां उपलब्ध कराई जाएगी।जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने सभी आगतुंको का आभार व्यक्त करते हुये बताया कि अब तक जनपद में कुल 782 राजस्व ग्रामों में ड्रोन सर्वे का कार्य हुआ, सर्वे ऑफ इंडिया द्वारा कुल 578 राजस्व ग्रामों के प्रपत्र जारी किये है, जिसमें तहसील मैनपुरी के 54, तहसील भोगांव के 186, तहसील करहल के 121, तहसील किशनी के 85, तहसील घिरोर के 42 तथा तहसील कुरावली के 90 राजस्व ग्राम सम्मिलित है, जनपद में कुल 01 लाख 05 हजार 807 घरौनी, स्वामित्व कार्ड तैयार किये जा चुके है, जिसमें तहसील मैनपुरी में 11 हजार 876, तहसील भोगांव में 33 हजार 378, तहसील करहल में 20 हजार 508, तहसील किशनी में 17 हजार 778, तहसील घिरोर में 08 हजार 689 तथा तहसील कुरावली में 13 हजार 578 स्वामित्व कार्ड बनाये जा चुके है, जनपद में 01 लाख 05 हजार 807 स्वामित्व कार्ड घरौनी का वितरण किया जा चुका है।इस दौरान जिलाध्यक्ष राहुल चतुर्वेदी, पैक्सफेड के अध्यक्ष प्रेम सिंह शाक्य, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष आलोक गुप्ता, अनुजेश प्रताप यादव, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि विशाल वाल्मिकी, भल्लू चौहान, पूर्व जिलाध्यक्ष अरविंद तोमर, अनुराग पांडेय, प्रदीप सिंह चौहान राज, करन पाल सिंह चौहान, बबलू पांडेय, प्रदीप तिवारी, अनूप मिश्रा, विशंभर तिवारी, राहुल भारती के अलावा पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद शाहा, मुख्य विकास अधिकारी नेहा बंधु, अपर जिलाधिकारी राम जी मिश्र, उप जिलाधिकारी सदर, भोगांव, करहल, किशनी, कुरावली, घिरोर अभिषेक कुमार, संध्या शर्मा, नीरज द्विवेदी, गोपाल शर्मा, प्रसून कश्यप, राम नारायण, क्षेत्राधिकारी नगर संतोष कुमार, ई-डिस्टिक मैनेजर सौरभ पांडेय, एल.आर.सी. विनय प्रताप यादव सहित अन्य संबंधित अधिकारी, पार्टी पदाधिकारी, बड़ी संख्या में घरौनी प्राप्त कर रहे लाभार्थी आदि उपस्थित रहे, कार्यक्रम का संचालन वेद प्रकाश श्रीवास्तव ने किया।

### समाधान दिवस 20 कल

**मैनपुरी ।** जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने बताया कि सचिव उ. प्र. शासन राजस्व अनुभाग के पत्र के क्रम में दिनांक 18 जनवरी को आयोजित होने वाला संपूर्ण समाधान दिवस वर्चुअल माध्यम से घरौनी वितरण के फ्लस्वरुप स्थगित कर दिया गया था, अब संपूर्ण समाधान दिवस जनपद की समस्त तहसीलों में दिनांक 20 जनवरी दिन सोमवार को आयोजित होगा, तद्क्रम में जिलाधिकारी तहसील कुरावली में एवं मुख्य विकास अधिकारी तहसील भोगांव में, अपर जिलाधिकारी तहसील करहल में उपस्थित रहकर जन-समस्याएं सुनेंगे। उन्होंने जिला स्तरीय अधिकारियों से कहा है कि वह निर्धारित समय पर तहसील कुरावली में आयोजित होने वाले संपूर्ण समाधान दिवस में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

# पीडीए की बैठकों को लेकर मंथन शुरू संगठन को मजबूत बनाने पर चर्चा



**एजेंसी**

**किशनी।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव के निर्देश के बाद पीडीए की बैठकों के लिए सपाईयों ने बैठकों का क्रम शुरू कर दिया है।

शनिवार को किशनी से सपा विधायक ने नगर में चेयरमैन आवास पर सेक्टर प्रभारियों के साथ बैठक कर कार्यकर्ताओं को दिशा निर्देश देकर बताया कि विधानसभा चुनाव से पूर्व पार्टी के कार्यकर्ता बूथ पर कार्य करे और मतदाता सूची पर पैनी नजर रखें, बैठक में संगठन को मजबूत बनाने के लिए चर्चा भी की गई, स्थानीय समस्याओं के निराकरण को लेकर संघर्ष करने का संकल्प लिया गया। बैठक में पहुंचे किशनी से पार्टी के विधायक ब्रजेश कठेरिया ने संगठन की मजबूती पर चर्चा करते हुए कहा कि संगठन के पदाधिकारी अपनी जिम्मेदारी को निर्वाह करते हुए गांव गांव लोगों के बीच जाकर सपा की नीतियों की चर्चा करे। क्षेत्रीय लोगों की समस्याओं को लेकर अधिकारियों से संपर्क कर उनके निराकरण का प्रयास करे। मौजूदा सरकार में अधिकारी सपा कार्यकर्ताओं के साथ भेदभाव कर रहे है। जानबूझकर सपाइयों का उत्पीड़न भी किया जा रहा है,अगर किसी कार्यकर्ता का उत्पीड़न किया गया तो संगठन सड़को पर उतरने के लिए मजबूर होगा। पार्टी के कार्यकर्ता एकजुट होकर पार्टी की नीतियों का प्रचार प्रसार करने के लिए गांव गांव जाकर लोगों से संवाद करे। बैठक में वरिष्ठ सपा नेता नरेंद्र यादव मेंबर, विधानसभा अध्यक्ष श्यामकरन शाक्य, विधाराम मुनीम, जगदीश यादव, डैनी यादव, मातादीन यादव, मुकुल यादव, लालू यादव, रामनरेश बाथम, मनोज बाल्मीकि, संजीव सविता, श्रीचंद्र दिवाकर, मिलाप यादव, रिंकू यादव, संजीव यादव, राहुल यादव, रामबाबू सविता, सभासद मुकेश यादव आदि मौजूद रहे।